राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 जसप्रीत बुमराह ने रचा इतिहास....



जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने के लिए हुए सख्त फारूक अब्दुल्ला.. 12


वर्ष : 16 | अंक : 49 | नई दिल्ली, सोमवार, 23 जून, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# अमेरिका का ईरान पर बड़ा हमला, तीन परमाणु स्थलों को किया तबाह

प्रातः किरण/एजेंसी

वाशिगंटन। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमला करते हुए उन्हें पूरी तरह तबाह कर दिया है। इस बीच इन हमलों से पूरी तरह बौखलाए ईरान ने कहा है कि उसे भी अपनी संप्रभुता की रक्षा करने का पूरा अधिकार है और वह इनका पूरी ताकत से जवाब देगा। श्री ट्रंप ने इन हमलों के बाद शनिवार को सोशल मीडिया मंच पर कहा कि अमेरिकी सेना ने फोर्डो, नतांज और इस्फाहान में ईरान की परमाणु सुविधाओं पर बहुत सफल हमले किए है और अब हमारे विमान ईरानी हवाई क्षेत्र से सुरक्षित रूप से बाहर निकल चुके हैं। इस बीच ईरान परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद इस्लाम ने इन हमलों के बाद स्वीकार किया है कि ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों को निशाना बनाया गया है। उन्होंने अपनी तीखी प्रतिक्रिया में कहा कि ये हमले अंतराराष्ट्रीय संप्रभुता और नियमों का उल्लंघन है और उनका देश अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ अपने संबंध समाप्त करता है क्योंकि यह यह एजेंसी भी







अमेरिका और इजरायल का साथ दे रही है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी हमले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, ईरान को अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों के खिलाफ कार्रवाई करने और मुंह तोड़ जवाब देने का पूरा वैध अधिकार है। अपनी संप्रभुता, हितों और नागरिकी की रक्षा के लिए हमारे सभी विकल्प खुले हैं। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि उसने संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और परमाणु अप्रसार संधि का खुला उल्लंघन किया है। उन्होंने आगे कहा कि आज सुबह जो कुछ हुआ, वह न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि इसके दूरगामी और खतरनाक परिणाम होंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रत्येक सदस्य देश को इनका विरोध करना चाहिए। इन हमलों के बाद ईरान ने अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्ली अली खामेनेई की सुरक्षा कड़ी कर दी है और इस तरह की रिपोर्टें है कि वह इस समय किसी अज्ञात बंकर में हैं और उनकी सभी इलेक्ट्रॉनिक संचार सेवा लाइनों को बंद कर दिया गया है। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि उनका पता नहीं लगाया जा सके और किसी संभावित हमले से बचाया जा सके। उधर सऊदी अरब की परमाणु और रेडियोलॉजिकल नियामक आयोग ने कहा है कि अमेरिका की ओर से ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में कोई रेडियोएक्टिव असर नहीं पाया गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इन हमलों से यहां और अरब खाड़ी देशों के पर्यावरण पर कोई रेडियोधर्मी प्रभाव नहीं पड़ा है।

## ट्रंप की चेतावनी –या तो शांति होगी या त्रासदी

वाशिंटगन। ईरान के तीन प्रमुख न्यूक्लियर साइट्स फोर्डो, नतांज और एस्फाहान पर अमेरिकी हमले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश को संबोधित किया। ट्रंप ने बताया कि अमेरिका का मकसद ईरान की न्यूक्लियर एनरिचमेंट कैपेसिटी को तबाह करना था। यूएस चाहता था कि ईरान के परमाणु खतरे को हमेशा के लिए खत्म किया जाए। ईरान पर एयर स्ट्राइक के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि बीते 40 साल से ईरान, अमेरिका के खिलाफ काम कर रहा है। कई अमेरिकी इस नफरत का शिकार हुए हैं इसलिए उन्होंने तय किया है कि अब यह और नहीं चलेगा। ट्रंप ने कहा, या तो शांति होगी या त्रासदी। अभी कई टारगेट बचे हैं। अगर शांति जल्दी नहीं आती है, तो हम और अधिक सटीक हमलों के साथ अन्य लक्ष्यों पर हमला करेंगे। इसके साथ ही ट्रंप ने बताया कि जो टारगेट चुने गए थे, वह सबसे कठिन थे। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान ने इजरायल के साथ अपना संघर्ष खत्म नहीं किया, तो वह अधिक सटीक हमले करेगा। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि ईरान को अब इस युद्ध को समाप्त करने के लिए सहमत होना चाहिए। ट्रंप का कहना है कि अब ईरान को शांति कायम करना चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे।

### ट्रंप के नेतृत्व ने इतिहास रच दियाः नेतन्याहू

यरूशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के परमाणु केन्द्रों पर हमला करने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साहसिक निर्णय की रविवार को सराहना की और कहा कि इसने शक्ति के जरिए शांति को दशार्या है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केन्द्रों फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर हमला किया जिसका उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाना है। नेतन्याहू ने कहा, ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने का आपका (ट्रंप का) साहसिक निर्णय इतिहास बदल देगा। इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा, ऑपरेशन राइजिंग लॉयन में इजराइल ने वाकई कमाल कर दिखाया। लेकिन आज रात ईरान के परमाणु केन्द्रों पर अमेरिका ने कार्रवाई करके शानदार काम किया। उसने वह कर दिखाया है जो दुनिया का कोई भी दूसरा देश नहीं कर सकता।

### ईरान ने अमेरिकी हमले को बताया क्रूर

तेहरान। ईरान ने अपने न्यूक्लियर फैसिलिटी पर अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा की है। ईरान ने इसे क्रूर सैन्य आक्रमण करार देते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन बताया है। तीन न्यूक्लियर साइट्स फोर्डो, नतांज और इस्फाहान पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद, ईरान ने संयुक्त राष्ट्र और इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी से तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है। अपने आधिकारिक बयान में ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान का विदेश मंत्रालय ईरान के शांतिपूर्ण न्यूक्लियर फैसिलिटी के खिलाफ क्रूर अमेरिकी सैन्य आक्रमण की कड़े शब्दों में निंदा करता है। यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के नियमों के सबसे बुनियादी सिद्धांतों का घोर उल्लंघन है। यह मंत्रालय इस गंभीर अपराध के अत्यंत खतरनाक प्रभावों और परिणामों के लिए कानून तोड़ने वाली अमेरिकी सरकार को जिम्मेदार ठहराता है। ईरान ने आगे दावा किया है कि यह हमला यहूदी शासन की आपराधिक मिलीभगत और सहयोग से किया गया। ईरान ने इजरायल पर व्यापक तनाव बढ़ाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। ईरानी सरकार ने कहा कि यह हमले न सिर्फ संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2, पैराग्राफ 4 का उल्लंघन थे, बल्कि सिक्योरिटी काउंसिल के प्रस्ताव 2231 का भी उल्लंघन थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से टेलीफोन पर बातचीत की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान इजरायल संघर्ष में अमेरिका के हमले के बाद रविवार की दोपहर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से टेलीफोन पर बात की और संघर्ष के बढ़ने पर चिंता जताने के साथ ही सभी पक्षों से संवाद एवं कूटनीति से समाधान खोजे जाने पर बल दिया। श्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से बात की। हमने वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की। हाल की वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा, क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता को शीघ्र बहाल करने के लिए तत्काल तनाव कम करने, संवाद एवं कूटनीति के हमारे आह्वान को दोहराया।

### ईरान से 311 भारतीय नागरिकों को लेकर नई दिल्ली पहुंची उड़ान

नई दिल्ली। इजरायल के साथ संघर्ष में उलझे ईरान में फंसे लोगों को निकालने के लिए शुरू ऑपरेशन सिंधु के तहत रविवार को 311 भारतीय नागरिकों को लेकर एक और विशेष उड़ान यहां पहुंची। वहीं, आज रात में एक और उड़ान के पहुंचने की उम्मीद है। मौजूदा उड़ान के साथ अब तक 1,428 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला जा चुका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्लऑपरेशन सिंधु जारी है। 22 जून को 16.30 बजे 311 भारतीय नागरिकों को लेकर मशहद से एक विशेष उड़ान नई दिल्ली पहुंची। अब तक 1428 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला जा चुका है। इससे पहले शनिवार की रात को ईरान के मशहद से 290 भारतीय नागरिकों को लेकर एक उड़ान यहां पहुंची थी। वहीं, आज रात 11.30 बजे एक और उड़ान आने की उम्मीद है। भारत ने ईरान और इजरायल के बीच चल रही लड़ाई के बीच अपने नागरिकों को वहां से निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है।

### पुलिस नक्सली मुठभेड़, सात माओवादियों के शव बरामद

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में जून 2025 के पहले पखवाड़े के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए सघन माओवादी विरोधी अभियानों की श्रृंखला में माओवादी कैडरों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ों के बाद सात माओवादियों के शव बरामद किए गए।

बरामद शवों में दो शीर्ष माओवादी नेताओं गौतम उर्फ सुधाकर, भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति का सदस्य एवं भास्कर राव, भाकपा ( माओवादी ) स्टेट कमिटी सदस्य शामिल हैं।

## भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूती

# रूस में निर्मित युद्धपोत तमाल भारतीय नौसेना में होगा शामिल

प्रातः किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। रूस के कालिनिनग्राद में नवीनतम स्टिल्थ मल्टी-रोल फ्रिगेट तमाल भारतीय नौसेना में शामिल होगा। तमाल यानी भारतीय नौसेना का नया युद्धपोत 1 जुलाई को नौसेना में कमीशन किया जाएगा। भारतीय नौसेना इसके लिए पूरी तरह से तैयार है। तमाल भारत द्वारा रूस से प्राप्त की गई क्रिवाक क्लास फ्रिगेट्स की श्रृंखला का आठवां और तुशील क्लास का दूसरा युद्धपोत है। तुशील क्लास, पूर्ववर्ती तलवार और टेग क्लास (प्रत्येक में तीन-तीन जहाज) का उन्नत संस्करण है। इस परियोजना के तहत भारत में भी गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में रूसी तकनीक और डिजाइन सहयोग से त्रिपुट क्लास के दो फ्रिगेट्स का निर्माण किया जा रहा है। इस पूरी श्रृंखला के पूरा होने के बाद भारतीय नौसेना के पास समान क्षमताओं वाले 10 युद्धपोत होंगे। नौसेना के मुताबिक, युद्धपोत तमाल का निर्माण रूस के यंतर शिपयार्ड, कालिनिनग्राद में किया गया है। यह विदेश से प्राप्त होने वाला अंतिम युद्धपोत होगा, जो सरकार की आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल के अनुरूप है।

इस युद्धपोत में 26 स्वदेशी उपकरण लगाए गए हैं, जिनमें समुद्र और जमीन पर लक्ष्य भेदने में सक्षम ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल भी शामिल हैं। तमाल की क्षमताओं की बात करें तो इसमें वर्टिकल लॉन्च सतह से वायु में मार करने वाली मिसाइलें हैं। यह उन्नत 100 मिमी गन, अत्याधुनिक सिस्टम, हेवीवेट टॉरपीडो व त्वरित हमला करने वाले एंटी-सबमरीन रॉकेट से लैस है।इसके अलावा, यह अत्याधुनिक युद्धपोत नेटवर्क सेंट्रिक वॉरफेयर क्षमता और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली युक्त है।

यह 30 नॉट्स से अधिक की गति और लंबी समुद्री दूरी तक संचालन कर सकता है। नौसेना के मुताबिक, तमाल नाम देवताओं के राजा इंद्र की युद्ध में इस्तेमाल होने वाली मायथिकल तलवार से प्रेरित है।

## दिल्ली में लगातार हो रही बारिश

# बालासोर में सुवर्णरेखा नदी में आई बाढ़

- मध्यप्रदेश-गुजरात समेत देश के 19 राज्यों में ऑरेंज अलर्ट जारी

प्रातः किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। मौसम विभाग ने रविवार को मध्यप्रदेश, यूवी समेत देश के 19 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, बिहार, बंगाल, झारखंड, कर्नाटक, केरल, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर में यलो अलर्ट जारी किया है। दिल्ली में शनिवार शाम से जोरदार बारिश हो रही है। ओडिशा के बालासोर जिले में सुवर्णरेखा नदी में अचानक आई बाढ़ से 50 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हो गए हैं। नदी का जलस्तर 10.36 मीटर के खतरे के निशान को पार कर गया है।

मध्य प्रदेश के चित्रकूट में शुक्रवार रात से हो रही बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं, गुप्त गोदावरी पहाड़ी पर पानी का बहाव तेज होने से श्रद्धालुओं को वहां जाने से रोक दिया गया है। गुना में फतेहगढ़ की कोहन नदी में ट्रैक्टर-ट्रॉली बह गई, इसमें तीन युवकों की मौत हो गई। राजस्थान के जोधपुर में बरसात के कारण पुलिया पर पानी के बीच कार निकाल रहे एक शख्स की कार नाले में गिर गई। पानी में डूबने से कारोबारी और उनके समधी-समधन की मौत हो गई।

सोमवार 23 जून को हिमाचल, उत्तराखंड, यूपी, पूर्वी राजस्थान, गुजरात, सौराष्ट्र-कच्छ, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण गोवा, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं अकेले मध्य प्रदेश में रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, बिहार, सिक्किम, बंगाल, कर्नाटक और केरल में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

24 जून को गुजरात, सौराष्ट्र-कच्छ, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण गोवा, बिहार, छत्तीसगढ़, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। सिक्किम, बंगाल, पूर्वी राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, यूपी, ओडिशा, झारखंड, दिल्ली, चंडीगढ़, विदर्भ, बंगाल, कर्नाटक, केरल में भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

## सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र पहुंचे कश्मीर सुरक्षा संबंधी तैयारियों का लिया जायजा

एजेंसी

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कश्मीर क्षेत्र का दौरे के दौरान सुरक्षा ग्रिड की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने आगामी अमरनाथ यात्रा 2025 के लिए की जा रही सुरक्षा संबंधी तैयारियों का भी जायजा लिया। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने सेना प्रमुख को वर्तमान स्थिति और व्यापक रणनीतिक परिदृश्य से अवगत कराया। उन्हें अमरनाथ यात्रा 2025 के लिए की जा रही सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी। इस दौरान सेना प्रमुख के समक्ष उन्नत तकनीकों के एकीकरण पर भी एक प्रस्तुति दी गई।

इसका उद्देश्य निर्णय क्षमता, निगरानी और प्रतिक्रिया प्रणाली में और दक्षता लाना है।जनरल द्विवेदी ने जम्मू कश्मीर में तैनात चिनार कॉर्प्स के सभी रैंकों की सराहना करते हुए कहा कि आतंकवाद विरोधी अभियानों के जरिए शांति और स्थिरता बनाए रखने में चिनार कॉर्प्स का योगदान बहुत सराहनीय रहा है।

## मोरारी बापू से मिले बाबा रामदेव और बोले– बापू महापुरुष, उनकी आलोचना उचित नहीं

प्रातः किरण/एजेंसी



वाराणसी। प्रसिद्ध कथा वाचक मोरारी बापू की नौ दिवसीय रामकथा का रविवार को काशी में समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन बापू ने यह कहते हुए एक बार फिर सभी महापुरुषों से क्षमा मांगी कि उन्हें लग रहा है मानो कथा अभी अधूरी है। बापू इसी के साथ वचन दिया कि अगली बार वे काशी कबीर मानस लेकर आएंगे। इस अवसर पर योगगुरु बाबा रामदेव विशेष रूप से बापू से मिलने पहुंचे थे। बाबा रामदेव ने यहां कहा कि बापू की आलोचना न तो उचित है और न ही आवश्यक। बापू तो राष्ट्र और संस्कृति की धरोहर हैं। वे बचपन से रामकथा कहते आ रहे हैं। उनके जीवन का उद्देश्य केवल राम की महिमा का गुणगान है। इसी के साथ रामदेव ने बापू को महापुरुष की संज्ञा भी दी।


इस अवसर पर मोरारी बापू ने कहा, योग जरूरी है, लेकिन परमात्मा और परस्पर प्रेम उससे भी अधिक जरूरी है। अगर प्रेम नहीं है, तो योग, ज्ञान, कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं रह जाता। उन्होंने सिंदूर की आध्यात्मिक व्याख्या करते हुए कहा, शिव-पार्वती का सिंदूरदान आधि-दैविक है, जबकि राम द्वारा जानकी की मांग भरना आध्यात्मिक है। अगर कोई बुद्ध पुरुष हमें अपनाता है, तो वही हमारे जीवन का सिंदूर है। बापू ने इस बात पर भी बल दिया कि हिंदू सनातन धर्म सर्वश्रेष्ठ है, क्योंकि यह सभी को स्वीकार करता है, सभी का सम्मान करता है।बाबा रामदेव इस अवसर पर भावुक हो गए और कहा, कि हमें नहीं पता था कि काशी आना है, लेकिन बापू और शिव की कृपा से आ गए।

हम सोच रहे थे कि क्या कहें? पर बाप के सामने बेटा क्या बोलेगा।

## बिहार निर्वाचन आयोग का बड़ा कदम, घर-घर जाकर मतदाता सूची की जांच पर विचार

# वैध और पात्र नागरिकों को ही मतदाता सूची में शामिल करना प्राथमिकता : आयोग

प्रातः किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर चुनाव आयोग मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान घर-घर जाकर व्यापक सत्यापन अभियान चलाने पर विचार कर रहा है। यह कदम मतदाता सूचियों की स्पष्टता सुनिश्चित करने और फर्जी या अपात्र नामों को हटाने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है। चुनाव आयोग को लंबे समय से विभिन्न नागरिक संगठनों, राजनीतिक दलों और एजेंसियों की ओर से मतदाता सूची में नामों के अनुचित जोड़-घटाव को लेकर चिंता जताई जाती रही है। आयोग ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि केवल वैध और पात्र नागरिकों को ही मतदाता सूची में शामिल करना उसकी प्राथमिकता है। भारत के संविधान का अनुच्छेद 326 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 16 इस संबंध में मतदाता पंजीकरण की पात्रता और अपात्रता को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, मतदाता सूची के निरंतर अद्यतन की आवश्यकता कई कारणों से होती है। विवाह, नौकरी, शिक्षा या पारिवारिक कारणों से लोग लगातार एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होते हैं। वर्ष 2024 में ही 46.26 लाख लोगों ने अपने पते में बदलाव किया, 2.32 करोड़ ने सुधार के लिए आवेदन दिया और 33.16 लाख ने पहचान पत्र बदलने का अनुरोध किया। मृतकों के नाम अक्सर परिवारजन द्वारा हटवाए नहीं जाते, जिससे सूची में त्रुटियां बनी रहती हैं। वहीं, 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं का नाम जोड़ना और नाम, फोटो, पता आदि में सुधार करना भी शामिल है। निर्वाचन आयोग ने हाल ही में प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की सीमा 1,500 से घटाकर 1,200 कर दी है। साथ ही प्रयास है कि कोई भी मतदाता 2 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय न करे। विदेशी अवैध प्रवासियों की पहचान और नामों की छंटनी करना भी एक बड़ा टास्क होता है। चुनाव आयोग ने बताया कि पूरी प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दलों को दावे, आपत्तियां और अपील दाखिल करने का पूरा अवसर दिया जाता है। फिर भी कुछ दल और समूह आरोप लगाते हैं कि मतदाता सूची में जानबूझकर हेराफेरी की जाती है। ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग एक बार फिर वर्ष 2004 के बाद घर-घर जाकर की जाने वाली गहन जांच प्रक्रिया को अपनाने की योजना बना रहा है। इस बार यह कवायद बिहार विधानसभा चुनाव से पहले की जाएगी, जिससे मतदाता सूची को एकदम स्पष्ट और सटीक बनाया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### आरतोला पार्किंग निर्माण कार्य की जांच के आदेश

**जागेश्वर, एजेंसी।** आरतोला में पार्किंग के नीचे दीवार क्षतिग्रस्त, पिलर कमजोर हैं और ऊपर वाहनों का दबाव है जिससे खतरा है। इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शिकायत मिलने पर केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा ने डीएम को जांच के आदेश दिए हैं। आरतोला में स्वदेश दर्शन योजना के तहत जिला पर्यटन विकास परिषद की ओर से लगभग साढ़े तीन साल पहले पार्किंग बनाई गई। इस बार पार्किंग को ठेके पर दिया है और वर्तमान में जागेश्वर दर्शन को आ रहे श्रद्धालुओं और पर्यटकों के वाहन इसी पार्किंग में खड़े करवाए जा रहे हैं। इसकी दुर्दशा पर किसी का ध्यान नहीं है। बरसात में खतरे का अंदेशा ज्यादा है। स्थिति यह है कि पार्किंग के नीचे की दीवार पिछली बरसात में क्षतिग्रस्त हो गई और निर्माण में लापरवाही के चलते पिलर कमजोर हैं। एक पिलर तो कामचलाऊ है। निर्माण के बाद कम समय में ही दीवार ढहने से पार्किंग के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। इस कमजोर पार्किंग के ऊपर कई वाहन खड़े रहते हैं। इधर, आरतोला पार्किंग के ठेकेदार चंद्रभुवन भाकुनी ने कहा कि पार्किंग की हालत बेहद खराब है। इसे अविलंब ठीक कराने की जरूरत है। यह मामला अब केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा एवं डीएम के संज्ञान में आ चुका है। भाजपा के जागेश्वर मंडल अध्यक्ष हरीश प्रसाद और अन्य कार्यकर्ताओं ने पार्किंग निर्माण में हुई लापरवाही, पार्किंग की कमजोर स्थिति के बारे में केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा से वार्ता की। मंत्री ने डीएम आलोक कुमार पांडेय से बात कर उन्हें प्रकरण की जांच कराने के निर्देश दिए।

### उप कोषागार में राज्य आंदोलनकारियों का सत्यापन शुरू

**खटीमा, एजेंसी।** उप कोषागार में राज्य आंदोलनकारियों का सत्यापन शुरू हो गया है। पिछले तीन दिनों में 100 से अधिक राज्य आंदोलनकारियों का सत्यापन हो चुका है। उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन के प्रदेश महासचिव आलोक गोयल ने बताया कि मुख्य कोषाधिकारी से पेंशन से संबंधित सत्यापन कार्य को उपकोषाधिकारी खटीमा के माध्यम से करने की मांग की थी, जिसके क्रम में पेंशन के सत्यापन का कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि 14 राज्य आंदोलनकारियों की सूची अभी नहीं पहुंची है जिसको लेकर जिला कोषाधिकारी से वार्ता की गई है।

### मजार की मिट्टी का अब तक नहीं हुआ निस्तारण

**रुद्रपुर, एजेंसी।** हाईकोर्ट के आदेश पर इंदिरा चौक में मजार को खोदकर निकाली गई मिट्टी का निस्तारण नहीं हो सका है। मिट्टी से भरे नीले ड्रम को ट्रेजरी में रखे दो महीने होने जा रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से पत्र भेजने के बाद भी वक्फ बोर्ड ने दिलचस्पी नहीं ली है। अब प्रशासन की ओर दोबारा पत्र भेजा गया है। 22 अप्रैल की तड़के इंदिरा चौक पर भारी फोर्स के साथ पुलिस प्रशासन ने बुलडोजर से मजार को ध्वस्त कर दिया था। टीम ने मलबे को हाथों हाथ हटाकर उसमें डामर बिछाकर यातायात शुरू करा दिया। इसके बाद हाईकोर्ट के आदेश पर मजार हटाने वाली जगह पर यातायात रोककर बेरिकेडिंग की गई। 25 अप्रैल की सुबह हाईकोर्ट के आदेश पर ने मजार प्रबंधन पक्ष से शादाब मियां मौजूदगी में जेसीबी की मदद से मजार स्थल पर खोदाई की गई। करीब दस फुट खोदाई के बाद गड्ढे स निकाली मिट्टी को नीले ड्रम में ट्रेजरी में रखवा दिया गया।

### फर्जी दस्तावेज पर जेसीबी खरीदने वाला दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**केलाखेड़ा, एजेंसी।** थाना पुलिस ने मृतक के नाम पर फाइनेंस कराकर खरीदी गई जेसीबी मामले में नामजद दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। केलाखेड़ा निवासी आसिफ ने बीती 23 मई को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मोहल्ला रत्ना मड़ैया निवासी रिजवान अल्वी, उस्मान अल्वी, तौफीक अहमद, नफीस, मोहम्मद अलीम सहित पांच लोगों के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों का प्रयोग कर जेसीबी खरीदने के लिए फाइनेंस कंपनी से 29 लाख का इंश्योरेंस प्राप्त करने और मृतक के बैंक खाते का प्रयोग करने को लेकर धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था। सीओ विभव सैनी ने बताया कि पुलिस फर्जी दस्तावेजों पर जेसीबी मशीन खरीदने के मामले में मुख्य नामजद आरोपी रिजवान अल्वी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# जहां मौसम का ज्यादा खतरा, वहां पहले चरण में होगा पंचायत चुनाव

**देहरादून, एजेंसी।**
12 जिलों के 49 विकासखंड ऐसे चिह्नित किए गए हैं, जहां हर साल मानसून सीजन में खूब बारिश होती है। मौसम विभाग से प्राथमिक बातचीत से ये स्पष्ट हुआ है कि जुलाई के शुरुआती दो सप्ताह में मानसून की चाल अपेक्षाकृत सुस्त रहती है।

प्रदेश में मानसून दस्तक दे चुका है। जिन दुर्गम व पर्वतीय इलाकों में बारिश का ज्यादा खतरा है, उसे निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव के पहले चरण के मतदान में शामिल किया है। निर्वाचन आयुक्त ने आपदा प्रबंधन विभाग के साथ बैठक बुलाने के अलावा मौसम विभाग से भी मतदान के दिनों का पूर्वानुमान मांगा है। जिलावार आपदा बचाव की योजना भी बनाई जा रही है। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि 12 जिलों के 49 विकासखंड ऐसे चिह्नित किए गए हैं, जहां हर साल मानसून सीजन में खूब बारिश होती है। मौसम विभाग से प्राथमिक बातचीत से ये स्पष्ट हुआ है कि जुलाई के शुरुआती दो सप्ताह में मानसून की चाल अपेक्षाकृत सुस्त रहती है। फिर भी उन्होंने मौसम विभाग से मतदान के दौरान के सभी दिनों का पूर्वानुमान मंगाया है। आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि मतदान की प्रक्रिया को मौसम से सुरक्षित बनाने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग के साथ बैठक बुलाई गई है। सचिव आपदा प्रबंधन को मतदान में पोलिंग पार्टियों के सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने को कहा गया है। जरूरत पड़ने पर हेलिकॉप्टर की भी मदद ली जाएगी। वहीं, सभी जिलाधिकारियों को आपदा प्रबंधन की योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं, जिस पर रविवार को वर्चुअल बैठक होगी।



आयुक्त ने बताया कि सभी जिले आकस्मिक योजना तैयार करेंगे, जिसमें रास्तों का आवागमन, पोलिंग बूथ की स्थिति, कर्मचारी, सामग्री की सुरक्षा, आकस्मिकता की स्थिति में बचाव कार्य, सभी पोलिंग पार्टियों को फर्स्ट एड किट, हर ब्लॉक पर चिकित्सकों, दवाओं, एंबुलेंस की उपलब्धता को शामिल किया जाएगा।

राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि मतदान ड्यूटी में लगे किसी भी कर्मचारी की मृत्यु पर परिजन को 10 लाख रुपये दिए जाएंगे। इसका प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है।

## बैलेट पेपर के रंग से कर सकेंगे पहचान...प्रधान का होगा हरा

**देहरादून, एजेंसी।**
ग्राम पंचायत सदस्य का बैलेट पेपर सफेद होगा। प्रधान प्रत्याशियों का बैलेट पेपर हरा, क्षेत्र पंचायत सदस्य के प्रत्याशियों का बैलेट पेपर नीला और जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशियों का बैलेट पेपर गुलाबी रंग का होगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसूचना से पूर्व ही राज्य निर्वाचन आयोग इसकी तैयारियां पूरी कर चुका है। आयोग ने शनिवार को मतदाताओं की सुविधा के लिए बैलेट पेपर के रंग भी घोषित कर दिए। वहीं, दिव्यांग मतदाताओं को इस बार विशेष सुविधा भी दी जाएगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत सदस्य का बैलेट पेपर सफेद होगा। प्रधान प्रत्याशियों का बैलेट पेपर हरा, क्षेत्र पंचायत सदस्य के प्रत्याशियों का बैलेट पेपर नीला और जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशियों का बैलेट पेपर गुलाबी रंग का होगा। उन्होंने कहा कि इससे मतदाताओं को वोट करते समय आसानी होगी। दिव्यांग या अक्षम मतदाता, जो स्वयं चलने में असमर्थ हैं, उन्हें घर से मतदान केंद्र तक ले जाने और मतदान के बाद निवास स्थान तक पहुंचाने के लिए पारिवारिक सदस्य को वाहन प्रयोग करने की छूट दी जाएगी। इससे सुविधाजनक आवागमन और मतदान की प्रक्रिया सुगम बनाने के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराई जाएंगी। टिहरी जिले के भिलंगना ब्लॉक में सर्वाधिक 186 ग्राम पंचायतें हैं। जबकि ऊधमसिंह नगर के काशीपुर ब्लॉक में सबसे कम 34 ग्राम पंचायतें हैं। इसके अलावा अल्मोड़ा के धौलीदेवी ब्लॉक में 110, द्वाराहाट में 122, हवालबाग में 126, लमगड़ा में 103, सल्ट में 138, ताड़ीखेत में 130, बागेश्वर के गरूड़ ब्लॉक में 101, कपकोट में 122, चंपावत के चंपावत ब्लॉक में 113, देहरादून के चकराता ब्लॉक में 117, कालसी ब्लॉक में 111, पौड़ी के थलीसैंण ब्लॉक में 103, पिथौरागढ़ के गंगोलीहाट ब्लॉक में 117, रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि ब्लॉक में 159, जखोली ब्लॉक में 108, टिहरी के चंबा में 104, देवप्रयाग में 105, जौनपुर में 149, नरेंद्रनगर में 120, प्रतापनगर में 101, उत्तरकाशी के डुंडा में 103, नौगांव में 134 ग्राम पंचायतें हैं।

## ऋषिकेश में खारा स्रोत नदी में दिखाया रौद्र रूप, फंसे वाहन

**ऋषिकेश, एजेंसी।** पहाड़ों में हुई बारिश की वजह से ऋषिकेश के निकट मुनिकीरेती स्थित खारा स्रोत बरसाती नदी में अचानक पानी आ गया. जिससे नदी में खड़े कई वाहन फंस गए. वाहनों के फंसने से चालकों में हड़कंप मच गया. नदी में पानी आता देखकर कई चालकों ने फटाफट अपने वाहनों को नदी से बाहर निकाल कर सुरक्षित किया. फिलहाल कई वाहन नदी में पानी आने की वजह से फंसे हुए हैं. जिन्हें निकालने का प्रयास चालकों द्वारा किया जा रहा है.

ऋषिकेश खारा स्रोत नदी का बढ़ा जलस्तर- खारा स्रोत नदी में बरसात को छोड़कर पूरे साल पानी नहीं आता है. इसलिए पर्यटकों के वाहनों को पूरे साल नदी में खड़ा कराया जाता है. लेकिन बरसात के दिनों में नदी में वाहन खड़ा कराना खतरे से खाली नहीं रहता. यह जानकारी होने के बाद भी वाहनों को खारा स्रोत नदी में खड़ा कराया जा रहा है. बारिश की वजह से नदी में अचानक पानी आने के दौरान दर्जनों वाहन नदी में फंस गए. पानी आता देखकर कई चालकों ने तो अपने वाहन सुरक्षित बाहर निकाल लिए. लेकिन जो चालक मौके पर मौजूद नहीं थे, उनके वाहन नदी में ही फंसे रह गए. सूचना मिलने के बाद जब चालक मौके पर आए तो उन्हें अपने वाहन नदी में फंसे हुए दिखाई दिए. फिलहाल चालक नदी में फंसे हुए वाहनों को बाहर निकालने का प्रयास कर रहे हैं. बता दें कि खरा स्रोत नदी में लोग अवैध पार्किंग करवा रहे हैं, जबकि नदी में वाहनों को पार्क नहीं किया जा सकता.

### रोग से बचने के लिए हजारों लोगों ने किया योग

**जौलीग्रांट, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे क्षेत्र में लोगों में खासा उत्साह देखा गया। देहरादून हवाई अड्डे पर योग संगम कार्यक्रम किया गया। जिसमें पतंजलि योगपीठ के आचार्य नकुल देव ने एएआई, सीआईएसएफ और अन्य कर्मियों को योग और आसन करवाए। कार्यक्रम में एयरपोर्ट निदेशक प्रभाकर मिश्रा, उपमहाप्रबंधक नितिन कुमार कादियान, डिप्टी कमांडेंट एनपीएस मुंग, वी सीतारामन, शुभम वत्स, मोहित, वैभव बंसल, शाश्वत शर्मा रहे। जौलीग्रांट पंचायत घर के पास योग शिक्षक पूर्व सैनिक शिवराज सिंह, राजकुमार पुंडीर, भाजपा नेता संपूर्ण सिंह रावत, सुनील शर्मा, रजनी पुंडीर, बबीता जोशी, मीरा देवी, श्याम सिंह सिंधवाल, राजपाल सिंह उपस्थित रहे। पीएमश्री राप्रावि जौलीग्रांट दो में प्रधानाध्यापक रीता रानी, एसआरएचयू स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय में अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना, कुलपति डॉ. राजेंद्र डोभाल, डॉ. अशोक देवरारी, डॉ. प्रकाश केशवया, डॉ. रेनू धस्माना उपस्थित रहे।

## हाईवे पर सफाई कराएंगे होटल, रिजॉर्ट कारोबारी

**रामनगर, एजेंसी।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढिकुली जोन में संचालक अपने होटल, रिजॉर्ट के सामने हाईवे पर साफ-सफाई कराएंगे। हाईवे पर कूड़ा न फेंका जाए, इसके लिए पर्यटकों को जागरूक किया जाएगा।कॉर्बेट टाइगर रिजर्व कार्यालय सभागार में निदेशक डॉ. साकेत बडोला की अध्यक्षता में होटल एसोसिएशन और वेस्ट वॉरियर संस्था पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में ढिकुली क्षेत्र में हाईवे किनारे जंगल में लगातार फैलते कूड़े को लेकर मंथन किया गया। ढिकुली के ग्रामीणों को जागरूक करने पर विचार किया गया और पर्यटकों के वाहनों से फेंके जाने वाले कूड़े निस्तारण पर भी विमर्श। भरोसा दिया। बैठक में पार्क वार्डन अमित ग्वासीकोटी, सीटीआर के पंकज मंदौलिया, मोहित राठौर, ईको टूरिज्म रेंजर ललित आर्य के अलावा होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिमान, परमजीत अग्रवाल, मोहित डंगवाल, विकास जिंदल, अनिरुद्ध लखोटिया, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र खाती, जयप्रकाश जोशी, प्रेम मेहरा आदि रहे।

## प्रदेश की अगले एक महीने में इलेक्ट्रिक वाहन नीति, कैबिनेट के लिए तैयार होगा प्रस्ताव

**देहरादून, एजेंसी।**
लेक्ट्रिक वाहन नीति को लेकर उद्योग विभाग ने नीति का मसौदा तैयार कर विभागों को भेजा है। विभागों से सुझाव मिलने के बाद कैबिनेट के लिए प्रस्ताव तैयार होगा।

सरकारी विभागों से यदि जल्द सुझाव प्राप्त हो गए तो उत्तराखंड की इलेक्ट्रिक वाहन नीति अगले महीने में आ जाएगी। उद्योग विभाग ने नीति का मसौदा तैयार किया है और अब उसे विभागों की प्रतिक्रिया मिलने का इंतजार है।

सेतु आयोग की पहल पर नीति के मसौदे में कुछ प्रभावी सुझाव शामिल किए गए हैं। सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी के मुताबिक, उत्तराखंड अर्थव्यवस्था और पर्यावरण की दृष्टि से ईवी नीति आवश्यक और समय के अनुकूल है। सरकार की ओर से इसे जल्द से जल्द लागू करने के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

नीति में चार प्रमुख पहलू हैं। पहला विनिर्माण से जुड़ा है। यानी इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्तराखंड में उत्पादन होगा। इसके लिए ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े उन औद्योगिक समूहों से बातचीत हो चुकी है, जो ईवी का निर्माण कर रहे हैं। इनमें टाटा और महेंद्रा उत्तराखंड में निवेश के लिए तैयार हैं। दूसरा ईवी की खरीद प्रतिबद्धता से संबंधित है। यानी राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण होने के साथ ही सरकारी क्षेत्र में इसकी खरीद को लेकर प्रतिबद्धता भी जाहिर होनी चाहिए। तीसरा पहलू राज्य में बनाए जाने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में नागरिकों के लिए प्रोत्साहन के प्रावधान से जुड़ा है। चौथा पहलू ईवी के लिए चार्जिंग अवस्थापना का है और जो पूरे प्रदेश में तैयार होगी। काफी विचार-विमर्श और अध्ययन के बाद नीति का ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इस बारे में ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े उद्यमियों से संवाद भी किया गया है। उनके सुझावों के साथ नीति को आकर्षक, प्रभावी और भविष्योन्मुखी बनाया गया है। अब नीति के बारे में विभागों से आंतरिक चर्चा चल रही है। सरकारी वाहनों के बेड़े में ईवी भी शामिल होंगी। इसलिए विभागों की राय इसमें काफी अहम है। हम उम्मीद कर रहे हैं विभागों से नीति के बारे में जल्द चर्चा पूरी हो जाएगी।



## गदरपुर में पुलिस के हत्थे चढ़ा वन्यजीव तस्कर, 82 जिंदा कछुए बरामद

**गदरपुर/रुद्रपुर, एजेंसी।** उधम सिंह नगर के गदरपुर थाना पुलिस ने वन्य जीव तस्कर को 82 जिंदा कछुओं के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी, कछुओं को उत्तर प्रदेश के बिलासपुर क्षेत्र से पकड़ कर उधम सिंह नगर में बेचने के लिए आ रहा था. आरोपी के खिलाफ वन्य जीव अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जा रहा है. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दिया है.



शनिवार 21 जून को गदरपुर थाना पुलिस ने वन्य जीव की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. आरोपी से 82 जिंदा कछुएं बरामद किए हैं. आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है. बरामद कछुओं को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया है. पुलिस के मुताबिक, गदरपुर थाना पुलिस आज अलखदेवी बॉर्डर पुलिया के पास से चेकिंग अभियान चलाए हुए थी. तभी बाइक में एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया. टीम को देख आरोपी सकपका गया. शक होने पर जब टीम ने बाइक में रखे कट्टे को खोल कर देखा तो उसमें जिंदा कछुए बरामद हुए. जिसके बाद आरोपी समेत बाइक को कब्जे में लेते हुए थाने लाया गया.

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शिवा कुमार निवासी टाण्डा बंजरा सुल्तानपुर पट्टी थाना बाजपुर, उधम सिंह नगर बताया. आरोपी ने बताया कि वह कछुए बिलासपुर क्षेत्र से पकड़ कर लाया, जिसे वह ऊंचे दाम पर जिले में बेचने जा रहा था. आरोपी को कोर्ट के समक्ष पेश किया जा रहा है.

## सड़क के सुधारीकरण के लिए सिस्टम लड़ रहे ग्रामीण, लगाए आरोप

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी बनी रहती है. यही कारण है कि सरकार और सिस्टम से सुविधाएं मांगने के बजाय वो लोग अक्सर पलायन कर जाते हैं. लेकिन जो लोग पलायन नहीं करते वो आज भी सुविधाओं के हक के लिए लड़ रहे हैं. एक ऐसी ही लड़ाई नैनीताल जिले के कारगिल शहीद इंद्र सिंह बर्गली मोटर मार्ग के बदहाल स्थिति के लिए लड़ी जा रही है. ग्रामीण सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए हैं.

धरने पर बैठे ग्रामीण का कहना है कि जाखलकाड़ा मल्ला से ओखलकांडा तल्ला से शहीद इंद्र सिंह बर्गली गोदर मार्ग लगभग ढाई किलोमीटर में विगत कई वर्षो से बदहाल स्थिति में है. सड़क के किनारे बनी नाली, डामरीकरण, सुधारीकरण न होने के कारण रोड की स्थिति काफी खराब हो चुकी है. इसके चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं.



यही नहीं, यह सड़क प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज और ग्राम सभा की पंचायतों को जोड़ती है. इस विषय में कई बार पीडब्ल्यूडी विभाग भवाली और जिला प्रशासन को लिखित और मौखिक जानकारी दी गई है, उसके बावजूद भी सरकार और विभाग इसको ठीक करने का सुध नहीं ले रहा है. सड़क निर्माण की मांगों को लेकर ग्रामीण लगातार अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं. लेकिन अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं. जिसके चलते मजबूरन अब आंदोलन करना पड़ रहा है.

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार बड़ी-बड़ी दावे तो कर रही है, लेकिन शहीद के गांव की ढाई किलोमीटर की सड़क नहीं बना पा रही है. ग्रामीणों ने सरकार और विभाग को चेतावनी दी है कि अगर जल्द से सड़क के निर्माण नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन करेंगे.

शहीद इंदर सिंह बर्गली मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त मामले में सहायक अभियंता विश्व मोहन गिरी ने बताया कि 2016 में सड़क की डामरीकरण हुई थी. लेकिन 10 साल बीत गए, अभी तक सड़क सुधारीकरण के लिए कोई बजट नहीं मिला है. जिसके चलते पुनर्निर्माण का कार्य नहीं हुआ है. इस वित्तीय वर्ष में करीब ढाई किलोमीटर सड़क सुधारीकरण के लिए 60 लाख रुपए का एस्टीमेट तैयार कर शासन को भेजा गया है.

## हाईवे पर सफाई कराएंगे होटल, रिजॉर्ट कारोबारी

**रामनगर, एजेंसी।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढिकुली जोन में संचालक अपने होटल, रिजॉर्ट के सामने हाईवे पर साफ-सफाई कराएंगे। हाईवे पर कूड़ा न फेंका जाए, इसके लिए पर्यटकों को जागरूक किया जाएगा।कॉर्बेट टाइगर रिजर्व कार्यालय सभागार में निदेशक डॉ. साकेत बडोला की अध्यक्षता में होटल एसोसिएशन और वेस्ट वॉरियर संस्था पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में ढिकुली क्षेत्र में हाईवे किनारे जंगल में लगातार फैलते कूड़े को लेकर मंथन किया गया। ढिकुली के ग्रामीणों को जागरूक करने पर विचार किया गया और पर्यटकों के वाहनों से फेंके जाने वाले कूड़े निस्तारण पर भी विमर्श। वेस्ट वॉरियर संस्था ने ढिकुली के ग्रामीणों को जागरूक करने की जिम्मेदारी लेते हुए हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिया। बैठक में पार्क वार्डन अमित ग्वासीकोटी, सीटीआर के पंकज मंदौलिया, मोहित राठौर, ईको टूरिज्म रेंजर ललित आर्य के अलावा होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिमान, परमजीत अग्रवाल, मोहित डंगवाल, विकास जिंदल, अनिरुद्ध लखोटिया, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र खाती, जयप्रकाश जोशी, प्रेम मेहरा आदि रहे।

## यूपीसीएल में बकाया बिजली बिलों पर सख्ती, यूपीसीएल ने प्री ऑडिट के आदेश दिए, नोडल अधिकारी नामित

**देहरादून, एजेंसी।**
यूपीसीएल में बकाया बिजली बिलों पर सख्ती कर दी है। प्री ऑडिट के आदेश दिए गए हैं, जिसके लिए नोडल अधिकारी भी नामित कर दिए गए हैं।

यूपीसीएल में अब बकाया बिलों का हर तीन माह में ऑडिट होगा। निगम ने नियामक आयोग के नियमों के तहत बकाया वसूली के अभियान को मजबूत बनाने के लिए ऑडिट के लिए नोडल अधिकारी व सह नोडल नामित कर दिए हैं। हर 15 दिन में खंडवार वसूली की प्रगति रिपोर्ट निदेशक परिचालन तक भेजनी होगी।यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, निदेशकों की समिति की बैठक में वाणिज्यिक पुस्तिका, बिलिंग सिस्टम, लेखों में अंतर की बात सामने आई। साथ ही दीर्घ अवधि से लंबित चल रहे बिजली बिलों का भी समिति ने संज्ञान लिया। तय किया गय कि विद्युत खंडवार लंबित बकायों का प्री ऑडिट कराया जाएगा। इसके लिए सभी विद्युत वितरण मंडल के अधीक्षण अभियंता वितरण को नोडल अधिकारी, मंडल कार्यालय में तैनात लेखा अधिकारी, सहायक लेखा अधिकारी को सह-नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि तीन माह के भीतर मंडल के अंतर्गत विद्युत वितरण खंडों के सभी लंबित बिजली बिलों के प्री-ऑडिट की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। सह नोडल अधिकारी खंडों में तैनात लेखाकार राजस्व की सहायता से प्री-ऑडिट की कार्रवाई करेंगे।



## रेलवे रोड से हटाया अस्थाई अतिक्रमण, 40 हजार का जुर्माना वसूला

**रुड़की, एजेंसी।** नगर निगम की ओर से रेलवे रोड से अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान टीम से दुकानदारों की नोकझोंक भी हुई। लेकिन टीम ने सख्ती से अतिक्रमण हटाया। कई रेहड़ी ठेली वालों के सड़क पर रखे सामान जब्त किए गए। खोखे आदि हटाए गए और 40 हजार का जुर्माना वसूला गया।

निगम को रेलवे रोड पर अस्थाई अतिक्रमण के चलते आवाजाही में परेशानी होने की शिकायतें मिल रही थी। इससे कई बार भारी जाम लग रहा था। जिसके चलते शनिवार को वरिष्ठ कर अधिकारी एसपी गुप्ता ने टीम के साथ अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान गंगनहर कोतवाली के सामने भी कुछ लोगों ने सामान रखा हुआ था। जिसे हटाया गया। इसके बाद टीम रेलवे स्टेशन की ओर बढ़ी। यहां लोगों ने फुटपाथ पर पूरी तरह कब्जा किया हुआ था। साथ ही सामान को सड़क तक रखा गया था। रेहड़ी ठेली को फुटपाथ और सड़क पर खड़ा कर सामान बेचा जा रहा था। टीम ने सभी का सामान जब्त कर लिया। कर अधिकारी एसपी गुप्ता ने बताया पुलिस फोर्स नहीं मिल पाई थी। इसलिए कम स्तर पर कार्रवाई की गई है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण

नई दिल्ली, सोमवार, 23 जून, 2025



# पेड़ों की बलि चढ़ा गगनचुंबी इमारतें खड़ी कर रही है भाजपा : कांग्रेस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कस्तूरबा नगर फेज-2, नई दिल्ली में सामान्य पूल आवासीय परियोजना के लिए 856 पेड़ों की कटाई/प्रतिरोपण के आदेश पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे पर्यावरण और सामाजिक न्याय पर दोहरा हमला बताया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना, जिसकी लागत 8.90 करोड़ रुपये है, उसके लिए 13 जून को पेड़ काटने की अधिसूचना जारी की गई है। श्री यादव ने कहा, ह्ययह केवल एक शुरूआत है। आने वाले दिनों में राजधानी दिल्ली में हजारों पेड़ों की कटाई का रास्ता साफ किया जा रहा है, जबकि दिल्ली पहले से ही दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में नम्बर वन पर गिनी जाती है और खतरनाक वायु प्रदूषण दिल्ली वालें संकट में जी रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति अब स्पष्ट हो चुकी है - ह्णझुग्गी तोड़ो, पेड़ काटो और इमारतें बनाओ।ह्व उन्होंने सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री आवास के निकट गगनचुंबी इमारतों में अधिकारियों के लिए फ्लैट्स बनाए जा रहे हैं, लेकिन वहीं दूसरी ओर आसपास की झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीबों को उजाड़ा भी जा रहा है। आम जनता पर प्रदूषण के नाम पर तरह-तरह की पाबंदियाँ लगाई जा रही हैं और पेड़ों की कटाई को खुली छूट दी जा रही है। देवेन्द्र यादव ने सरकारी आँकड़ों के हवाले से बताया कि 2019 से 2021 के बीच दिल्ली में 1.33 लाख से अधिक पेड़ों को काटने की अनुमति दी गई, मतलब हर वर्ष औसतन 44,000 से अधिक पेड़, यानि लगभग हर घंटे 5 पेड़ काटे गए। यह आंकड़ा दिल्ली के हरित आवरण पर हो रहे हमले की भयावहता को दशार्ता है। श्री यादव ने मांग किया कि ट्री सेंसस अनिवार्य किया जाए ताकि प्रत्येक निर्माण परियोजना से पहले संबंधित क्षेत्र में पेड़ों की संख्या, प्रजाति, आयु और स्वास्थ्य की जानकारी जुटाई जाए। ट्री सेंसस रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए तथा इसकी निगरानी एक स्वतंत्र संस्था द्वारा हो। जहां पेड़ों की कटाई प्रस्तावित हो, जनता की राय ली जाए और वहां जनसुनवाई और पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अनिवार्य हो। पुनः रोपण का स्वतंत्र ऑडिट हो इसके लिए प्रतिरोपण या प्रतिकर वृक्षारोपण की निगरानी तीसरे पक्ष द्वारा की जानी चाहिए। उन्हांने कहा कि जब तक ये उपाय लागू न हों, किसी भी पेड़ की कटाई की अनुमति न दी जाए। श्री यादव ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा, ह्लदिल्ली की आत्मा झुग्गी-झोपड़ियों में बसती है और सांसें पेड़ों से चलती हैं। यदि भाजपा इन दोनों को उजाड़ देगी, तो दिल्ली का अस्तित्व किसके लिए रहेगा? उन्होंने जोर देकर कहा कि पेड़ों की भी गिनती होनी चाहिए, इससे पहले कि उन्हें जड़ से उखाड़ दिया जाए। देवेन्द्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट के उस अवलोकन का भी उल्लेख किया जिसमें कहा गया था कि पेड़ों को काटना मनुष्य की हत्या समान होता है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार ट्री सेंसस के लिए फंड भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाना चाहिए और यह सर्वे देहरादून स्थित फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट की निगरानी में होना चाहिए। क्योंकि दिल्ली के फॉरेस्ट डिपार्टमेंट में फ्रंटलाइन स्टाफ की भारी कमी है और अभी तक न तो कोई फंड मिला है, न ही सर्वे की कोई विधि तय हुई है। इसके बावजूद भाजपा सरकार लगातार पेड़ों की हत्या कर रही है, जो निंदनीय है।

# लूट और रंगदारी मांगने के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । हरियाणा के जींद इलाके में 13 जून को ग्रोसरी स्टोर मालिक को गोली मारकर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और बाद में ढाई लाख रुपये लूटने के मामले में आरोपित को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान सुल्तानपुरी, दिल्ली निवासी नसीब (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से एक बरेटा पिस्टल, तीन कारतूस और वारदात में इस्तेमाल एक स्कूटी बरामद की है। आरोपित से पूछताछ कर इसके बाकी साथियों की तलाश की जा रही है। गोली मारने के बाद भी आरोपितों ने पीड़ित से अगले दिन आकर 50 लाख रुपये रंगदारी के वसूलने की बात की थी। घटना की खूब चर्चा हुई थी। स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अमित कौशिक ने बताया कि 13 जून की रात को नरवाना, जींद, हरियाणा इलाके के एक ग्रोसरी स्टोर में चार बदमाश जबरन दाखिल हो गए। स्टोर में उस समय पीड़ित अपने दोस्त के साथ मौजूद था। आरोपितों ने पीड़ित से 50 लाख रुपये रंगदारी की रकम का इंतजाम करने के लिए कहा। मना करने पर एक आरोपित ने पिस्टल निकालकर पीड़ित के पेट में गोली मार दी। बाद में आरोपितों ने पीड़ित से उसके कैश काउंटर की चाबी ली और उसमें रखे ढाई लाख रुपये लूट लिए। अगले दिन 50 लाख रुपये लेने आने की बात बोलकर बदमाश वहां से चले गए। वारदात के बाद पीड़ित को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, आज भी उसका इलाज जारी है। दिल्ली पुलिस भी वारदात में शामिल बदमाशों की तलाश में जुटी थी। इस दौरान 21 जून को पुलिस की टीम को सूचना मिली कि धमकी और लूट में शामिल एक बदमाश विकासपुरी के चंदर विहार के पास आने वाला है। सूचना के बाद टीम ने मौके पर जाल बिछा दिया और आरोपित को धर दबोचा।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर करंट लगने से मजदूर की मौत

नई दिल्ली,। सिविल लाइंस में चंद्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर काम करने के दौरान एक लेबर की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान संजू यादव के तौर पर हुई है। पुलिस ने लापरवाही से हुई मौत का मामला दर्ज कर शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस इस मामले में ठेकेदार को इन्वेस्टिगेशन जॉइन करने को कहा है। पुलिस अफसर के मुताबिक संत परमानंद अस्पताल से पुलिस को करंट लगने से एक शख्स की मौत के बारे में कॉल मिली। पुलिस अस्पताल पहुंची जहां एक शख्स 25 वर्षीय संजू यादव, निवासी ग्राम छिजारसी, नोएडा भर्ती मिला। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौजूद बाकी लोग तत्काल संत परमानंद अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। छानबीन में पता चला कि बिजली का झटका लगने से उन्हें गंभीर चोट आई थी। यह पूरा हादसा चंद्रावल वाटर वर्क्स, मजनू का टीला, सिविल लाइंस इलाके का है। पुलिस ने लापरवाही से हुई मौत का मामला दर्ज किया है। बता दें कि अक्सर दिल्ली जैसे महानगर में मजदूरों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जाता है। कभी सेफ्टी टैंक साफ करते समय तो कभी इलेक्ट्रिक का काम करते समय लापरवाही बरती जाती है, जिससे इन निर्दोष मजदूरों की जान चली जाती है।

### मानसून में नहीं रुकेंगे काम निगम ने पार्षदों को दिया 25 लाख का फंड

नई दिल्ली,। राजधानी दिल्ली में मानसून के दौरान पार्षद निधि से इलाके में नालियों व नालों का रखरखाव और साफ-सफाई के मद्देनजर दिल्ली नगर निगम ने पार्षदों को फंड जारी कर दिया है। निगम पार्षद मानसून के दौरान 25 लाख रुपये तक के कार्य करा सकेंगे। इसमें गाद उठवाने व सफाई के लिए टैक्टर ट्राली से काम करवाना, खुले नाले नालियों पर स्लैब डलवाने से लेकर और गड्डे भरने के लिए बिटुमिन आदि खरीदने जैसे कार्य हो सकेंगे। इससे मानसून के दौरान पार्षदों को महत्वपूर्ण कार्य कराने में सहायता मिलेगी। फंड आवंटित न होने की स्थिति में पार्षदों को अधिकारियों की तरफ मुंह ताकना पड़ रहा था। ऐसे में अब स्वयं के फंड से मानसून के दौरान जरुरी कार्यों को करा सकेंगे। अधिकारी इस फंड का उपयोग इलाके में जब ही कर पाएंगे जब क्षेत्रीय पार्षद इसकी सहमति देंगे। नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने पार्षदों को मात्र 25 लाख रुपये का फंड क्षेत्रीय विकास निधि पर जारी करने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि निगम बजट में एक करोड़ रुपये फंड पार्षद निधि के लिए मंजूर हुआ था लेकिन 25 लाख से तो इलाके के गड्ढे भी नहीं भर पाएंगे।

### 50 से ज्यादा विमानों ने देरी से उड़ान भरी, 12 रद्द रहीं

नई दिल्ली,। दिल्ली एयरपोर्ट पर चल रहे रनवे के मरम्मत कार्य का असर लगातार विमान सेवाओं पर देखने को मिल रहा है। रविवार को भी 50 से अधिक विमानों ने देरी से उड़ान भरी। इनमें 20 अंतरराष्ट्रीय उड़ान भी शामिल हैं। वहीं, अलग-अलग कारणों से 12 विमानों की यात्रा रद्द रहीं। इनमें से 10 विमान एयर इंडिया के हैं। दो विमान स्पाइसजेट के हैं, जिन्हें धमार्शाला जाना था, लेकिन वहां मौसम खराब होने के चलते विमानों की यात्रा रद्द कर दी गई। दिल्ली एयरपोर्ट पर रनवे की मरम्मत का कार्य 15 जून से शुरू किया गया था और यह 15 सितंबर तक चलेगा। इसके चलते विमान यात्रियों को एयरपोर्ट पर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। एयरपोर्ट प्रशासन की तरफ से यात्रियों को एयरलाइंस के संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। रविवार को एयर इंडिया के विमान की जो यात्राएं रद्द रहीं, उनमें से दो मुंबई, दो गोवा, लखनऊ, पुणे, इंदौर, कोलकाता, हैदराबाद और बेंगलुरु की एक-एक उड़ान शामिल है।

# सीए फर्म के कर्मी से 10 लाख लूटने वाला दबोचा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने रोहिणी में सीए फर्म के कर्मी से हुई 10 लाख रुपये की लूट के मामले वांछित एक बदमाश को सेक्टर-3 के डी-मॉल के पास से दबोचा। मूलरूप से यूपी के बरेली का रहने वाला आरोपी राहुल दिल्ली के गांव रिठाला में रहता है। लूट की वारदात गत 21 मई को हुई थी। एक सीए फर्म का कर्मचारी कुलदीप कुमार अवंतिका मार्केट में एक ट्रेडिंग कंपनी से 10 लाख रुपये नकद इकट्ठा करने के बाद कार्यालय लौट रहा था। जैसे ही वह सेक्टर 3 के पास महाराजा अग्रसेन मार्ग पर पहुंचा, तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने उन्हें रोका और पैसों से भरा उनका बैग छीनकर फरार हो गए थे। जांच में जुटी पुलिस ने पीड़ित द्वारा लिए गए मार्ग पर सीसीटीवी फुटेज को स्कैन किया तो यह पता चला है कि एक बाइक पर दो हमलावरों के अलावा, तीन और संदिग्धों को लेकर एक दूसरी मोटरसाइकिल से ही पीड़ित का पीछा कर रही थी। स्थानीय पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन आरोपी राहुल वारदात के बाद से ही फरार चल रहा था। आरोपी राहुल ने अपराध करने के लिए अपनी बाइक का इस्तेमाल किया था और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी पहचान भी कर ली गई। उसने यह खुलासा किया कि नकदी के बारे में जानकारी आरोपी योगेंद्र ने दी थी, जो उसी सीए फर्म का एक पूर्व कर्मचारी था, जिसे फर्म की वित्तीय गतिविधियों के बारे में जानकारी थी।

# दिल्ली में लड़की से छेड़छाड़ का विरोध करने पर शख्स को मारा चाकू

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली के खजूरी खास इलाके में एक लड़की को परेशान करने से रोकने वाले स्थानीय निवासी को चाकू मारने की वारदात सामने आई है। लड़की के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी चमन को गिरफ्तार कर लिया है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में एक नाबालिग लड़की को परेशान करने से रोकने वाले स्थानीय निवासी को चाकू मारने की घटना सामने आई है। पुलिस ने 20 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि लड़की के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी चमन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के अलावा अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। घटना शुक्रवार को हुई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी एक लड़की को परेशान कर रहा था। इसी दौरान एक स्थानीय निवासी ने हस्तक्षेप किया। इससे नाराज आरोपी ने कथित तौर पर लड़की से छेड़छाड़ रोकने वाले शख्स पर चाकू से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गया। आरोपी के खिलाफ खजूरी खास थाने में बीएनएस की धारा 109(1) (हत्या का प्रयास) और 3(5) (संयुक्त दायित्व) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बाद में लड़की के बयान के आधार पर बीएनएस की धारा 74 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला करना) और पोक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं ओल्ड मुस्तफाबाद इलाके में शुक्रवार देर रात बाइक सवार बदमाशों द्वारा फायरिंग करने का मामला सामने आया है। गनीमत यह रही कि गोली किसी को लगी नहीं। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि शनिवार रात करीब 9:20 बजे पुलिस को ओल्ड मुस्तफाबाद की गली नं. 3 में फायरिंग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दयालपुर थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को शिकायतकर्ता मिला। वह बिरयानी की दुकान चलाता है।

# शकूरपुर में बिसलेरी की नकली बोतलें बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली,। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के शकूरपुर इलाके में पुलिस ने बिसलेरी ब्रांड की नकली पानी की बोतलें बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। दिल्ली पुलिस ने छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान सिकंदर (30) और आशीष (19) के रूप में हुई है। ये दोनों आरोपी बिसलेरी के नाम पर नकली लेबल लगाकर पानी की बोतलें तैयार कर रहे थे और बाजार में बेच रहे थे। पुलिस को यह कार्रवाई तब करनी पड़ी जब बिसलेरी कंपनी के प्रतिनिधियों ने शिकायत की कि उनके ब्रांड का गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए शकूरपुर में दो स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस को 20 लीटर की 26 नकली पानी की बोतलें मिलीं, जिन पर बिसलेरी का नाम, लेबल और बारकोड लगे हुए थे। इसके साथ ही नकली स्टिकर, ढक्कन और पैकेजिंग सामग्री भी बरामद की गई। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पश्चिम) भीष्म सिंह ने जानकारी दी कि दोनों आरोपियों ने पिछले साल से एक अवैध यूनिट चला रखी थी, जिसमें वे नकली पानी की बोतलें बनाकर लोगों को बेचते थे। इस काम के जरिए वे अच्छा मुनाफा कमा रहे थे, लेकिन इससे जनता के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कबूल किया कि वे पिछले साल से यह गैरकानूनी कारोबार कर रहे थे। उन्होंने असली बिसलेरी जैसी पैकेजिंग तैयार करने के लिए नकली लेबल, कैप और बारकोड का उपयोग किया ताकि ग्राहक धोखा खा जाएं। अब पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है कि कहीं यह गिरोह और बड़े स्तर पर तो काम नहीं कर रहा था। यह भी देखा जा रहा है कि क्या इस नकली पानी की आपूर्ति रेस्टोरेंट, दुकानों या ऑफिसेस में भी की जा रही थी।

# दिल्ली घूमने आया था कपल होटल में पत्नी का ही घोंट दिया गला

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता





नई दिल्ली,। मध्य दिल्ली के पहाड़गंज स्थित एक होटल में युवक ने अवैध संबंधों के शक में अपनी पत्नी की गला घोंटकर बेरहमी से हत्या कर दी और फरार हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद में वह भागकर मथुरा पहुंचा और पीसीआर कॉल कर पत्नी की हत्या की बात पुलिस को बताई। मौके पर पहुंची हाईवे मथुरा थाने की टीम ने आरोपित को दबोच लिया। दिल्ली संपर्क कर होटल में जांच करने पर बोला गया तो वहां महिला की लाश बरामद हुई। मृतका की पहचान न्यू घास मंडी, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड की कीर्ति शर्मा के रूप में हुई है। वहीं आरोपित की पहचान सराय आजमाबाद, आजमपुर, मथुरा के गोपाल शर्मा के रूप में हुई है। मथुरा पुलिस ने आरोपित को पहाड़गंज पुलिस के हवाले कर दिया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उपयुक्त निधन वालसन के मुताबिक, शनिवार तड़के करीब तीन बजे पहाड़गंज स्थित न्यू विक्टोरिया होटल के मैनेजर प्रेम सिंह के पास मथुरा पुलिस का एक कॉल आया था। मैनेजर ने होटल का कमरा चेक करवाया तो उसमें एक महिला की लाश मौजूद थी। मथुरा पुलिस ने बताया कि गोपाल शर्मा नामक युवक अपनी पत्नी की हत्या की बात कर रहा है। दिल्ली पुलिस को खबर दी गई। मौके पर क्राइम टीम के अलावा एफएसएल को मौके पर बुला लिया गया। बाद में औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को मोर्चरी भेजा दिया गया। एक टीम आरोपित को गिरफ्तार करने मथुरा रवाना हो गई। शनिवार को गोपाल को दिल्ली लाया गया, जहां पूछताछ के दौरान आरोपित ने हत्या की बात स्वीकार की। उसने बताया कि उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था। वह पत्नी को बहाने से दिल्ली लाया। यहां होटल का कमरा लेकर उसने शाम के समय गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। बाद में रात नौ बजे वह खाना लेने के बहने वहां से निकल गया और मथुरा पहुंचकर उसने हत्या की सूचना 112 पर काल कर दी। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

# गैंगस्टर दीपक उर्फ भांजा की हत्या का आरोपित गिरफ्तार, पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद



नई दिल्ली,। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुरथल के वीर ढाबे पर गैंगस्टर दीपक उर्फ भांजा की हत्या करने वाले हरियाणा के कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान गांव सिवाह, पानीपत, हरियाणा निवासी राकेश कादियान उर्फ पंपू (39) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से एक पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और ब्रेजा कार बरामद की है। सोनीपत के पुलिस आयुक्त (सीपी) ने आरोपित की गिरफ्तारी पर ने 20 हजार रुपये का इनाम रखा हुआ था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक दीपक की हत्या के बाद राकेश दिल्ली में अपना गिरोह खड़ा करना चाह रहा था। इसके लिए उसने 15 से 20 लड़कों की भर्ती भी कर ली थी। स्पेशल सेल की टीम आरोपित से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अमित कौशिक ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि फरवरी-2025 में मुरथल के वीर ढाबे पर दीपक उर्फ भांजा की हत्या में शामिल इनामी बदमाश दिल्ली आने वाला है। सूचना के बाद फौरन एक टीम का गठन किया गया। रविवार को आरोपित ब्रेजा कार में सवार होकर रोहिणी पहुंचा, जहां से पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपित की तलाशी लेने पर उसके पास से एक ऑटोमैटिक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए है। पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि वह दिल्ली में अपने गिरोह के सदस्यों से मिलने आया था। दिल्ली में वह अपने गिरोह के लिए लड़कों की तलाश कर रहा था। 15 से 20 लड़के उसके गिरोह में शामिल हो भी गए थे।

# चांदनी चौक की टूटी गली बनी परेशानी का सबब शिकायतों के बाद भी नहीं हुई मरम्मत

नई दिल्ली,। चांदनी चौक स्थित नई सड़क के चौक रायजी इलाके में रहने वाले लोग विकास की बाट जोह रहे हैं। इलाके की एक गली पिछले चार महीने से टूटी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधानसभा चुनावों से पहले इस गली को मरम्मत के नाम पर खोदा गया था, लेकिन इसके बाद से इसे दुबारा बनाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया। इस समस्या को लेकर विधायक पूरनदीप साहनी को काल और व्हाट्सएप संदेश भेजे गए, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला। इलाके के लोगो का कहना है कि विधायक और निगम पार्षद ने गली के विकास के लिए तमाम वादे किए थे। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। स्थानीय निवासियों का मानना है कि जो भी इस इलाके से जीत कर जाता है वापसी इस इलाके में नहीं आता है और न ही यहां के विकास की बातें करता है। इलाके में गंदगी का माहौल बना रहता है। पानी कभी आता है और कभी नहीं। ऐसे में इनका जीवन भी प्रभावित रहता है। गली को टूटे हुए चार महीने से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अभी तक इसे बनाने के लिए कोई नहीं आया। कई बार शिकायत कर चुके हैं, फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। यहां पानी की समस्यां भी बनी रहती है। यहां सही से दो वक्त का पानी भी नहीं आता है।

# मदद करने के बहाने एटीएम से रुपये निकालने वाला धरा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। अमन विहान पुलिस ने एक ऐसे जालसाज को गिरफ्तार किया, जो पैसे निकालने में मदद करने के बहाने लोगों के एटीएम पर हाथ साफ कर कैश निकाल लेता था। आरोपी के कब्जे से विभिन्न बैंकों के 79 एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। आरोपी अरमान खान दिल्ली के सुल्तानपुरी का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक बीते 16 जून को अमन विहार में एक मामला दर्ज किया गया था, जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि एक शख्स ने एटीएम से पैसे निकालने में सहायता करने के बहाने उसके एटीएम कार्ड को बदल लिया और उसने धोखाधड़ी करके उसके खाते से पैसे निकाल लिए। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने स्थानीय मुखबिरों के जरिये सूचना एकत्र करने का प्रयास किया और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का भी विश्लेषण किया। इसके बाद आरोपी की पहचान कर पुलिस ने उसे धर दबोचा। पूछताछ करने पर आरोपी ने वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसने यह खुलासा किया कि वह एटीएम से नकदी निकालने में मदद करने के बहाने कम भीड़ वाले एटीएम बूथों को निशाना बनाता था। मदद के दौरान ही वह उनके एटीएम कार्ड की डिटेल ले लेता था और उन्हें बदल देता था। इसके बाद वह उस एटीएम के जरिये रकम निकालता था। अबतक उसके द्वारा अंजाम दिए गए दो मामलों का खुलासा हो चुका है, जबकि अन्य मामलों के बारे में उससे पूछताछ की जा रही है।

# दिल्ली जू में होने जा रहा बड़ा बदलाव, दर्शकों की परेशानी होगी दूर

नई दिल्ली,। हर बार की तरह इस बार भी आने वाले मॉनसून की तेज बारिश में जू में जलभराव की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। हरी घास और पत्ते खाने वाले हिरण व मृग प्रजाति के वन्यजीवों के बाड़ों में सबसे अधिक जलभराव होता है। ऐसे 7 बाड़े हैं। जू प्रशासन ने इससे निपटने के लिए नए सिरे से पंपिंग सिस्टम और जनरेटर सिस्टम को अपग्रेड किया है। बाड़ों में मिट्टी के ऊंचे टीले आदि की व्यवस्था की गई है। मॉनसून के दौरान बाड़ों में जलभराव का सामना हिरण और मृग प्रजाति के वन्यजीव-चीतल, बारहसिंगा, कक्कड़ हिरण, काला मृग, सफेद मृग और शंघाई हिरण आदि अधिक करते हैं। इनके बाड़ों के एरिना क्षेत्र (वन्यजीवों को दर्शकों को दिखाने का खुला स्थान) में पानी भर जाता है। ये वन्यजीव खुले में ही रहना पसंद करते हैं। बीमार या घायल वन्यजीवों को ही नाइट शेल्टर में रखा जाता है। ऐसे 7 बाड़े हैं, जिनमें मॉनसून के दौरान पानी भरता है। जू के एक अधिकारी ने बताया कि बरसात का पानी निकालने के लिए सेंट्रल कंस्ट्रक्शन यूनिट के 4 बड़े पंपिंग सिस्टम को अपग्रेड कराया गया है। जू के अपने 2 सिस्टम हैं और एक नया सिस्टम खरीदा गया है। इससे अब पानी निकालने की कार्रवाई लगातार जारी रह सकेगी। विभिन्न प्रकार के पंछियों और बंदरों के बाड़ों की छत फीडिंग प्लैटफॉर्म की है। उन्हें प्रोफाइल शीट से ढक दिया गया है, ताकि बरसात का पानी अंदर न जा सके।

# सांसद मनोज तिवारी ने जनता दरबार में सुनी जन समस्याएं

## आगे भी जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने आज दुगार्पुरी स्थित जनसंपर्क कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया और आए लोगों से क्षेत्र की जन समस्याएं सुनी थी अवसर पर दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा जिला अध्यक्ष विनोद कुमार डॉक्टर यू के चौधरी विधायक जितेंद्र महाजन शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के जोन चेयरमैन पुनीत शर्मा, डिप्टी चेयरमैन मुकेश बंसल, भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद त्रिवेदी, भाजपा नेता चौधरी रतन सिंह, आशीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। जनता दरबार में आए लोगों ने सबोली खेड़ा पर डीडीए की अतिक्रमण की गई जमीन से अतिक्रमण हटाने मीत नगर सबोली हॉट के पास आसपास की कॉलोनी के पानी निकासी के लिए बनने वाले नाले की बाधाएं दूर करने अंडरपास बनाने मीत नगर सबोली रेलवे हाल्ट पर अन्य ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित करवाने जैसी कई समस्याएं सांसद मनोज तिवारी के समक्ष रखी जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से तुरंत बात कर निदान करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने सरकार के 100 दिन की उपलब्धियां बताएं तो सांसद मनोज तिवारी ने केंद्र सरकार के 11 वर्ष में हुए क्षेत्र के विकास कार्यों की जानकारी दी। सांसद मनोज तिवारी ने उपस्थित लोगों को अस्वस्थ किया की जो भी समस्याएं रखी गई है उनके शीघ्र निदान होगा और अगले जनता दरबार में उसकी जानकारी दी जाएगी उन्होंने कहा कि लोनी रोड पर रैपिड रेल दौड़ेगी जिसकी योजना पर तीव्र गति से काम किया जा रहा है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के हर सदस्य का लक्ष्य सरकार की आम जनता तक पहुंचे और केंद्र सरकार की हर योजना का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचता है और इस तरह के जनता दरबार किसका बेहतर माध्यम हो सकते हैं। इसलिए नियमित रूप से आगे भी जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा।

### आर डब्लू ए राम नगर द्वारा लगाया गया सम्पत्ति कर शिविर

नई दिल्ली,। दिल्ली नगर निगम शाहदरा उत्तरी क्षेत्र द्वारा विशेष छुट वन प्लस फाइव योजना के तहत रामनगर स्थित आर डब्लू ए राम नगर वेलफेयर एवं सांस्कृतिक समिति के कार्यालय पर क्षेत्र के निवासियों ने इस योजना लाभ उठाया इस अवसर पर आर डब्लू ए के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने निगम की योजना का स्वागत किया और कहा ऐसी योजना हर वर्ष आनी चाहिए जिससे क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिल सके नगर निगम के संपत्ति कर विभाग से देवेंद्र शर्मा व सुभाष चंद मौजूद रहे कार्यक्रम में विशेष अतिथि शहीद भगत सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष नवज्योत सिंह, महासचिव सरदार अवतार सिंह कोहली रहे आर डब्लू ए अध्यक्ष दीपक शर्मा ने उनको पटका पहनाकर स्वागत किया कार्यक्रम में आर डब्लू ए के चैयरमेन रवि पंडित, महासचिव देवेंद्र पाल शर्मा, कानूनी सलाहकार सुभाष सभरवाल, उपाध्यक्ष अमित पचौरी, आनंद तिवारी, प्रचार मंत्री मीनाक्षी सचदेवा, जन सम्पर्क मंत्री राम गोपाल गुप्ता, समाजसेवी गौरव गुप्ता, हरिओम गुप्ता, परमानंद माहेश्वरी, राधे श्याम शर्मा, शोभित शर्मा, गौरव शर्मा व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शाहदरा जिला के प्रयास से मुस्लिम समुदाय में बढ़ा भाजपा का ग्राफ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली,। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शाहदरा जिलाध्यक्ष विपिन जैन के नेतृत्व में मोदी सरकार की 11 वर्ष व दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार के 100 दिन की उपलब्धियों को अल्पसंख्यक समुदाय के एक-एक मतदाता तक पहुंचाने के लिए अल्पसंख्यक चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोर्चा प्रदेश महामंत्री फैसल मंसूरी व जिला महामंत्री कार्यक्रम संयोजक मो. शमीम, निगम प्रत्याशी भरत भदौरिया, मंडल अध्यक्ष रवींद्र कुमार बाबू, मोर्चा जिला मंत्री नरेंद्र जैन, सफाकत खान, स्वालीन खान, अम्मान व नदीम आदि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओ ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता लोकसभा व विधानसभा चुनावों के चार माह के बाद भी यदि आम जनता के बीच जाने की हिम्मत कर रहे है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार व्दारा लगातार लिए जा रहे। जनकल्याणकारी फैसलों के कारण संभव हो पा रहा है। ज्ञात रहे मोदी ने काश्मीर जैसे राज्य तक रेल चलाकर मुस्लिम समाज की सुविधा के लिए ऐसा ऐतिहासिक कार्य किया है जिसकी किसी को कल्पना भी नहीं थी। सरकार ने वक्फ बोर्ड मे सुधार का कानून लाकर गरीब व पिछड़े मुस्लिम को मुख्य धारा में लाने का भी कार्य किया, इसके अतिरिक्त मुस्लमान आवास योजना, उज्ज्वला योजना, विश्वकर्मा योजना आदि के साथ-साथ अनेको योजनाओं का देश भर के सभी धर्मो के लोगों को बिना किसी भेदभाव के लाभ मिल रहा है। शाश्वत सत्य है कि केन्द्र सरकार सबका साथ सबका विकास व सबके विश्वास के मूलमंत्र के साथ काम कर रही है। दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा जनहित में लिए जा रहे फैसलो, चाहे वह दिल्ली में आयुष्मान योजना, पर्यावरण की रक्षा हेतु इलेक्ट्रिक बसों के संचालन, यमुना की सफाई या जन आरोग्य मंदिरों की योजना हो सभी को मुस्लिम समाज ने जमकर सराहा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran

www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, सोमवार, 23 जून, 2025

# आप झुग्गीवालों के साथ है, झुग्गियां बचाने के लिए हम बीजेपी की तानाशाही के खिलाफ लड़ते रहेंगे: सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली, बीजेपी सरकार के बुलडोजर के खिलाफ 29 जून को जंतर मंतर पर होने वाले आम आदमी पार्टी के विशाल आंदोलन में दिल्ली के झुग्गीवासी अपनी ताकत दिखाने के लिए तैयार हैं। आगामी रविवार को पूरी दिल्ली से लाखों झुग्गीवासी इस आंदोलन में शामिल होकर ह्वजहां झुग्गी वहां मकानह्व देने का झूठा वादा करने वाली बीजेपी की वादाखिलाफी के विरोध में हुंकार भरेंगे। दिल्ली भर के झुग्गीवालों को एकजुट करने के लिए, आम आदमी पार्टी द्वारा किए जा रहे झुग्गी संवाद को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। बीजेपी द्वारा जहां झुग्गी वहां मकान देने का वादा तोड़े जाने से हर झुग्गीवासी आक्रोशित है। रविवार को ह्वआपह्व के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने झुग्गी संवाद के दौरान कहा कि अरविंद केजरीवाल ने झुग्गीवासियों को सारी सुविधाएं देकर सम्मान की जिंदगी दी थी और अब बीजेपी उन्हें बर्बाद कर रही है। भाजपा ने दिल्ली चुनाव के दौरान झुग्गीवासियों को ह्वजहां झुग्गी-वहां मकानह्व देने का वादा किया था, लेकिन अब अपना वादा भूल चुकी है और जहां झुग्गी-वहां मैदान बनाकर गरीबों को बेघर कर रही है। सौरभ भारद्वाज ने नई दिल्ली विधानसभा के ईस्ट किदवई नगर में झुग्गी संवाद कार्यक्रम के दौरान झुग्गीवासियों से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व विधायक अखिलेशपति त्रिपाठी और पूर्व मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय समेत पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने लाउडस्पीकर के जरिए झुग्गी बचाने के इस आंदोलन में सभी को एकजुट होने की अपील की। सौरभ भारद्वाज समेत अन्य नेताओं ने झुग्गी वालों से बात कर उनकी परेशानियों को भी




जाना। झुग्गीवालों का कहना है कि वह बीजेपी सरकार के बुलडोजर की कार्रवाई से बेहद खौफ में हैं। उन्हें हमेशा अपनी झुग्गी टूटने का डर सताए रहता है। इस तनाव में वह लोग अच्छे से न खा पा रहे हैं और न सो पा रहे हैं। काम धंधे में भी मन नहीं लग रहा है। झुग्गीवालों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत बीजेपी के बड़े-बड़े नेताओं ने चुनाव के दौरान ह्वजहां झुग्गी वहां मकानह्व देने का वादा किया था। बीजेपी नेता उनकी झुग्गियों में आकर रात में रुकते थे और कहते थे कि बीजेपी की सरकार बनवा दो, यहीं पर फ्लैट बनवा कर देंगे। हम झुग्गीवाले बीजेपी नेताओं के झांसे में आ गए और उनकी सरकार बनवा दी। अब यही बीजेपी हमारी झुग्गियां तोड़कर हमें बेघर कर रही है लेकिन बीजेपी का कोई नेता उनका हाल पूछने नहीं आ रहा है। हमने अरविंद केजरीवाल की सरकार न बनवाकर बड़ी गलती कर दी। आज केजरीवाल की सरकार होती तो हम सकून की नींद सोते, क्योंकि वह हमारी झुग्गियां नहीं टूटने देते। इस दौरान सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी की इस तानाशाही के खिलाफ हम सभी को एकजुट होना पड़ेगा। अगर हम यह सोच कर बैठ जाएंगे कि हमारी झुग्गी तो अभी नहीं टूट रही है फिर हम क्यों बीजेपी के बुलडोजर की कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाएं, तो यह बहुत बड़ी गलती होगी। आज किसी झुग्गी का नंबर है, तो कल किसी और झुग्गी का नंबर होगा। एक-एक कर एक दिन सभी झुग्गियों का नंबर आएगा। बीजेपी ने ठान लिया है कि वह दिल्ली से गरीबों को बाहर निकाल कर रहेगी। बीजेपी गरीब विरोधी है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता कह रही हैं कि झुग्गियों का विकास करने के लिए मुंबई की धारावी की झुग्गियों का अध्ययन किया जा रहा है। सभी झुग्गीवालों को मालूम होना चाहिए कि धारावी की झुग्गियों की जमीन को बीजेपी ने अपने एक दोस्त को दे दिया है। अब दिल्ली की झुग्गियों की जमीन भी वह अपने दोस्तों को देना चाह रही है। इसीलिए जहां झुग्गी वहां मकान की तरह झुग्गी बस्तियों के विकास का लॉलीपॉप देना शुरू कर दी है। अरविंद केजरीवाल ने चुनाव के दौरान बार-बार धारावी की झुग्गियों का जिक्र कर बताया था कि बीजेपी ने वहां की जमीन अपने दोस्त को दे दी है। अगर बीजेपी दिल्ली की सत्ता में आई तो यहां की झुग्गियों की जमीन भी दे देगी और अब उनकी बात सच साबित होने लगी है।

# राशन कोटे की बहाली को लेकर समाधान दिवस में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

प्रातः किरण संवाददाता

रहरा।गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव पतेई खादर के ग्रामीणों ने शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर ब्लॉक सभागार के बाहर प्रदर्शन किया। बताया कि गांव में शिमला देवी राशन डीलर हैं। बीती 11 जून को गांव में तीन अधिकारी राशन डीलर शिमला देवी की जांच के लिए पहुंचे थे। आरोप लगाया कि अधिकारियों ने ग्रामीणों के कुछ खाली कागजों पर अंगूठा निशानी एवं हस्ताक्षर करा लिए। इसके बाद झूठे बयान लिखकर राशन की दुकान को निलंबित कर दिया। कहा कि गांव की राशन दुकान को दूसरे गांव में लगवाया जा रहा है। मांग करते हुए कहा कि झूठ बयानों के सहारे निलंबित की गई शिमला देवी की राशन की दुकान को बहाल कर गांव में ही राशन बंटवाया जाए। झूठे बयान लिखाने वाले जांच अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग भी की। इस दौरान पूनम देवी, अंजुम, गुलशन, वसीम, अनवर, गजराज सिंह, ममता देवी, मुनिदेव, रामपाल सिंह, अब्दुल कलाम, रूपेंद्र भाटी, अंकुर भाटी, नितिन कुमार, चमन त्यागी, जगमाल सिंह, विशाल त्यागी, शकुंतला देवी, उत्कर्ष, सुदेश, मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।

# श्री वेंकटेश्वरा मे 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर वृहद योग शिविर एवं सम्मान समारोह

## योग एवं अध्यात्म के बल पर फिर से दुनिया का सिरमौर बनने चला भारत: सुधीर गिरि



प्रातः किरण संवाददाता

अमरोहा/गजरौला।श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय एवं वी0जी0आई0 मेरठ के संयुक्त तत्वाँधान में चौदह दिनो से चले आ रहे योगा शिविर का शानदार समापन हुआ। इस अवसर पर योगा प्रशिक्षक आचार्य कृष्ण कुमार ने स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओ को योग के शानदार टिप्स देकर स्वस्थ भारत मिशन को योग के दम पर साकार करने की बात कही। श्री वेंकटेश्वरा संस्थान के ह्लयोग परिसरह्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अयोजित ह्लवृहद योग शिविर एवं सम्मान समारोह- 2025ह्व का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो0 कष्ण कान्त दवे आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ0 हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि ह्लयोग भारत की ऐतिहासिक विरासतह्व रही है। आज यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के अथक प्रयासो से योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलने से योग का खोया हुआ गौरव वापस लौट आया है। योग से हम व्यक्तिगत जीवन में सुधार लाने के साथ-साथ राष्ट्र विकास में भी अपनी प्रभावी भूमिका अदा कर सकते है।योगाचार्य कृष्ण कुमार ने कहा कि आइये हम सब मिलकर योग एवं अध्यात्म के बल पर भारत को स्वास्थ्य एवं वैश्विक सौहार्द्र के ह्लह्लब्रांड एम्बेसडरह्लह्ल के रूप में स्थापित करने की ओर बढ़े। श्री वेंकटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है। योग, अध्यात्म एवं युवा शक्ति के दम पर भारत फिर से विश्व गुरु बनने की राह पर चल पड़ा है। प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने कहा कि एक महीने तक चले इस योग माह के समापन पर आज देश के जाने माने योग गुरुओं एवं योगाचार्यो को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डा. पीयूष पांडेय, डॉ0 ऐना ऐरिक ब्राउन, लीगल डारेक्टर देवप्रताप सिंह, डॉ0 एल0एस0 रावत, डॉ0 एस0एन0 साहू, डा. मंजरी राणा, डॉ0 अनुषा कर्णवाल, पूजा ऐरी, नीमा, डॉ0 अखिल कुमार, डा. सी.पी. सिंह, डा. टी.पी. सिंह, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. राजवर्धन, डा. अनिल कुमार जायसवाल, डॉ0 ज्योति, डॉ0 रामकुमार, डॉ0 श्रीराम गुप्ता, एस.एस. बघेल, संजीव राय, अंकिता श्रीवास्तव, प्रीतपाल, गुरविन्दर, गौरव, सुनील भवानिया, विरेन्द्र सिंह, अरविन्द, के0पी0 सिंह, रंजीत सिंह मुलतानी, नागेन्द्र प्रताप सिंह, मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा, सभी नर्सिंग स्टूडेन्टस, अन्य कर्मचारीगण एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कार चालक की मौत, शव पोस्टमार्टम को भेजा

अमरोहा। सदर विधायक व पूर्व मंत्री महबूब अली के छोटे बेटे शाहनवाज अली की कार चालक का शव गांव से थोड़ी दूर एक मकान की छत पर मिला है। घटना के पीछे पारिवारिक क्लेश माना जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के बड़े भाई ने पुलिस को दी तहरीर में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई है। मृतक प्रवीण कुमार रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव खाता का रहने वाला था। 35 वर्षीय प्रवीण व उसकी पत्नी कोमल के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार को कोमल के मायके वाले भी खाता गांव आए थे और दोनों पक्षों में पंचायत हुई थी। पंचायत के बाद प्रवीण घर से निकल आया था।विधायक महबूब अली के बेटे शाहनवाज बाहर गए थे, लिहाजा प्रवीण कार चलाने नहीं गया था। शुक्रवार को पंचायत के बाद घर से निकला प्रवीण रात को भी घर वापस नहीं पहुंचा। परिजनों ने उसका मोबाइल नंबर डायल किया तो वह बंद था। अब शनिवार सुबह उसका शव हाईवे किनारे स्थित एक मकान की छत पर पड़ा मिला। यह मकान खाता गांव के ही रहने वाले चुम्मन लाल का है। चुम्मन लाल हाईवे किनारे बजरी-सीमेंट की दुकान करते हैं। उनकी दुकान से लगभग दो सौ मीटर दूर स्थित मकान की छत पर ग्रामीणों ने शव पड़ा देखा तो चुम्मन लाल को सूचना दी। रजबपुर व डिडौली पुलिस के साथ ही सीओ सदर शक्ति सिंह भी आ गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में घरेलू क्लेश के चलते जहर खाने की आशंका जताई है। सीओ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# अग्नि से पहले सजगता जरूरी: शांति मोहल्ला मार्केट में चला फायर ब्रिगेड का विशेष अभियान

## शाहदरा ज़िले की दुकानों में अब भी नहीं है आग से लड़ने का जरूरी इंतजाम

प्रातः किरण .मनोज जैन

शाहदरा ज़िले के गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में स्थित शांति मोहल्ला मार्केट में आज दिल्ली फायर ब्रिगेड के अधिकारी मनोज यादव ने निरीक्षण करते हुए व्यापारियों से संवाद किया। बाजार में बढ़ती भीड़ और सामान की घनत्व को देखते हुए उन्होंने आग से सुरक्षा की दिशा में जरूरी उपायों की खुलकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि दुकानें सिर्फ व्यापार की जगह नहीं होतीं, बल्कि वहां रोज इंसानी जानें और जीवन की कमाई दांव पर लगी होती है। इसलिए जरूरी है कि हर दुकानदार अपनी दुकान को ऐसे तैयार करे कि आग जैसी आपदा के समय तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने




आया कि बहुत ही कम दुकानदारों ने अपनी दुकानों में अग्नि सुरक्षा से जुड़ी चीजें लगाई हैं। ज्यादातर दुकानों में न तो फायर एक्सटिंगुइशर थे, न पानी या रेत की बाल्टी, और न ही कोई आपातकालीन निकासी की स्पष्ट व्यवस्था। अधिकारी मनोज यादव ने कहा कि नगर निगम द्वारा पहले भी रिपोर्टें दी गई हैं, लेकिन सुधार अब भी बहुत सीमित है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा झ ह्लहम लोग आग के बाद आते हैं, लेकिन आग से पहले आपको ही सजग रहना होगा। वक्त रहते उठाया गया एक कदम आपके पूरे व्यापार को बचा सकता है। उन्होंने व्यापारियों को समझाया कि दुकान में फायर एक्सटिंगुइशर अवश्य होना चाहिए, जो किसी भी छोटे विस्फोट या आग की शुरूआत को रोक सके। इसके अलावा, कम से कम एक बाल्टी रेत और एक बाल्टी पानी हर समय तैयार रखनी चाहिए, खासकर उन दुकानों में जहाँ कपड़ा, लकड़ी या प्लास्टिक का सामान होता है। दुकान की बिजली व्यवस्था भी ठीक तरह से फिट होनी चाहिए झ खुले तार, उलझे हुए कनेक्शन और ज्यादा वोल्टेज वाले उपकरण आग का पहला कारण बनते हैं। साथ ही, दुकान का प्रवेश व निकासी मार्ग कभी भी बंद नहीं होना चाहिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोग तुरंत बाहर निकल सकें। आपके पास ये साधन होंगे, तो दमकल विभाग के आने से पहले ही आप आग को रोकने में सक्षम होंगे, उन्होंने कहा। आज का यह दौरा केवल निरीक्षण नहीं था, बल्कि एक कड़ा संदेश था। आग तब नहीं बताकर आती, लेकिन उस पर काबू पाने के लिए पहले से की गई तैयारी ही सबसे बड़ा हथियार है। अब यह शाहदरा के व्यापारियों पर है कि वे इसे चेतावनी समझें या अवसर झ सजगता का, सुधार का, और अपने व्यापार को सुरक्षित रखने का।

# सोनागिर में विराट नि:शुल्क दिव्यांग कैम्प आयोजित

## 51 दिव्यांगजन हुए चयनित, कृत्रिम अंग व श्रवण यंत्र वितरित होंगे 6 जुलाई को

प्रातः किरण .मनोज जैन

श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र सोनागिर में अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद, दिल्ली द्वारा एक भव्य एवं निःशुल्क विराट दिव्यांग कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी ऋषि सिंघई द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि ह्लहर नागरिक को आगे लाने और समाज में समानता लाने का यह प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय है। यह संस्था के सेवा भाव और समर्पण को दशार्ता है।ह्व कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी विपिन त्रिपाठी तथा महिला एवं बाल विकास अधिकारी अरविंद उपाध्याय




उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सिद्धक्षेत्र सोनागिर संरक्षिणी ट्रस्ट के महामंत्री बाल चंद जैन ने की। आयोजन में सौहार्द और सेवा का समर्पण स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। परिषद के महासचिव अशोक जैन ने बताया कि यह आयोजन स्व. जियालाल सुमेरचंद जैन की स्मृति में, उनके पुत्र राकेश एवं राजेश जैन तथा सुभाष चंद जैन परिवार, दिल्ली के विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ। यह परिषद का 58वां दिव्यांग कैम्प है, जिसमें 51 दिव्यांगजनों का चयन कर लिया गया है। उन्हें कृत्रिम हाथ-पैर, पोलियोकैलिपर्स, ऑर्थो शूज (विशेष जूते), स्टिक तथा बुजुर्ग श्रवणहीनों को श्रवण यंत्र प्रदान किए जाएंगे। सभी उपकरण दिल्ली स्थित कार्यशाला में बनवाकर आगामी 6 जुलाई को इसी स्थान पर वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिषद के सहसचिव आलोक जैन, सम्भव जैन, विपुल जैन, संयोजक समकित जैन, स्थानीय जिला प्रशासन और श्री सिद्धक्षेत्र सोनागिर संरक्षिणी ट्रस्ट की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में परिषद की ओर से स्व. जियालाल सुमेरचंद जैन परिवार, दिल्ली के सहयोग के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया गया।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



ठाकुरद्वारा। योग की ऋषि परम्परा के अमूल्य उपहार योग ने विश्व को मानसिक, आध्यात्मिक और शारीरिक उन्नयन की राह दिखाई है। योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ समाज के निर्माण में सहभागी बनना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर रतुपुरा ब्लॉक ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थिति में विभिन्न प्रकार के योग एवं एवं निरोगी स्वस्थ जीवन जीने की बात कही गई।कहा गया कि योग मानव जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है। इसका निरंतर अभ्यास करना आवश्यक है ।लोगों को इसके प्रति जागरूक किया ।एवं सूर्य नमस्कार , कपाल भाती अलोम विलोम ताड़ासन ब्रज आसन करके उसके फायदे बताए गए। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी निखिल जांगिड़, एएनएम अंजलि ,बिजेंद्र चौहान अभिषेक शुभम आकाश मनदीप रेखा ज्योति एवं अवनी जांगिड़ आशा,आंगनवाड़ी , व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संगठन की मजबूती पर जोर दिया

प्रातः किरण संवाददाता

अमरोहा। भारतीय किसान यूनियन की गांव जगवा खुर्द एवं घनसुरपुर में बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाना एवं किसानों-मजदूरों की जमीनी समस्याओं को समझना रहा। संगठन के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह ने युवाओं से संवाद करते हुए संगठन की मजबूती को एकजुटता और सक्रियता का आह्वान किया। कार्यक्रम में युवा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, युवा जिला अध्यक्ष मोहन बेनीवाल, युवा जिला उपाध्यक्ष हर्षित गिल, मंडल महासचिव युवा मनोज धारीवाल, कुलदीप चौधरी, मोहित चीमा, परमजीत सिंह, आकाश चौधरी, गोलू आदि रहे।

# बजरंग दल के प्रखंड संयोजक के खिलाफ कार्यवाही की मांग, प्रर्दशन

## कार्यवाही नहीं होने पर धरने पर बैठे सफाई कार्मचारी, चौपट हुई सफाई व्यवस्था




प्रातः किरण संवाददाता

रामपुर/मसवासी। सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट करने वाले बजरंग दल नेता की गिरफ्तारी की मांग को लेकर उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश महासचिव दीप सिंह राही के नेतृत्व में नगर पंचायत मसवासी के सफाई कर्मचारीयों ने नगर की सफाई व्यवस्था बन्द कर स्वार कोतवाली में दिया धरना इस मौके पर सफाई मजदूर संघ के प्रदेश महासचिव दीप सिंह राही ने कहा कि नगर पंचायत मसवासी के संविदा सफाई कर्मचारी राजीव शर्मा के साथ तीन दिन मसवासी बजरंग दल नेता द्वारा कार्यालय में घुस कर मारपीट की गई थी जिसमें बजरंग दल के नेता के खिलाफ नामजद तहरीर कोतवाली में देने के बावजूद भी पुलिस बजरंग दल नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने से कतरा रही है जिससे सफाई कर्मचारीयो में रोष व्याप्त है जब तक बजरंग दल के नेता के खिलाफ पुलिस मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार नहीं करती नगर पंचायत मसवासी की सफाई व्यवस्था बन्द रहेगी धरने पर आये स्वार सी ओ अतुल कुमार पाण्डेय ने सफाई कर्मचारीयों बार्ता कर दो दिन में बजरंग दल नेता की गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया सफाई कर्मचारीयों ने कोतवाली से धरना समाप्त किया लेकिन गिरफ्तार होने तक नगर पंचायत मसवासी सफाई व्यवस्था बन्द रहेगी पीड़ित नगर पंचायत कर्मी राजीव शर्मा का कहना है कि अर्जुन गुप्ता एक गुंडा किस्म का व्यक्ति है जो की आए दिन लोगों के साथ मारपीट एवं गाली गलौज करता रहता है तथा हिंदुओं को ही प्रताड़ित करता है गौ सेवा के नाम पर कुछ गुंडो को साथ लेकर दलाली कर रहा है तथा सत्ता का हऊबा दिखाकर लोगों से अवैध बसूली कर रहा है, जिसे पूरा समाज जानता है कुछ ही दिन पहले जाटव समुदाय के युवक के साथ इसके गुंडों द्वारा मारपीट की गई थी जिसमें सैकड़ो की संख्या में जाटव समाज की महिला एवं पुरुष विरोध में सड़कों पर आ गए थे जिससे नगर में बहुत बड़ी अप्रिय घटना होने से बाल बाल बच गई थी धरने पर सर्वेश चौधरी, कपिल वाल्मीकि एडवोकेट, महेंद्र दीवान, प्रदीप राजहंस,मुकेश वाल्मीकि, विजय, नितिन,दिनेश,अशोक, राहुल, राकेश,नवल किशोर , अमरनाथ,भागमल,रेखा, अनिता, नीतू आदि काफी संख्या में कर्मचारी शामिल रहे।

# जस्टिस सुधीर अग्रवाल और अतिरिक्त डीसीपी नेहा यादव मंच पर साथ योग करते नजर आए

● शाहदरा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बना अनुशासन, श्रद्धा और सेवा का संगम

प्रातः किरण . मनोज जैन

दिल्ली के शाहदरा ज़िले ने इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को केवल सरकारी आयोजन नहीं, बल्कि जन-जागृति, मानसिक शांति और राष्ट्रीय अनुशासन के रूप में मनाया। जिले के हर कोने में – पार्क हों या सरकारी परिसर, थाने हों या कंपनियों के कार्यालय, हर स्थान पर लोगों ने सामूहिक रूप से योग किया। यह दृश्य केवल स्वास्थ्य का नहीं, एक सामूहिक चेतना का प्रमाण बनकर सामने आया। लोगों ने माना कि आज के तनाव भरे समय में दवा से



ज्यादा असर योग का है। शाहदरा के विवेक विहार स्थित यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुए भव्य आयोजन ने पूरे क्षेत्र का ध्यान खींचा। जैसे ही एक विशेष वाहन रुका और उसमें से राम मंदिर निर्णय देने वाले न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल उतरे, चारों ओर जय श्रीराम के नारे गूंज उठे। भारी शरीर और उम्र के बावजूद, न्यायमूर्ति महोदय ने तपती धूप में एक घंटा मैदान में बैठकर योग किया, जिससे लोगों में ऊर्जा और श्रद्धा दोनों का संचार हुआ। उन्होंने जनता के साथ बैठने की सरलता को चुना, जो उनकी विनम्रता और सेवा भावना का प्रतीक बना। इसी आयोजन में एक और गरिमामयी उपस्थिति थी – शाहदरा जिले की अतिरिक्त डीसीपी श्रीमती नेहा यादव की। आम लोगों के बीच, किसी लाव-लश्कर या रौब के बिना, वे पूरे एक घंटे तक सहजता से योग करती रहीं। जब मंच से उनका परिचय हुआ तो लोगों को यह जानकर गर्व हुआ कि जो महिला अधिकारियों को अकसर मंच से निर्देश देते देखा जाता है, वह आज स्वयं जनता के साथ मैदान में आसन कर रही हैं। उनके इस आत्मीय व्यवहार और सहभागिता ने पुलिस और आमजन के बीच की दूरी को कम कर दिया। सबसे प्रेरक क्षण तब आया जब न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और अतिरिक्त डीसीपी नेहा यादव, दोनों ही एक साथ मंच पर योग करते नजर आए। यह दृश्य केवल दो अधिकारियों की उपस्थिति नहीं थी, बल्कि यह उस संविधान और अनुशासन के संगम का दृश्य था, जिसमें एक ओर न्याय और धर्म का प्रतिनिधित्व था, तो दूसरी ओर सुरक्षा और सेवा का। जनता इस दृश्य को देर तक निहारती रही, जैसे कोई शांति और शक्ति की मूर्तिमान तस्वीर उनके सामने साकार हो गई हो।

# ईद-ए-मुबाहेला पर सैदनगली की इमामबारगाह फातेमा में हुआ जश्न

प्रातः किरण संवाददाता

सैदनगली ।कस्बे के मुहल्ला दक्षिण के इमामबारगाह फातेमा में शनिवार रात ईद-ए-मुबाहेला के अवसर पर जश्न का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आगाज गुलाम सय्यदेन ने हदीसे किसा की तिलावत से किया। डॉ. लईक हैदर ने खुदा की हम्द व नाते रसूल पढ़ी। इसके बाद असद अब्बास, अम्मार हैदर, रियाजुल हसन, मिसाल अब्बास, शबीह हैदर, मुहम्मद अब्बास, एजाज मुर्तजा, सलमान अब्बास, सफदर अली, दावर अब्बास आदि ने एहलेबैत की शान में कलाम पढ़े। डा. अहमद मुर्तजा ने तकरीर में ईद-ए-मुबाहेला के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि इस दिन एहलेबैत की अजमत दुनिया के सामने उजागर हुई। सच्चों की जीत हुई और झूठों की हार हुई।

# बारिश से तरबतर हुई दिल्ली कई इलाकों में झमाझम

प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली, ।दिल्ली एनसीआर में अचानक मौसम बदलने से लोगों को राहत मिली है। हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने से मौसम सुहावना हो गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में झमाझम बारिश होने का अनुमान जताया है। दिल्ली एनसीआर में अचानक मौसम बदलने से लोगों को राहत मिली है। हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने से मौसम सुहावना हो गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं मौसम के करवट लेने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। राजधानी के साउथ-वेस्ट इलाकों में हवाओं के साथ बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले दिनों में राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में झमाझम बारिश होने का अनुमान है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार को दोपहर बाद मौसम में अचानक बदल गया। दिल्ली के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारिश के कारण तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे उमस भरी गर्मी से कुछ राहत मिली। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक हल्की बारिश और आंधी की संभावना जताई है। साथ ही दिल्ली एनसीआर में येलो अलर्ट भी जारी किया है। दिल्ली के आरके पुरम और चाणक्यपुरी इलाके से बारिश की तस्वीरें सामने आई हैं। यहां बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं यूपी के भी कुछ जिलों में बारिश दर्ज की गई है। वाराणसी समेत पूर्वी यूपी के कई जिलों में बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले दो-तीन दिनों में दिल्ली में मानसून की दस्तक हो सकती है। दक्षिण-पश्चिमी मानसून आने की वजह से बिहार और पूर्वी यूपी के कुछ हिस्सों में बारिश हुई है। वहीं एमपी और उत्तराखंड के ज्यादातर जिलों में, हिमाचल और लद्दाख के कुछ हिस्सों में मानसून आगे बढ़ गया है। आईएमडी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मानसून अपने तय समय से पहले आने की उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन अभी दिल्लीवासियों को मानसून के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल, एक की हालत गंभीर

प्रातः किरण संवाददाता

गजरौला ।कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। रजबपुर निवासी जमील अहमद व फिरोज बाइक से हापुड़ में स्थित अपनी रिश्तेदारी में गए थे। दोनों शनिवार की देर रात घर वापस लौट रहे थे। नेशनल हाईवे पर ख्यालीपुर ढाल के निकट पीछे से तेजगति के साथ आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। आसपास के लोग जमा हुए तथा दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।सूचना मिलने पर घायलों के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंचे। फिरोज की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही।

# लखीसराय में डिप्टी सीएम ने किया भामा साह पार्क सौंदर्यीकरण योजना का शिलान्यास

## राष्ट्रभक्त भामा साह के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत : विजय सिन्हा

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय। बिहार के उपमुख्यमंत्री सह लखीसराय विधायक विजय कुमार सिन्हा अपने दो दिवसीय प्रवास के तहत लखीसराय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहर के नया बाजार स्थित बड़ी दुर्गा स्थान मंदिर के निकट दानवीर भामा साह पार्क एवं कुँआ के सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। यह योजना डिप्टी सीएम के ऐच्छिक निधि से संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य शहर की खूबसूरती बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को एक बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान जिले के डीएम मिथलेश कुमार मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, नगर परिषद के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। शिलान्यास के अवसर पर डिप्टी सीएम ने कहा कि दानवीर भामा साह केवल इतिहास के पात्र नहीं, बल्कि प्रेरणा के स्रोत हैं। उन्होंने राष्ट्र और समाज के लिए जो योगदान दिया, वह आज भी प्रासंगिक है। ऐसे महापुरुषों के नाम पर पार्कों और स्थलों का विकास भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। मौके पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विजय कुमार सिन्हा ने विपक्ष पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को अवसर मिला,तब उन्होंने राज्य के विकास की दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं किया। अब जब एनडीए सरकार लगातार जनहित में योजनाएं चला रही है, तो विपक्ष के नेताओं में बेचैनी साफ देखी जा रही है। उन्होंने तेजस्वी यादव की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्हें ह्यजंगलराज और अराजकता वाले विद्यालय का छात्रह्व बताया। डिप्टी सीएम ने कहा कि आज विपक्ष की भाषा में न शालीनता है और न ही मर्यादा। बिहार की जनता अब बहुत जागरूक हो चुकी है और वह विकास और सुशासन के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लगातार ऐसे कार्य किए जा रहे हैं जिससे आमजन को सीधा लाभ पहुंचे। समारोह के अंत में डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि जनता की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए हर योजना को धरातल पर उतारना सरकार की प्राथमिकता है।

## डिप्टी सीएम ने लखीसराय डबल मर्डर पीड़ित परिवार से की मुलाकात,कहा-दोषी कोई भी हो,बख्शा नहीं जाएगा



लखीसराय ! डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा दौरे पर लखीसराय पहुंचे। यहां उन्होंने पिपरिया प्रखंड के वलीपुर पंचायत में मुखिया चंदन कुमार उर्फ डोमू सिंह और वार्ड सदस्य प्रतिनिधि चंदन कुमार की हत्या मामले को लेकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मृतक मुखिया की पत्नी पल्लवी कुमारी और अन्य परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली। पल्लवी कुमारी डिप्टी सीएम के सामने फूट-फूटकर रो पड़ीं और अपने पति के हत्यारों को सजा दिलाने की गुहार लगाई। डिप्टी सीएम ने उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया और आश्वस्त किया कि सरकार हर हाल में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। पत्रकारों से बात करते हुए डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने घटना को बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस दोहरे हत्याकांड की जांच पुलिस गंभीरता से कर रही है और जो भी दोषी होगा, वह चाहे सत्ता पक्ष से जुड़ा हो या विपक्ष से, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता न्याय दिलाना है और किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि मृतक परिवार को सुरक्षा और मुआवजा दिलाने को लेकर सरकार पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में अपराध नियंत्रण को लेकर सख्त कार्रवाई की जा रही है और जरूरत पड़ी तो एक बार फिर एनकाउंटर की नीति पर विचार किया जाएगा। पूर्व सांसद पप्पू यादव द्वारा पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद सरकार पर किए गए हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए डिप्टी सीएम ने तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पप्पू यादव जैसे लोग जंगल राज के विद्यालय में पढ़े-लिखे हैं और उनकी मानसिकता अब भी वैसी ही है। ऐसे ही मानसिकता के लोग आज भी अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं। डिप्टी सीएम का यह दौरा न केवल पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जताने का था, बल्कि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा और अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

# ई- श्रम पोर्टल पर लक्ष्य 672992 के विरुद्ध 656951 श्रमिकों को किया निबंधन, डीएम ने की समीक्षात्मक बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा जिला पदाधिकारी तारणजोत सिंह की अध्यक्षता में श्रम संसाधन विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षात्मक बैठक शनिवार को झल्लू बाबु सभागार में आहूत की गई। इस बैठक में श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत निबंधित श्रमिकों की समीक्षा की गई। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा बोर्ड के अन्तर्गत ज्यादा से ज्यादा निबंधन हेतु पंचायतों में रोस्टर वाईज कैम्प लगाते हुए निर्माण श्रमिकों खासकर मनरेगा श्रमिकों के निबंधन हेतु निदेश दिया गया। बोर्ड के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत ज्यादा से ज्यादा आवेदन सृजन हेतु निदेश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। इस कार्य में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा को आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निदेश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। इसके अतिरिक्त बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना 2011 एवं बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना 2008 के अंतर्गत अधिक से अधिक योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने तथा प्रवासी योजना अन्तर्गत अधिक से अधिक आवेदन सृजित करने का निदेश दिया गया। साथ हीं माहवार प्रतिवेदन तैयार करने हेतु निदेशित किया गया। ई- श्रम पोर्टल पर लक्ष्य 672992 के विरुद्ध 656951 श्रमिकों के निबंधन पर जिला पदाधिकारी द्वारा संतोष जताया गया।

## बारिश पड़ते ही बर्बाद हुआ लाखों - लाख रुपये का कच्चा ईंट

तारापुर (मुंगेर) । तारापुर - संग्रामपुर एस एच -22 एवं तारापुर खड़गपुर पीडब्ल्यूडी सड़क के किनारे कई वर्षों से चिमनी ईटं एवं बंगला भट्ठा के कारोबार में लगे कारोबारियों के ऊपर मौसम का मिजाज बदलते ही गरज के साथ झमाझम हुई बारिश के कारण लाखों - लाखों रुपए का कच्चा ईंट पूरी तरह से बर्बाद होने का मामला सामने आया है । गौरतलब है कि चिमनी ईटं मई एवं जून महीने के शुरूआती दिनों तक मजदूरों ने लाखों -लाख कच्चा ईंट की पथाई किया था । जिसे जून के अंतिम सप्ताह में कोयला के माध्यम से पकाई किया जाना था। बारिश पड़ने के कारण कच्चा ईटं पूरी तरह से बर्बाद होकर रह गया है। इधर एट भट्ठा पर कार्यरत मुंशी चकरी सिंह , पनसल्ला ने रविवार को बताया कि मजदूरों ने लगभग लाखों लाख कच्चा ईटं की पथाई किया था । जिसकी मजदूरी एवं अन्य सामग्री में लगभग 10 लाख रुपया खर्च हुए थे। जहां बारिश होते ही कारोबार में लगाया गया पूंजी पूरी तरह से बर्बाद होकर रह गया। आगे बताया कि बारिश शुरू होने से पहले कच्चा ईटं के बचाव को लेकर त्रिपाल से ढ़का भी गया, लेकिन तेज हवा के साथ झमाझम बारिश ने पूरी तरह से बर्बाद करके छोड़ दिया ।

# अफसर आलम ने मुखिया पद के उपचुनाव में किया नामांकन, विकास को बताया प्राथमिक एजेंडा

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिला के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत सिंटानाबाद उत्तरी पंचायत में होने वाले मुखिया पद के उपचुनाव में अफसर आलम ने अपने नामांकन की औपचारिकता पूरी कर ली है। नामांकन के बाद पत्रकारों से खास बातचीत में उन्होंने बताया कि इस बार वे पंचायत के ठप पड़े विकास कार्यों को गति देने के इरादे से चुनावी मैदान में उतरे हैं। अफसर आलम ने कहा पंचायत में कई योजनाएं अधूरी पड़ी हैं। अगर जनता मुझे मुखिया पद के लिए चुनती है तो सबसे पहले पंचायत में एक एंबुलेंस की व्यवस्था की जाएगी, क्योंकि स्वास्थ्य केंद्र की दूरी के कारण कई मरीज समय पर इलाज नहीं मिल पाने से दम तोड़ देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि अब तक जिन लोगों को जनता ने मौका दिया, उन्होंने सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। अफसर आलम ने जनता से अपील करते हुए कहा, जो मुखिया पांच साल और दस साल में काम नहीं कर सका, वो मैं केवल 12 महीनों में कर के दिखाऊंगा। मुझे एक मौका दीजिए, मैं यह साबित करूंगा। साथ ही अफसर आलम ने यह भी कहा कि आने वाले समय में घोषणाओं की खानापूर्ति, भ्रष्टाचार, अपराध और विशेष रूप से आवास योजनाओं में की जा रही लापरवाही को उजागर किया जाएगा। उन्होंने वादा किया कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने का ईमानदारी से प्रयास करेंगे। साथ ही पंचायत में जल-जमाव की समस्या काफी जटिल है, जिसे दूर करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

# पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत 42 गुमशुदा मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा बिहार पुलिस मुख्यालय, पटना के आदेशानुसार चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत सहरसा जिले में खोए हुए मोबाइलों को उनके असली मालिकों तक पहुंचाने का काम लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में सहरसा पुलिस द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन, सहरसा में किया गया। इस कार्यक्रम में डीआईजी मनोज कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार की उपस्थिति में कुल 42 व्यक्तियों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन लौटाए गए। लौटाए गए इन मोबाइलों की अनुमानित कुल कीमत 5 लाख 98 हजार रुपये बताई गई है। डीआईजी मनोज कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा सहरसा पुलिस नागरिकों की सेवा में सदैव तत्पर है। ऑपरेशन मुस्कान के माध्यम से लोगों के खोए मोबाइल लौटाकर हम उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास कर रहे हैं। यह पहल भविष्य में भी जारी रहेगी। बता दें कि ऑपरेशन मुस्कान के अब तक के चारों चरणों में कुल 194 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंपे गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 27 लाख 78 हजार 52 रुपये आंकी गई है। इस पहल से लोगों में जहां राहत की भावना है, वहीं पुलिस की तकनीकी दक्षता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता भी उजागर होती है।

# कुमार संजय प्रताप को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करते हुए प्रमोद पासवान को उपाध्यक्ष पद के लिए किया गया मनोनीत, हर्ष

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष के रूप में शिक्षक प्रमोद पासवान का नाम मनोनीत किया गया। जिसे लेकर उनके चाहने वाले शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। जिला प्राथमिक शिक्षक संघ मधेपुरा के जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार और प्रधान सचिव आशीष कुमार के द्वारा जारी पत्र में बताया गया कि बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ पटना के आदेशानुसार एवं जिला प्राथमिक शिक्षा मधेपुरा के द्वारा पूछे के स्पष्टीकरण का जवाब नहीं दिए जाने, लगातार संघ विरोधी आचरण एवं कार्य, शिक्षकों को गुमराह करने, अनाधिकृत अलग संगठन बनाने, संगठन के प्रोटोकॉल के विरुद्ध, जिला प्राथमिक शिक्षक संघ मधेपुरा के व्हाट्सएप ग्रुप पर चैट के माध्यम से इस्तीफा देने, जिला के सम्मानित शिक्षकों के साथ लगातार अभद्र व्यवहार करने जैसे अन्य को संघ विरोधी कार्य के लिए जाने के कारण जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी की सर्वसम्मति से श्री कुमार संजय प्रताप को वरीय उपाध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करते हुए प्रमोद पासवान प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय लौवा लगान को वरीय उपाध्यक्ष के पद पर पत्र निर्गत की तिथि से मनोनीत किया जाता है।प्रमोद पासवान के जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर संघ के प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण गोपाल पासवान, उदाकिशुनगंज के अंचल सचिव ललन कुमार दीनबंधु, चौसा के अंचल सचिव बिरेन्द्र राय, प्रधानाध्यापक छविनाथ पासवान, गौतम कुमार गुप्त, विजय पासवान, अनिल कुमार, भैरवानंद योगी, दिनेश साह, राजेश राजन, सुभाष पासवान, सुभाष कुमार सुमन, संजय कुमार, गंगाराम भारतीय, शिक्षक यहिया सिद्दीकी, संजय कुमार सुमन, जवाहर चौधरी, वसंत कुमार सहित दर्जनों लोगों ने बधाई देते हुए हर्ष जाहिर किया।

# जनसंख्या के अनुपात में वैश्य समाज को राजनीति में मिले भागीदारी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई बिहार में 25 फीसद जनसंख्या वैश्य समाज की है। लेकिन आबादी के अनुपात में राजनीति के क्षेत्र में भागीदारी नाम मात्र की है। यह बातें सरस्वती अर्जुन एकलव्य महाविद्यालय के प्रशाल में वैश्य कल्याण महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध समाजसेवी प्रकाश कुमार भगत ने कही। उन्होंने कहा की वैश्य समाज दर्जनों उप जाति में बटा है। इस समाज को आबादी के अनुपात में आसन्न विधान सभा चुनाव में उचित भागदारी मिलनी चाहिए। वैश्य वर्ग के लोग आज भी राजनीति में रुचि नहीं ले रहे हैं। इसके चलते यह वर्ग सत्ता से काफी दूर है। हक और हुकूक के लिए सत्ता में हिस्सेदारी नितांत जरूरी है। लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने वैश्य समाज की घोर उपेक्षा की। अगर हम चुप रह गए तब विधानसभा चुनाव में भी उपेक्षित रह जाएंगे। श्री भगत ने कहा कि वैश्य समाज की आवाज को सत्ता के गलियारे तक पहुंचाने के लिए 03 अगस्त को गांधी पार्क जमुई में वैश्य कल्याण महासभा के वीर बेटों का महाजूटान होगा। इस महाजूटान के जरिए हम अपना राजनीतिक दावा पेश करेंगे। उन्होंने समाज के लोगों से चट्टानी एकता बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा कि 03 अगस्त के महाजूटान को सफल बनाकर नए इतिहास का लेखन करें। वैश्य कल्याण महासभा के सम्मानित नागरिक मनोहर प्रसाद गुप्ता ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि संगठन को पंचायत और वार्ड स्तर पर सशक्त बनाना है। उन्होंने इसके लिए संगठन का घर-घर झंडा अभियान चलाने का ऐलान करते हुए कहा कि वैश्य समाज के पिछड़ा वर्ग में रहने के बावजूद इसे ओबीसी में शामिल नहीं किया जाना गंभीर विषय है।

# लोक लेखा समिति के सभापति भाई वीरेंद्र से मिले प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल, सौंपा एक ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर ।शनिवार को मुंगेर स्थित परी सदन में लोक लेखा समिति, बिहार विधानसभा के सभापति भाई वीरेंद्र से प्रंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल मोर्चा के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन एवं मोर्चा के संरक्षक नरेश सिंह यादव के नेतृत्व में मिलकर पांच सूत्री मांग पत्र सोपा। प्रतिनिधि मंडल में मोर्चा के नेता मंटू यादव, अशोक रजक, नवल किशोर यादव, मोहम्मद कौसर फैयाज शामिल थे। मांग पत्र में मुख्य रूप से नोवागढ़ी मुंगेर में मुंगेर विश्वविद्यालय की भवन निर्माण हेतु शीघ्र भूमि अधिग्रहण कर शिलान्यास करने, 2015 से बंद पड़े होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज मुंगेर की मान्यता बहाल कर फिर से नामांकन प्रक्रिया शुरू करना, बरसों से बंद पड़े बंदूक कारखाना को फिर से चालू कर बेरोजगार कुशल कारीगरों को रोजगार देना, पूर्वी बिहार का हृदय स्थली मुंगेर में एम्स की स्थापना करना, मुंगेर जिला अंतर्गत सभी धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना, आर डी एण्ड डी जे कॉलेज, मुंगेर के जर्जर भवनों एवं चार दिवारी का जीणोद्धार कराकर छात्र-छात्राओं को सुरक्षा प्रदान कर तथा छात्राओं को खेल के प्रति उत्साहित करने के लिए आरडी एंड डीजे कॉलेज मुंगेर स्थित खेल मैदान को स्टेडियम के रूप में विकसित करना तथा वर्षों से बंद पड़े बॉयज कॉमन रूम को शीघ्र चालू करने की मांग शामिल था। इस अवसर पर राजद के प्रमोद कुमार यादव, जिला परिषद सदस्य संजय सिंह, नगर निगम मुंगेर के डिप्टी मेयर खालिद हुसैन, राजद नेता श्रीकांत यादव, विकास यादव सहित अन्य मौजूद थे। मोर्चा द्वारा दिए गए मांगों के संदर्भ में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभापति भाई वीरेंद्र ने दूरभाष पर जिलाधिकारी मुंगेर से बातें की।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेर्चुअल मोड में जीविका दीदीयों व डीएम के साथ महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक किया

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर । मुख्यमंत्री,नितीश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को वर्चुअल मोड में सभी जिलाधिकारियों एवं जीविका दीदीयों के साथ महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। इस परिपेक्ष्य में समाहरणालय संवाद कक्ष में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के नेतृत्व में भी जीविका की कई दीदीयां उपस्थित होकर महिला संवाद की समीक्षात्मक बैठक से जुड़ीं। इस अवसर पर उन्होंने महिला संवाद में शामिल सभी जीविका दीदीयों का स्वागत एवं अभिनंदन किया और कहा कि आज 18 वर्षों बाद जीविका दीदीयों की स्थिति देख रहा हूं, वह अत्यंत ही सरानीय और प्रफूल्लित करने वाला है। आप सभी यूं ही आगे बढ़ते रहें और अपने समाज, जिले के साथ साथ राज्य का नाम रोशन करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, जीविका के जिला कार्यक्रम प्रबंधक गुरूदेव सहित अन्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 18 अप्रैल से 20 जून तक चले महिला संवाद ने राज्य में एक नया इतिहास रचा है। पूरे महिला संवाद के दौरान लगभग डेढ़ करोड़ महिलाएं इसमें भाग लीं और लगभग 50 हजार नए समूह के साथ लगभग पांच लाख नए सदस्य जुड़ीं हैं। पूरे राज्य में 11 लाख महिला समुदाय समूह से एक करोड़ 40 लाख दीदीयां जुड़कर खुद को आर्थिक रूप से सबल बना रही हैं, जो महिलाओं के लिए एक नए युग का आगाज है। वर्ष 2006-07 से प्रारंभ हुए इस जीविका ने आज एक नया ही रूप धारण कर लिया है, जिसके माध्यम से महिलाएं खुद को साबित कर पायीं हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए एक विशेष मंच मिला। आप सब जीविका दीदीयों ने इस महिला संवाद के माध्यम से जितनी भी आंकांक्षाएं व्यक्त की है, उनमें से कुछ मुख्य आंकांक्षाओं को सहमति प्रदान की गयी है, जिससे आपलोगों को और भी लाभ मिलेंगे।महिलाओं के उत्थान के लिए नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, जिसका लाभ यह हुआ है कि कई विभागों में आज महिला कर्मियों की नियुक्ति हुई हैं और वो पुरूषों से कंधे से कंधा मिलाकर राज्य व देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहीं हैं। जिलाधिकारी ने समाहरणालय संवाद कक्ष में उपस्थित जीविका दीदीयों से कहा कि महिला संवाद के माध्यम से आपके द्वारा रखी गयी आकांक्षाओं को माननीय मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया है और उनमें से कुछ को स्वीकृति भी मिल गयी है। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा महिला संवाद में रखी गयी आंकांक्षाओं में से सामाजिक सुरक्षा पेंशन जो पूर्व में 400 रुपए प्रतिमाह मिलता था, उसे बढ़ा कर 1100 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। वहीं जीविका दीदीयों को समूह सहकारिता बैंक से मिलने वाले ऋण पर 12 प्रतिशत लगने वाले ब्याज दर को कम कर 7 प्रतिशत कर दिया गया है। लड़कियों के विवाह कार्यक्रम के लिए प्रत्येक पंचायतों में एक विवाह भवन के निर्माण कराने तथा जीविका के मानदेय को दोगुना करने की स्वीकृति दी गयी है। यह अत्यंत ही सराहनीय कदम है, इससे आप सभी जीविका दीदीयों का न सिर्फ मनोबल बढ़ेगा बल्कि आप सभी और भी अधिक जागरूक होकर जीविका समूह से जुड़ कर खुद को सबल बनाएंगी। इसके अलावे राज्य सरकार द्वारा जीविका समूह से जुड़ीं राज्य के 94 लाख गरीब परिवारों को चिन्हित कर सतत जीविकोपार्जन योजना से लाभान्वित करने की भी स्वीकृति दी गयी है। आप सभी जीविका से जुड़कर इसी तरह पूर्ण मनोयोग से कार्य करते रहें और खुद को सबल बनाकर अपने परिवारजनों के साथ एक सुखद जीवन व्यतीत करें।

# प्रदेश की समृद्धि व राजद की मजबूती के लिए हम सभी को ऐड़ी-चोटी एक करने की घड़ी है : प्रो. चन्द्रशेखर



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा गौशाला परिसर में रविवार को आयोजित राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रोफेसर चन्द्रशेखर विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल को और शक्तिशाली बनाने के लिए हम सभी को संघर्ष तेज करने की जरूरत है। स्वार्थी व षड्यंत्रकारी नेताओं द्वारा दिन रात जनता को गुमराह कर उन्हें फिर से षड्यंत्र में फसाने की साजिश जोरों पर है। अचेत मुख्यमंत्री सिर्फ मुखौटा बनकर रह गए हैं। नीतीश कुमार की नैतिकता जमींदोज हो चुकी है। उन्हें जनता और पत्रकार से नजर बंद कर रिटायर्ड अधिकारी प्रदेश चला रहे हैं। उद्योगपतियों से देश को लुटाने वाली सरकार कभी जन हितैषी नहीं हो सकती बल्कि जनता के सुख-दुख में शरीक होने वाले तेजस्वी यादव जैसे नेता ही जन आकांक्षाओं को पूरी कर सकते हैं। यह नीतीश -मोदी की सरकार उद्योगपतियों को 22 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर सकती है लेकिन किसान कर्ज में डूबा हुआ, गरीब रोटी के लिए भुखे मर रहे हैं, नौजवान बेरोजगार भटक रहे हैं उनकी कोई चिंता नहीं कर सकते। तेजस्वी ने संकल्प लिए तो सदियों से सताए गए दलितों वंचितों का आरक्षण को बढ़ा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढा आगे 2025 में तेजस्वी सरकार बनने पर विकसित बिहार की परिकल्पना भी साकार होगी। हमारे नेता पांव बढाते हैं तो ये लोग उनके पदचिन्हों पर चलते हैं। तेजस्वी ने 17 माह की वैशाखी की सरकार में रहकर जो काम किया वह एतिहासिक है। बिहार की बदहाली सभी आंखों के सामने है। पूर्व शिक्षा मंत्री ने कहा कि जनता ने मात्र 17 माह की महागठबंधन सरकार में तेजस्वी के तगड़ा रोड मैप और विजन के परिणाम को देखा है। 17 महीनों के अल्प सेवाकाल में 5 लाखों युवाओं को नौकरियां मिली, प्रथम बार बिहार में नयी खेल नीति अन्तर्गत मेडल लाओ-नौकरी पाओ योजना की शुरूआत की गई, नयी पर्यटन नीति और आईटी नीति लागू करने तथा अन्य विकासोन्मुख एवं समावेशी विकास कार्यों से बिहार को संवारने का कार्य शुरू हुआ किंतु मुख्यमंत्री के पेट में दर्द होने लगा और मुख्यमंत्री पलटी मार कर फिर भाजपा के साथ चले गए। नीतीश मोदी का अपना कोई ब्लूप्रिंट नहीं है यह नकलची सरकार तेजस्वी जी के विजन को चुरा कर जनता को फिर से झांसा देने का हर प्रपंच अख्तियार कर रही है। याद करिए जो भाजपा कहती थी जाति जनगणना नामुमकिन है ओजस्वी तेजस्वी ने जब जाति जनगणना कराने का बीड़ा उठाया तो भाजपा को जाति जनगणना कराने की घोषणा पर मजबूर होना पड़ा, 20 साल तक नीतीश भाजपा सरकार ने दिव्यांगजनों, वृद्ध जनों और विधवा माताओं का सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं बढ़ाया लेकिन जब तेजस्वी ने बिहार में तेजस्वी सरकार बनने पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 1500 रू. करने का ऐलान किया तो नकलची नीतीश सरकार भी घुटने के बल आकर अपने जन विरोधी नीतियों को बदलते हुए 1100 रू. पेंशन करने का घोषणा किया। नीतीश जी जनता को बरगलाइए नहीं तेजस्वी का संकल्प मात्र 1100 रूपैया पेंशन देने का नहीं था बल्कि हर महिना 200 यूनिट बिजली मुफ्त, युवाओं को लाखों नौकरियां, डोमिसाइल नीति लागू करने, सरकारी नौकरियों का फॉर्म निःशुल्क करने एवं बिहार में उद्योग धंधे लगाए जाने का संकल्प है पार्टी कार्यकताओं व पदाधिकारियों की यह जिम्मेदारी है

# डीएम ने कमला बलान के दायां व बायां तटबंध का किए निरीक्षण, दिए निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिलाधिकारी कौशल कुमार द्वारा कमला बलान के दायां तटबंध एवं बायां तटबंध का निरीक्षण किया।उन्होंने सर्व प्रथम दायां तटबंध कोठराम चौक से रसियारी तक का निरीक्षण किए। जिलाधिकारी ने कमला और कोसी नदी के बीच में बनने वाले पुलों का औचक निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को ससमय गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिए। उन्होंने कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल को तटबंधों का सतत अनुश्रवण करने का निर्देश दिया। साथ ही वर्षा के दौरान होने वाले रेनकट को स समय मरम्मती करा लेने का निर्देश दिया।इसी प्रकार उन्होंने बायां कमला बलान तटबंध के असमा से लेकर चतरा खैसा तक निरीक्षण किए।दायां कमला बलान तटबंध के कोठराम चौक से पलवा तक निरीक्षण किए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अभियंताओं को तटबंध का निरीक्षण करते रहने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल झंझारपुर1एवं झंझारपुर 2 से नदी एवं तटबंध के संबंध में जानकारी लिया।जिलाधिकारी ने जल संसाधन विभाग के रसियारी में स्थित स्थाई कैंप का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सलीम अख्तर, कार्यपालकअभियंता ,अनुमंडल पदाधिकारी बिरौल,अंचलाधिकारी घनश्यामपुर,गौड़ाबौराम, कुशेश्वरस्थान,तारडीह एवं संबंधित पदाधिकारी एवं अभियंता गण उपस्थित थे।

# क्रिकेट के उत्थान के लिए बिहार रूरल ग्रामीण क्रिकेट लीग का होगा आयोजन : विश्वजीत बनर्जी

प्रात : किरण संवाददाता




सहरसा बिहार क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित होने वाले बिहार रूरल क्रिकेट लीग के संबंध में सहरसा जिला क्रिकेट संघ द्वारा नया बाजार सराही मोड़ स्थित टू सनशाइन पब्लिक स्कूल में रविवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिला क्रिकेट संघ के सचिव विश्वजीत बनर्जी ने बताया कि बिहार क्रिकेट संघ के यशस्वी अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिकेट के उत्थान के लिए बिहार रूरल ग्रामीण क्रिकेट लीग के आयोजन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिकेट की छुपी हुई प्रतिभाओं को गाँव से जिला, जिला से राज्य स्तर पर लाने का एक क्रांतिकारी कदम उठाया है।जिसकी सफलता के लिए जिला क्रिकेट संघ के सभी पदाधिकारी लगातार गाँवों में भ्रमण एवं संपर्क कर खिलाड़ियों को बिहार क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित होने वाले रूरल (ग्रामीण) क्रिकेट लीग में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। सचिव विश्वजीत बनर्जी ने बताया कि रूरल क्रिकेट लीग में 13 से 23 वर्ष के वैसे खिलाड़ी निबंधन करवा सकते हैं जो अब तक जिला क्रिकेट संघ से निबंधित नहीं हैं। खिलाड़ी अपना निबंधन बिहार क्रिकेट संघ की आधिकारिक वेबसाइट में उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन अपना निबंधन निशुल्क करवा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार रूरल क्रिकेट लीग में निबंधित खिलाड़ी का टैलेंट हंट के माध्यम से चयन कर टीम बनाया जाएगा। जिसका जिले में नाक आउट आधार पर मैच आयोजित किया जाएगा।मैच में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर बिहार रूरल लीग के लिए एक जिला स्तरीय टीम बनाई जाएगी। संयुक्त सचिव गुलनियाज रब्बानी ने बताया कि बिहार क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित होने वाले बिहार रूरल लीग में खिलाडियों का रजिस्ट्रेशन बिल्कुल निःशुल्क है और खिलाड़ी अपना निबंधन 27 जून तक करवा सकते हैं।बिहार रूरल लीग के मैच के कार्यक्रमों की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। प्रेस वार्ता में जिला क्रिकेट संघ के सचिव विश्वजीत बनर्जी, संयुक्त सचिव गुलनियाज रब्बानी, कोषाध्यक्ष असफहान खान, पूर्व जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष ब्रह्मदेव कामत, पूर्व उपाध्यक्ष मसूद आलम, पूर्व सचिव बादल कुमार, नसीम आलम, एम एस सर, सुमन झा सहित अन्य उपस्थित थे।

## ईरान और इजरायल के तीव्र होते युद्ध से बढ़ते खतरे

हिंसा, युद्ध, आतंकवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा से त्रस्त दुनिया में क्या अब शांति एवं अमन की संभावनाओं पर विराम लग गया है? क्या शांतिपूर्ण नये विश्व की संरचना अब दिवास्वप्न है? रूस और यूक्रेन के लम्बे युद्ध के बाद इजराइल और ईरान का युद्ध विश्व के लिये महाविनाश की टंकार है। इस युद्ध के खतरे बढ़ते ही जा रहे हैं। अब तक के नौ दिनों के युद्ध में ईरान और इजरायल में सैकड़ों की मौत, हजारों घायल, अरबों का नुकसान, दुनिया में अनिश्चिंतता एवं भय का माहौल, तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई बढ़ने की आशंका ने समूची दुनिया को डरा रखा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को गंभीर नुकसान पहुंचा है, लेकिन नष्ट नहीं किया गया है। अमेरिका और इजराइल का मानना है कि ईरान ने परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल कर ली है और अगर अब उसे नहीं रोका गया, तो खतरा पूरी दुनिया को होगा। इजराइल इसी खतरे को मिटाने की बात कहकर ईरान पर तीव्र से तीव्रत्तर हमले कर रहा है और ईरान भी जबावी हमलों में इजरायल में तबाही मचा रखी है। युद्ध भले ही इन दो देशों के बीच हो रहा है, लेकिन उसका प्रभाव समूची दुनिया पर हो रहा है। इस संघर्ष को रोकना आवश्यक है, भले ही अमेरिका अभी तक मैदान में नहीं उतरा और यूरोप अपनी तरफ से कोशिश कर रहा है। इस युद्ध को रोकने के लिये बातचीत ही एकमात्र रास्ता है।

ईरान और इजरायल संघर्ष की वजह से दुनिया में अनिश्चिंतता एवं अस्थिरता के बादल मंडरा रहे हैं। विशेषतः तेल के दाम आसमान छूने लगे हैं। पिछले दिनों क्रूड ऑयल के दाम में एक ही दिन में पिछले तीन साल की सबसे बड़ी तेजी देखी गयी है। दोनों देश एक-दूसरे के ऊपर मिसाइलों से हमला कर रहे हैं, परमाणु युद्ध की आशंकाएं उग्र होती जा रही है। दोनों देशों के बीच फिलहाल इस युद्ध के रुकने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। तेल की बढ़ती कीमतों ने भारत समेत दुनियाभर के लिए संकट पैदा कर दिया है। क्रूड ऑयल की ग्लोबल डिमांड का 2 प्रतिशत ईरान से आता है। यहां के खरग द्वीप से करीब 90 प्रतिशत तेल बाहर भेजा जाता है। सैटेलाइट इमेज से पता चलता है कि क्रूड शिपमेंट में कमी आई है। पूर्ण युद्ध की स्थिति में ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर सकता है। इससे होकर दुनिया की 20 प्रतिशत नेचुरल गैस और एक तिहाई तेल ट्रांसपोर्ट होता है। यह रूट बाधित हुआ तो कच्चे तेल में 20 प्रतिशत तक उछाल आ सकता है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी के अनुसार इराक, सऊदी अरब, कुवैत और यूएई से आने वाला कच्चा तेल, जो होर्मुज से होकर गुजरता है, भारत के कुल कच्चे तेल के आयात का लगभग 45-50 प्रतिशत है। एक तथ्य यह भी है कि ईरान भी जानबूझकर तेल की कीमतों को आसमान छूने के लिए मजबूर करके ट्रम्प प्रशासन को अस्थिर करने की कोशिश कर सकता है और पश्चिमी देशों में मुद्रास्फीति बढ़ा सकता है।

ईरान और इजरायल के युद्ध के जटिलतर एवं घातक होते जाने के ही संकेत मिल रहे हैं।

इजरायल चाहता है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो और अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन का अंत हो। हालांकि इस बात की गारंटी डॉनल्ड ट्रंप या नेतन्याहू में से कोई नहीं ले सकता कि खामेनेई को हटाने से समस्या का समाधान हो जाएगा। यह कैसे कहा जा सकता है कि नई सत्ता को परमाणु ताकत बनने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी, वह भी जब उसके पास अमेरिका और इजरायल के हिसाब से जरूरी साधन मौजूद हैं। इन हवाई हमलों से या जमीन पर सीधी लड़ाई लड़कर भले ही ईरान के इन्फ्रास्ट्रक्चर को खत्म कर दिया जाये, लेकिन ईरान के उस तकनीकी ज्ञान को कैसे खत्म किया जा सकता है, जो ईरानी वैज्ञानिकों ने बरसों की मेहनत से हासिल की है।

## आधुनिक ओलम्पिक खेलों के 129 वर्ष

भारत आधुनिक ओलम्पिक खेलों में 105 वर्ष का सफर पूरा कर रहा है। भारत ने पहली बार वर्ष 1900 में ओलम्पिक में हिस्सा लिया था। तब भारत की ओर से केवल एक एथलीट नॉर्मन प्रिचर्ड को भेजा गया था, जिसने एथलेटिक्स में दो रजत पदक जीते थे। हालांकि भारत ने अधिकारिक तौर पर पहली बार 1920 में ओलम्पिक खेलों में हिस्सा लिया था। 2024 में पेरिस ओलम्पिक में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 पदक भारत की झोली में डाले थे जबकि उससे पहले 2021 में टोक्यो ओलम्पिक में भारत 7 पदक जीतने में सफल हुआ था। ओलम्पिक खेलों की शुरूआत करीब 2798 वर्ष पूर्व ग्रीस में जीयस के पुत्र हेराकल्स द्वारा की गई मानी जाती है किन्तु ऐसी धारणा है कि यह खेल उससे भी काफी पहले से ही खेले जाते रहे थे। 776 ईसा पूर्व विधिवत रूप से शुरू हुए ओलम्पिक खेलों का सिलसिला उसके बाद निर्बाध रूप से 393 ई. तक अर्थात 1169 वर्षों तक चलता रहा। इन खेलों के माध्यम से ऐसा प्रदर्शन किया जाता था, जो मानव की शक्ति, गति एवं ऊर्जा का परिचायक माना जाता था। प्राचीन ओलम्पिक खेलों का आयोजन ईश्वर को श्रद्धांजलि देने के लिए किया जाता था।

अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत 23 जून 1948 को हुई थी। दरअसल आधुनिक ओलम्पिक खेलों का पहला आयोजन तो वर्ष 1896 में हुआ था लेकिन अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) की स्थापना पियरे द कुबर्तिन द्वारा 23 जून 1894 को की गई थी, जिसके प्रथम अध्यक्ष बने थे यूनानी व्यापारी डेमट्रियोस विकेलास। आईओसी का मुख्यालय स्विट्जरलैण्ड के लॉजेन में स्थित है और वर्तमान में दुनियाभर में 205 राष्ट्रीय ओलम्पिक समितियां इसकी सदस्य हैं। आईओसी के स्थापना दिवस 23 जून को ही बाद में अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति द्वारा प्रतिवर्ष ओलम्पिक दिवस के रूप में मनाया जाना शुरू किया गया। आईओसी द्वारा प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेल, शीतकालीन ओलम्पिक खेल और युवा ओलम्पिक खेल का आयोजन किया जाता है। पहला ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक वर्ष 1896 में यूनान के एथेंस में तथा पहला शीतकालीन ओलम्पिक 1924 में फ्रांस के चेमोनिक्स में आयोजित किया गया था। ओलम्पिक दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है, जिसमें दो सौ से ज्यादा देश हिस्सा लेते हैं।


फ्रांस के युवा शिक्षाशास्त्री पियरे द कुबर्तिन ने आधुनिक ओलम्पिक खेलों की आधारशिला रखी थी और उनके द्वारा 23 जून 1894 को अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति की स्थापना किए जाने के बाद नए रूप में 1896 से आधुनिक ओलम्पिक खेलों का आयोजन शुरू हुआ। उसके बाद ओलम्पिक खेल प्राचीन ओलम्पिक खेलों की ही भांति हर चार वर्ष के अंतराल पर आयोजित किए जाने लगे। एक जनवरी 1863 को जन्मे पियरे द कुबर्तिन की उम्र उस वक्त सिर्फ सात साल थी, जब 1870 में फ्रैंच-परसियन लड़ाई में जर्मनी ने फ्रांस पर कब्जा कर लिया था। माना जाता है कि उस हार के कुछ वर्षों बाद कुबर्तिन इसका विश्लेषण करने पर इस नतीजे पर पहुंचे कि फ्रांस की हार का कारण उसकी सैन्य कमजोरियां नहीं बल्कि फ्रांसीसी सैनिकों में ताकत की कमी थी। जर्मन, ब्रिटिश और अमेरिकन बच्चों की शिक्षा का अध्ययन करने के बाद कुबर्तिन ने पाया कि उन्हें ताकतवर और हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने में खेलों में उनकी भागीदारी की सबसे प्रमुख भूमिका थी जबकि फ्रांसीसी खेलों में भागीदारी के मामले में काफी पिछड़े थे। उसके बाद कुबर्तिन ने कोशिशें की कि फ्रांसीसियों को किसी भी तरह खेलों के प्रति आकर्षित किया जाए लेकिन उन्हें इन प्रयासों में उसाहजनक सफलता नहीं मिली किन्तु कुबर्तिन अपने इरादों पर दृढ़ थे।

1890 में कुबर्तिन ने ह्ययूनियन डेस सोसायटीज फ्रांसीसीज द स्पोर्ट्स एथलेटिक्स नामक एक खेल संगठन की नींव रखी और उसके दो वर्ष बाद कुबर्तिन के दिमाग में ओलम्पिक खेलों को पुनर्जीवन देने का विचार आया। खेल संगठन की 25 नवम्बर 1892 को पेरिस में हुई एक मीटिंग में उन्होंने इस संबंध में अपने विचार भी रखे किन्तु उनके उस भाषण से कुछ हासिल नहीं हुआ। उसके दो वर्ष बाद कुबर्तिन ने 9 देशों के कुल 79 डेलीगेट्स की एक मीटिंग आयोजित की। इस मीटिंग में कुबर्तिन ने पूरे उत्साह से ओलम्पिक खेलों की नए सिरे से पुनः शुरूआत करने संबंधी भाषण दिया और इस बार वह लोगों को अपने विचारों से प्रभावित करने में सफल हुए। कांफ्रैंस में सभी डेलीगेट्स ने एकमत से ओलम्पिक खेल कराए जाने के पक्ष में वोट दिया और तय किया गया कि कुबर्तिन इन खेलों के आयोजन के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय समिति का गठन करें। उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति का गठन हुआ, जिसके प्रथम अध्यक्ष के रूप में ग्रीस के डेमट्रियोस विकेलास का चयन हुआ। प्रथम ओलम्पिक खेलों के आयोजन के लिए एथेंस को चुना गया और इसकी तैयारियां शुरू हुई।

# अमेरिका का ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमला

अमेरिका के इस जंग में कूदने के बाद तीसरे विश्व युद्ध की आशंका से सारी दुनिया में अफरा-तफरी मच गई है। ईरान सरकार ने अमेरिका को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई ने अमेरिका को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी देते हुए कहा है, ईरान अब चुन-चुन कर अमेरिकी ठिकानों पर सीधे हमले करेगा।





**सनत जैन**
**लेखक**

नई दिल्ली। ईरान और इजरायल की जंग में अब अमेरिका भी कूद गया है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर देर रात बी 2 बांबर बम से हमला करके भारी तबाही मचाई है। अमेरिका ने ईरान और इजरायल युद्ध के लिए बी 2 बॉम्बर, पनडुब्बी मिसाइलों के जरिए सुनयोजित रूप से ईरान पर हमला किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों फोरडो, नतांज और इसफहान पर विनाशकारी हमले का दावा करते हुए कहा है, कि यह हमला शांति के लिए किया गया है।

अमेरिका के इस जंग में कूदने के बाद तीसरे विश्व युद्ध की आशंका से सारी दुनिया में अफरा-तफरी मच गई है। ईरान सरकार ने अमेरिका को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई ने अमेरिका को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी देते हुए कहा है, ईरान अब चुन-चुन कर अमेरिकी ठिकानों पर सीधे हमले करेगा। अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलों के माध्यम से भारी बमबारी शुरू कर दी है। ईरान ने बहरीन में अमेरिकी नौ सैनिक बेडे. तथा फ्रांस के जहाजों को निशाने पर ले लिया है। इन पर कभी भी ईरान का भारी हमला हो सकता है। ईरान इस समय डू एंड डाई की आक्रामक मुद्रा में है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई ने अपने तीन उत्तराधिकारी घोषित करके अपने तेवर बता दिए हैं। उनके आक्रामक तेवर देखकर पता चलता है कि ईरान इस लड़ाई को निर्णायक मोड़ तक लेकर जाएगा।

ईरान और इजरायल युद्ध में अमेरिका के कूद जाने के बाद सारे विश्व में इसकी तीव्र प्रतिक्रिया हो रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से सारे विश्व में अपनी बादशाहत कायम करना चाहते हैं। वह जिस तरह का व्यवहार दुनिया के अन्य देशों के साथ कर रहे हैं। उसके बाद चीन-रूस जैसे शक्तिशाली देश अमेरिका को पहले ही चेतावनी दे चुके थे। युद्ध में यदि अमेरिका कूदेगा, ऐसी स्थिति में चीन और रूस खुलकर ईरान के पक्ष में खड़े होंगे। सारी दुनिया के देशों के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दादागिरी कर रहे हैं। उसको लेकर दुनिया के देशों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का विरोध बढ़ता चला जा रहा है। यह आशंका व्यक्त की जा रही है, कि चीन और रूस खुले रूप से ईरान के पक्ष में न केवल खड़े होंगे वरन जरूरत पड़ने पर वह ईरान के पक्ष में युद्ध के मैदान में खुद भी कूद जाएंगे। अमेरिका जिस तरह से पूरी दुनिया का दादा बनना चाहता है। चीन, रूस समेत कई देशों को अमेरिका की यह दादागिरी बर्दाश्त नहीं है। इस कारण तृतीय विश्वयुद्ध जैसी संभावना बनती दिख रही है। ऐसी स्थिति में रूस-चीन और उत्तर कोरिया के ईरान के पक्ष में युद्ध के मैदान में उतरने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। अमेरिका अपने खुद के मकडजाल में पूरी तरह से फंस गया है, जिससे निकलने का रास्ता अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नहीं मिल रहा है। ईरान ने जिस तरह से इजराइल पर हमला करके इजराइल के अस्तित्व को संकट में डाल दिया था। ऐसे समय पर यदि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इजराइल के पक्ष में नहीं उतरते और इजराइल का अस्तित्व संकट में पड़ता तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका की वैश्विक शक्ति को लेकर एक प्रश्न चिन्ह लगता। अब अमेरिका खुद युद्ध में कूद गया है। जिसकी प्रतिक्रिया के रूप में अब चीन-रूस और उत्तर कोरिया जैसे देश अमेरिका की दादागिरी को रोकने और स्वयं चीन एक महाशक्ति के रूप में अपने आप को स्थापित करने के लिए इस युद्ध में शामिल होना उनके लिए भी अनिवार्य हो गया है। इस कारण तीसरे विश्व युद्ध की आशंका से सारी दुनिया के देश भयाक्रांत हैं।

# आइआइटी बॉम्बे के वैज्ञानिकों ने विकसित किया -नया सोलर सेल

आईआईटी बॉम्बे के नेशनल सेंटर फॉर फोटोवोल्टाइक रिसर्च एंड एजुकेशन (एनसीपीआरई) में प्रोफेसर दिनेश काबरा और उनकी टीम ने जिस तकनीक को विकसित किया है, उसका नाम है टैडम सोलर सेल। इस सोलर सेल की खास बात यह है कि इसमें दो परतें होती हैं





**जितेंद्र कुमार सिन्हा**
**लेखक**

भारत की ऊर्जा जरूरतें दिन-ब-दिन बढ़ रही हैं और साथ ही बढ़ रही है अक्षय ऊर्जा की मांग। इस दौड़ में सबसे आगे है सौर ऊर्जा, जो न केवल पर्यावरण के लिए अनुकूल है, बल्कि हमारे ऊर्जा भविष्य की रीढ़ बनती जा रही है। इसी दिशा में आईआईटी बॉम्बे ने एक बड़ी सफलता हासिल किया है। यहां के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा सोलर सेल विकसित किया है, जो पारंपरिक सोलर पैनलों की तुलना में 50% ज्यादा बिजली बनाता है और वह भी कम लागत पर। यह तकनीक भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

आईआईटी बॉम्बे के नेशनल सेंटर फॉर फोटोवोल्टाइक रिसर्च एंड एजुकेशन (एनसीपीआरई) में प्रोफेसर दिनेश काबरा और उनकी टीम ने जिस तकनीक को विकसित किया है, उसका नाम है टैडम सोलर सेल। इस सोलर सेल की खास बात यह है कि इसमें दो परतें होती हैं। पहला ऊपरी परत- हेलाइड पेरोव्स्काइट नामक पदार्थ से बना होता है, जो कम रोशनी में भी बिजली उत्पन्न करता है और दूसरा निचली परत- पारंपरिक सोलर पैनलों की तरह सिलिकॉन से बना होता है। इन दोनों परतों के मिलन से बिजली उत्पादन की क्षमता 30% तक पहुँच गई है, जबकि अब तक के पैनलों में यह 18-22% तक सीमित थी।

टैडम सोलर सेल की संरचना कुछ इस प्रकार होता है कि हेलाइड पेरोव्स्काइट परत सूरज की ऊजार्वान किरणों को पहले अवशोषित करता है और उच्च-ऊर्जा फोटॉनों से बिजली बनाता है। उसके नीचे की सिलिकॉन परत बचे हुए कम-ऊर्जा फोटॉनों को पकड़ता है और उनसे बिजली बनाता है। इस संयोजन से न केवल बिजली उत्पादन ज्यादा होता है, बल्कि तापीय नुकसान भी कम होता है, जिससे दक्षता बढ़ती है। इस तकनीक को अपनाने से न केवल सोलर पैनल की दक्षता बढ़ता है, बल्कि उसकी लागत भी घटता है। वर्तमान में बाजार में मिलने वाले सोलर पैनल से बनी बिजली की लागत 2.5 से 4 प्रति यूनिट तक आता है। टैडम सोलर सेल की नई तकनीक से यह लागत घटकर सिर्फ 1 प्रति यूनिट तक आ सकता है। यह उस आम नागरिक के लिए भी ऊर्जा सुलभ बनाएगा, जो अभी तक बिजली के खर्च से जूझ रहा था।

इस नई तकनीक का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह सिर्फ बड़े सोलर फार्मों तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि टैडम सोलर सेल को घरों की छतों, दीवारों, यहां तक कि वाहनों की छतों पर भी आसानी से लगाया जा सकेगा। कम जगह में ज्यादा बिजली उत्पादन होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों, पर्वतीय इलाकों और शहरी मलिन बस्तियों तक स्वच्छ ऊर्जा पहुँचाना आसान होगा।

अब तक भारत को सोलर पैनल्स के लिए कच्चा माल, विशेषकर पेरोव्स्काइट पदार्थ, सिलिकॉन वेफर्स, और इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स के लिए चीन और अन्य देशों पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन टैडम सोलर सेल के लिए सभी सामग्री भारत में ही बनेगा। इससे आयात पर निर्भरता घटेगा और ह्यमेक इन इंडिया अभियान को बल मिलेगा। साथ ही, यह राष्ट्रीय सुरक्षा, रोजगार सृजन, और विदेशी मुद्रा बचत के लिए भी लाभदायक सिद्ध होगा।

आईआईटी बॉम्बे और महाराष्ट्र सरकार की अगली योजना है कि टैडम सोलर सेल की मदद से ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन शुरू करना। यह हाइड्रोजन, जल को विद्युत अपघटन के जरिए अलग करके बनाया जाता है। अगर यह प्रक्रिया सौर ऊर्जा से हो, तो यह पूरी तरह स्वच्छ और कार्बन-रहित होता है। ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग गाड़ियों में ईंधन, स्टील फैक्ट्रियों, रसायन उद्योग, और विद्युत उत्पादन के लिए किया जा सकता है। पेरोव्स्काइट सोलर सेल की एक प्रमुख समस्या रही है उसकी कम उम्र। लेकिन आईआईटी बॉम्बे की टीम ने इसे कम से कम 10 साल तक टिकाऊ बना दिया है। यह जलवायु परिवर्तन, वर्षा, धूप और धूल के प्रभाव को सहने में सक्षम है। साथ ही इसकी देखभाल और मरम्मत की लागत भी बेहद कम है।

आईआईटी बॉम्बे की टीम, महाराष्ट्र सरकार और एक स्टार्टअप आर्ट-पीवी इंडिया इस तकनीक को बाजार में लाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। योजना के अनुसार, दिसंबर 2027 तक यह तकनीक व्यावसायिक रूप से उपलब्ध हो जाएगा। भारत ही नहीं, बल्कि अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और दक्षिण-पूर्व एशिया जैसे विकासशील देशों के लिए भी यह बेहद उपयोगी सिद्ध होगा। सौर ऊर्जा का प्रयोग पहले से ही कार्बन उत्सर्जन को घटाने में सहायक रहा है, लेकिन टैडम सोलर सेल से यह प्रक्रिया और भी प्रभावशाली होगा। यह थर्मल पावर प्लांट्स पर निर्भरता कम करेगा। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को घटाएगा और साथ ही, जलवायु परिवर्तन की रोकथाम में भी भारत की भूमिका को और मजबूत बनाएगा।

बड़े उद्योग, विशेषकर टेक्सटाइल, स्टील, सीमेंट और आईटी कंपनियाँ टैडम सोलर सेल का प्रयोग कर सकता हैं। औद्योगिक छतों पर यह तकनीक लगाए जाने से बिजली की लागत में भारी कमी आएगी। नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र मिल सकता हैं। भारत में बनने वाले उत्पादों की ग्लोबल प्रतिस्पर्धा में वृद्धि होगी।

इस शोध ने भारत के युवाओं और विज्ञान छात्रों को प्रेरित किया है। टैडम सोलर सेल एक जीवंत उदाहरण है कि भारतीय संस्थान वैश्विक स्तर पर नेतृत्व कर सकता है। यह छात्रों को अनुसंधान, नवाचार और स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित करेगा और आईआईटी बॉम्बे एक बार फिर तकनीकी नेतृत्व में अग्रणी सिद्ध हुआ है।

सरकार को चाहिए कि इस तकनीक को प्रोत्साहन, सब्सिडी, और तेजी से लाइसेंसिंग दे। नेट मीटरिंग, सोलर टैक्स क्रेडिट, और ग्रीन एनर्जी इंसेंटिव्स को बढ़ावा दे। इससे भारत के हर नागरिक को स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा उपलब्ध कराया जा सकेगा।

टैडम सोलर सेल न केवल तकनीकी दृष्टि से वरदान है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय क्रांति का भी माध्यम है। आने वाले वर्षों में हर घर की छत पर सोलर पैनल होगा। हर गांव स्वनिर्भर बिजली उत्पादक बन सकेगा और भारत ऊर्जा आयातक नहीं, ऊर्जा निर्यातक बनेगा।

## अतुल्य भारत, अजेय भारतः मोदी युग ने पर्यटन को कैसे नया स्वरुप दिया

**गजेंद्र सिंह शेखावत**

पहाड़ अब सिर्फ.परिदृश्य नहीं रह गए हैं; वे जीवित अभयारण्य हैं। केदारनाथ और बद्रीनाथ के बर्फ से ढके मंदिरों से लेकर बोधगया की ध्यानपूर्ण शांति और सारनाथ की सुनहरी नीरवता तक, भारत की आध्यात्मिक आत्मा ने एक-एक तीर्थयात्री की भावना को उद्वेलित किया है। इस युग में पर्यटन, विवरण पुस्तिका (ब्रोशर) के जरिए नहीं, बल्कि भक्ति, स्मृति और फिर से जुड़ने की सभ्यतागत प्रेरणा के जरिए तैयार किया गया था।

2014 और 2024 के बीच, इस आध्यात्मिक जागृति ने देश के सांस्कृतिक मानचित्र को नया स्वरुप दिया। केदारनाथ, जो कभी त्रासदी का प्रतीक था, फीनिक्स की तरह उभरा - 2024 में यहां 16 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री आये, जबकि एक दशक पहले यह संख्या केवल 40,000 थी। उज्जैन को महाकाल के शहर के रूप में पुनर्जीवित किया गया, इसने 2024 में 7.32 करोड़ आगंतुकों का स्वागत किया। प्रकाश और पवित्रता में पुनर्जन्म लेने वाली काशी ने 11 करोड़ लोगों को अपनी पवित्र गलियों में भ्रमण करते देखा। बोधगया और सारनाथ की गूंज कई महाद्वीपों में सुनायी दी, दोनों तीर्थस्थलों ने 2023 में 30 लाख से ज्यादा साधकों को आकर्षित किया।

और फिर एक ऐसा क्षण आया, जो आंकड़ों से पार चला गया –जनवरी 2024 में अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा। यह कोई उद्घाटन नहीं था; यह सभ्यता की धड़कन का जीर्णोद्धार था। महज छह महीनों में, 11 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं का आगमन हुआ –न सिर्फ देखने के लिए, बल्कि इससे जुड़ने के लिए। लगभग इतना ही ऐतिहासिक था, महाकुंभ 2025, जो दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम था, जिसमें 65 करोड़ से ज्यादा तीर्थयात्री आस्था और उत्कृष्टता के संगम पर पहुंचे। अयोध्या और प्रयागराज, साथ मिलकर, भारत के आध्यात्मिक पुनर्जागरण के दो प्रकाश स्तंभ बन गए।

यह पर्यटन नहीं था–यह घर वापसी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस वापसी को आकार, अवसंरचना और आत्मा दी गई। अब पर्यटन एक जांच सूची (चेकलिस्ट)-संचालित उद्योग नहीं रहा, बल्कि पवित्र स्व को फिर से खोजने का एक राष्ट्रीय मिशन बन गया। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी मंत्र - भारत में विवाह करें, भारत की यात्रा करें, भारत में निवेश करें - ने पर्यटन को एक सांस्कृतिक आह्वान में बदल दिया।

मोदी सरकार ने प्रारंभ से ही पर्यटन को राष्ट्रीय पुनरुत्थान की ताकत के रूप में देखा है। स्वदेश दर्शन और इसके उन्नत रूप, स्वदेश दर्शन 2.0 के माध्यम से, पर्यटन मंत्रालय ने रामायण, बौद्ध, तटीय और आदिवासी जैसे विषयगत सर्किट के तहत 110 परियोजनाएँ विकसित कीं। 2014-15 में शुरू की गई मूल योजना में कुल 5,287.90 करोड़ रुपए की लागत से 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। स्वदेश दर्शन 2.0 में, स्थाई गंतव्यों को विकसित करने के लिए 2,106.44 करोड़ रुपए के साथ 52 परियोजनाएँ जोड़ीं गईं। चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) उप-योजना के तहत, 623.13 करोड़ रुपए की 36 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जबकि एसएएससीआई योजना के अंतर्गत राज्य के नेतृत्व में पर्यटन अवसंरचना के विस्तार के लिए 3,295.76 करोड़ रुपए की 40 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गयी।

इसके साथ ही, प्रसाद योजना के जरिये उन्नत सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता के साथ 100 तीर्थ शहरों को पुनर्जीवित किया गया। इन प्रयासों से भारत में 2023 में 250 करोड़ से अधिक घरेलू पर्यटकों की यात्रा दर्ज की गयी - जो अब तक का सबसे अधिक है। 2024-25 के केंद्रीय बजट में एक ऐतिहासिक घोषणा के तहत 50 पर्यटन स्थलों को विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया, उन्हें निवेश और वित्तपोषण को आसान बनाने के लिए अवसंरचना सामंजस्य मास्टर सूची (आईएचएमएल) में जोड़ा गया।

पुनरुद्धार केवल पवित्र स्थानों तक सीमित नहीं था। 2018 में अनावरण की गई स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, देश के सबसे अधिक देखे जाने वाले स्मारकों में से एक बन गई, जिसे 2023 में 50 लाख से अधिक आगंतुक देखने आये। इसके चारों ओर इको-टूरिज्म पार्क, टेंट सिटी और आदिवासी संग्रहालय विकसित हुए हैं - जो सम्मान को अवसर में बदल रहे हैं। भारत का सभ्यतागत आत्मविश्वास इसकी कूटनीति में परिलक्षित होने लगा। फ्रांस, जापान, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया के राजनेताओं का, न केवल दिल्ली में, बल्कि वाराणसी, उदयपुर, अयोध्या और महाबलीपुरम में भी स्वागत हुआ। सॉफ्ट पावर अब सॉफ्ट नहीं रही - यह 3डी अनुभव हो गयी। रिवर क्रूज, दीपोत्सव, आध्यात्मिक भ्रमण और सांस्कृतिक प्रदर्शन ने राजकौशल को आत्मा के शिल्प में बदल दिया। इस बीच, अतुल्य भारत 2.0 ने देश को स्मारकों की भूमि से बदलकर बदलाव की भूमि बना दिया। ऋषिकेश में योग, केरल में आयुर्वेद, पूर्वोत्तर में जनजातीय त्योहार और कच्छ में शिल्प ने पर्यटन इकोसिस्टम को जीवंत व विशिष्ट स्थान प्रदान किया।

विपणन को अब स्मृति से अलग करना मुश्किल था। इस क्षेत्र की आर्थिक स्थिति भी बहुत प्रभावशाली रही। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2023 के बीच, भारत ने पर्यटन में 18 बिलियन डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया। प्रमुख आतिथ्य अवसंरचना परियोजनाओं में 2014-22 के दौरान 9 बिलियन डॉलर का निवेश हुआ।

# नाबालिग गैंग रेप मामले में 8 अभियुक्तों को कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। बगहा में दो वर्ष पूर्व हुए गैंग रेप मामले में कोर्ट ने 8 अभियुक्तों को आजीवन कारावास समेत 15 -15 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। 14 वर्षीय नाबालिग को जबरन ले जाकर गन्ने के खेत में गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया था। बतादें की लौकरिया थाना अंतर्गत मझौआ और मिश्रौली के बीच एक पूल के पास 6 जून 2023 को हुए गैंगरेप मामले में विशेष न्यायाधीश श्री अरविंद कुमार गुप्ता रेप ऐंड पाक्सो एक्ट पश्चिम चम्पारण ने 8 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले की सुनवाई स्पीडी ट्रायल के अंतर्गत की जा रही थी जिसमें एफसीएल टीम समेत 11 गवाहों के बयान सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। बतातें चलें कि 14 वर्षीय नाबालिग बाइक से अपने मौसा के साथ उनके घर जा रही थी। इसी बीच मझौआ और मिश्रौली के बीच कान्तलाल महतो और मुन्ना कुमार ने उन दोनों को ओवरटेक कर रोक लिया और मारपीट करने लगे। जब नाबालिग के मौसा ने विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने फोन कर नरेश कुमार,रविन्द्र कुमार, जीवन शर्मा,विनोद कुमार, प्रमोद कुमार और सरदार कुमार को बुला लिया। इसके बाद इन आठों ने मिलकर लड़की को अगवा कर लिया और उसके मौसा को मारपीट कर बेहोश कर दिया। जब नाबालिग के मौसा को होश आया तो वह वापस अपने साढ़ू यानी पीड़िता के घर गए और पूरा वाक्या सुनाया। जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और लड़की की तलाश शुरू की। लेकिन लड़की उस समय नहीं मिली। घटना के दूसरे दिन अहले सुबह पीड़िता मझौआ बॉर्डर रोड के समीप गन्ने के खेत में बेसुध अवस्था में मिली। इलाज के बाद लौकरिया थाना कांड संख्या 53/23 के अंतर्गत पीड़िता ने बयान दिया कि उसके साथ आठों आरोपियों ने रात भर गन्ना के खेत में गैंग रेप किया। पीड़िता के केस दर्ज करने के फौरन बाद पुलिस ने तत्काल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। अब इस आजीवन कारावास की सजा से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। रेप ऐंड पॉक्सो एक्ट के अनन्य विशेष लोक अभियोजक जयशंकर तिवारी ने बताया कि न्यायालय ने सभी दलीलों को सुनते हुए सभी आरोपियों को आजीवन कारावास समेत 15 - 15 हजार के आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। अदालत के इस फैसले से इस तरह के दोषियों और कुकर्म करने की सोच रखने वाले दरिंदो को सबक मिलेगी। ताकि भविष्य में बेटियां सुरक्षित रहें और उनके साथ इस तरह की दरिंदगी की घटना न घटे।

# वोटरों को मतदान के लिए करेंगे प्रेरित महाविद्यालय के कैम्पस एम्बेसडर

## नोडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक सम्पन्न

● इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ई एल सी ) का गठन करने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




बेतिया( घनश्याम )। मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत बेबी कुमारी नोडल अधिकारी जिला स्वीप कोषांग, प० चम्पारण की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी बेबी कुमारी ने स्वीप के बारे में बताते हुए कहा कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में अधिक से अधिक संख्या में जिले के मतदाता अपने मत का प्रयोग करें, इसके लिए स्वीप के माध्यम से लगातार प्रचार- प्रसार किया जा रहा है। युवा वोटर को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है, ताकि युवा वोटर स्वयं अपने मत का प्रयोग करें और अन्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए जागरूक करें। इसके लिए प्रत्येक महाविद्यालय में कैम्पस एम्बेसडर का चयन करना है और इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब ( ई एल सी ) का गठन करना है। उन्होंने कहा कि कैम्पस एम्बेसडर के माध्यम से कॉलेज के युवा वोटर, फर्स्ट टाइम वोटर को मतदान के लिए जागरूक बनाना है। महाविद्यालय में समय -समय पर मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करना है। जिन छात्र- छात्राओं का नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है, या वोटर आई डी कार्ड नहीं बना है, बी एल ओ के माध्यम से उनका नाम जोड़ने आदि की जानकारी देना है। नोडल अधिकारी ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्ययोजना के अनुसार मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करना होगा। जिला स्वीप कोषांग की सदस्या सुश्री मेरी आडलीन ने कहा कि महाविद्यालय में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की फोटो, वीडियो बनाना और उसका दस्तावेजीकरण करना जरूरी है। महाविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु रामलखन सिंह यादव कॉलेज, बेतिया के प्रोफेसर प्रकाश राय को नामित किया गया। राय सभी महाविद्यालय के प्राचार्य या सम्बंधित प्रोफेसर, समन्वयक से समन्वय स्थापित करके जिले के सभी महाविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे, ताकि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में जिले में मतदान प्रतिशत बढ़े और अधिक से अधिक मतदाता अपना मत का प्रयोग अवश्य करें। बैठक में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्रभारी सहित स्वीप कोषांग के सदस्य शशिभूषण सहाय, संजय कुमार, रामइकबाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विशेष अभियान के तहत की गई कर्यवाई में एक महिला 11 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार

बगहा। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत इंडो नेपाल सीमा स्थित वाल्मीकिनगर पुलिस ने शराब और शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के तहत शनिवार की शाम नरैनापुर गांव से 11 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक शराब कारोबारी महिला को धर दबोचा गया।इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि शराब व शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाने के पुलिस अवर निरीक्षक शिम्पी कुमारी ने नरैनापुर गांव निवासी 35 वर्षीय संगीता देवी के घर छापामारी कर 11 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार महिला अभियुक्त के विरुद्ध बिहार मध्य निषेध अधिनियम के तहत थाना कांड संख्या 65/25 दर्ज करते हुए शराब कारोबारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### जन सुराज पार्टी कार्यशाला में कार्यकताओं को पार्टी के योजनाओं के बारे मे दी गई जानकारी

छपरा कार्यालय।जन सुराज जिस जनता की राज की कल्पना कर रहा है वह आ रहा है। बिहार की मूल समस्या जो जन सुराज पार्टी व प्रशांत किशोर उठा रहे हैं वही बाकी दल उठा रहे हैं चाहे पलायन की बात हो, शिक्षा, रोजगार की बात हो बुजुर्गों को पेंशन की बात हो उक्त बातें रविवार को जन सुराज जिला कार्यालय में आयोजित कार्यशाला कार्यक्रम के दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने कही। उन्होंने आगे कहा कि नवंबर में सरकार बनने के बाद पार्टी ने जानता से जो जो वादे किए हैं उसे पूरा किया जाएगा।उन्होंने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से नये कार्यकताओं को कैसे पार्टी का विस्तार कराना है, क्या-क्या करना है इसकी जानकारी दी गई। कार्यशाला में अलग अलग प्रकोष्ठ के छः सत्रों में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त मौके पर मुख्य रूप से जिला प्रभारी राकेश पटेल, जिलाध्यक्ष बच्चा राय, श्रवण महतो,अमिता सहनी, कुमार शिवम, संजीव सिंह, रामपुकार महतो, कुलदीप महासेठ, अशोक गुप्ता, मन्नूलाल चौरसिया, प्रो. योगेन्द्र पांडेय, रंजीत सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### इसुआपुर में खरीफ महोत्सव का हुआ उद्घाटन




इसुआपुर ।प्रखंड मुख्यालय बाजार इसुआपुर स्थित प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, हिंदुस्तान बीज भंडार अपनी स्थापना के 50 वीं वर्षगांठ के मौके पर खरीफ महोत्सव का भव्य समारोह मना रहा है ।यह समारोह लगातार 11 जुलाई तक चलेगा। इस महोत्सव में किसानों को बीज की खरीदारी पर आकर्षक उपहार दिए जा रहे हैं। संचालक मेराज अहमद का कहना है कि यह व्यापारिक संस्था किसानों के प्रति समर्पण, मुनाफे नहीं भरोसे का कारोबार करती है। अनुदानित दर पर बीज और उपहार पाकर किसानों के चेहरे पर खुशी ह देखी गई। किसानों ने कहा कि हिंदुस्तान बीज भंडार का यह प्रयास न सिर्फ सराहनीय है, बल्कि देशभर की संस्थाओं के लिए एक प्रेरणा है। जो ग्रामीण भारत से जुड़ी हैं। वहीं मेराज अहमद ने किसानों से अपील किया कि इसुआपुर या आस पास के किसान हैं तो इस महोत्सव में भाग लेकर महोत्सव का हिस्सा जरूर बने।

# दो बाइकों की टक्कर में दो गंभीर रूप से जख्मी



लहलादपुरः दो बाइकों की टक्कर में दो व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गये. जिन्हें 112 की पुलिस ने लाकर पीएचसी, लहलादपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया. गंभीर रूप से जख्मियों में लहलादपुर गांव के नौशाद अंसारी तथा जमालुद्दीन अंसारी बताये जाते है. घटना शनिवार की संध्या साढ़े आठ बजे जनता बाजार थाना क्षेत्र के लहलादपुर गांव की बतायी जाती है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गंभीर रूप से जख्मी नौशाद अंसारी, जमालुद्दीन अंसारी तथा इस्त्राइल अंसारी एक ही ग्लैमर बाइक पर सवार होकर जनता बाजार स्थित अपने दूकान से घर वापस जा रहे थे. वे मुख्य सड़क से गांव वाली सड़क की ओर अभी मुड़े ही थे कि एक बुलेट बाइक ने आकर अंसारी वाली बाइक में एक जोरदार टक्कर मार दिया. जिससे ग्लैमर सवार तीनों व्यक्ति जमीन पर गिर गये तथा बुरी तरह जख्मी हो गये. जिसमें दो लोगों की हालत गंभीर हो गयी. घटना में बुलेट सवार दो युवकों में एक को थोड़ी चोटें आयीं. चोट खाये युवक ने अपने को सहाजितपुर थाना क्षेत्र के पंचमहला गांव निवासी मोख्तार ठाकुर का 18 वर्षीय पुत्र जीतेश ठाकुर बताया, जो शराब के नशे में बाइक चला रहा था. जबकि दूसरा युवक बुलेट छोड़ फरार होने में सफल हो गया. मौके पर उपस्थित थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार तथा पुलिस पदाधिकारी गंगा दयाल ओझा ने अपने दल-बल के साथ आगे की कार्रवाई में जूट गये.

# कम उम्र में गायन के क्षेत्र में बनाई पहचान स्वास्थ्य मंत्री भी कर चुके है सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा सदर। यदि कुछ कर गुजरने की तमन्ना हो तो कोई भी मुसीबत है उसे उस कार्य को करने से नहीं रोक सकती । सिर्फ जुनून होनी चाहिए। इसी कहानी को चरितार्थ कर रहे हैं सारण जिले के छपरा शहर के नईबाजार निवास शुभम कुमार। बचपन से ही संगीत के क्षेत्र में इतनी रुचि बढ़ी कि लाख समस्या आने के बावजूद इनका कदम डगमगाए नहीं और ये नित्य नए बुलंदियों के तरफ अग्रसर होते गए। घर में संगीत का कोई एबीसीडी भी नहीं जानता उसके बाद भी अपने गुरु की सानिध्य में जाकर आज शुभम संगीत के क्षेत्र में अपना नाम स्थापित कर चुके हैं। बताते चले कि नई बाजार, छपरा के हरि राय के पुत्र शुभम कुमार ने बहुत ही कम उम्र में ही गायन के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। रामजयपाल कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई कर रहे शुभम भजन की प्रस्तुति कई सरकारी मंचो पर दिए हैं और देते आ रहे हैं। चाहे वो पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित श्रावणी मेला महोत्सव हो , मेंहदार महोत्सव सीवन, राजगीर मकर मेला , राज्य स्तरीय युवा महोत्सव लखीसराय, चैत्र नवमी महोत्सव सीवन, वसंत पंचमी महोत्सव हो या भिखारी ठाकुर जयंती समारोह आदि कार्यक्रम में शुभम ने अपनी प्रस्तुति की बदौलत सब को मंत्र मुग्ध किए । शुभम जिला प्रशासन सारण और कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित महोत्सवों में अपनी प्रस्तुति देते आ रहे हैं। उनसे बात चीत से पता चला कि उनके परिवार में अबतक संगीत से कोई जुड़ा नही है। अपने घर की शुभम पहली पीढ़ी है जो संगीत सिख रहे है । इनके गुरु ओम प्रकाश जी है जिनके सानिध्य में ये संगीत की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। शुभम की प्रस्तुति को बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय का भी आशीर्वाद मिला है ।

# देव कुमार सिंह ने थामा जन सुराज का दामन



प्रात : किरण संवाददाता

एकमा (सारण) ।वरिष्ठ लोजपा नेता एवं पूर्व भाजपा प्रत्याशी देव कुमार सिंह ने थामा जन सुराज का दामन ।श्री सिंह प्रशांत किशोर की मौजूदगी में जन सुराज पार्टी में शामिल हुए। उनके लोजपा छोड़कर जन सुराज में आने से सारण में जन सुराज पार्टी को मजबूती मिलने की संभावना क्षेत्रीय लोगो द्वारा बताई जा रही है। एकमा बिधान सभा के संभावित उमीदवार एवम जन सुराज के युवा नेता विकास सिंह के पिता देव कुमार सिंह के जन सुराज में आ जाने से सारण की राजनीति में मजबूत जनाधार मिलेगा ।इस मौके पर श्री सिंह को जन सुराज के नेताओं और पार्टी कार्यकताओं द्वारा बधाईयों का तांता लगा हुआ है।

# शहर के एक नर्सिंग होम में जमकर हुई तोड़-फोड़ परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया

## मृत महिला संगीता देवी है, जो मुफस्सिल थाना अंतर्गत साढ़ा की रहने वाली बताई गई है

● नर्सिंग होम संचालक डॉ मेजर मधुकर का कहना है कि डेढ़ करोड़ की क्षति हुई है

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। शहर के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीनंदन पथ स्थित शुभम क्लिनिक एवं मेटरनिटी सेंटर में अचानक उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो दर्जन के करीब पहुंचे लोगों ने क्लीनिक में लाठी-डंडे के साथ तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रसव पीड़िता की मौत के बाद परिजन आक्रोशित थे,और उक्त नर्सिंग होम में जमकर तोड़फोड़ किया। क्लीनिक के अनेक उपकरण सहित वहां खड़ी डॉक्टर की कार को भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है. मृत महिला शहर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के साढ़ा की रहने वाली बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संगीता देवी पिछले कुछ दिनों से क्लिनिक की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मधु राय के देख-रेख में इलाजरत थीं। इस संबंध में नगर थाना से मोबाइल पर संपर्क किया गया लेकिन समाचार लिखे जाने तक संपर्क नहीं हो पाया है। स्थिति गंभीर होने के कारण दो दिन पूर्व उन्हें पटना रेफर किया गया था,जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही आक्रोशित परिजन शव लेकर क्लिनिक पहुंचे और तोड़फोड़ शुरू कर दिया। हंगामा कर रहे लोगों ने क्लिनिक के गार्ड के साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा, काउंटर पर मौजूद कर्मचारियों के साथ भी मारपीट की गई। गुस्साए परिजनों ने अल्ट्रासाउंड मशीन, पंखे, ब्रेच, मोटरसाइकिल और चारपहिया वाहन तक को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही नगर इंस्पेक्टर संजीव कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। उन्होंने बताया कि क्लिनिक प्रबंधन की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर घटना की जांच शुरू कर दी गई है, सीसीटीवी फुटेज की सहायता से आरोपियों की पहचान की जा रही है और प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। वही डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रण किया। लेकिन पुलिस को चकमा देकर सभी उपद्रवी फरार हो गये। इस संबंध में पूछे जाने पर उक्त नर्सिंग होम संचालक डॉक्टर मेजर मधुकर ने बताया कि उनकी पत्नी डॉ मधु राय के द्वारा किसी महिला मरीज का इलाज किया जा रहा था। कुछ दिन पहले उसे रेफर किया गया था, जिसकी मौत पटना में हो गई। वही रविवार को 25 से 30 लोगों उनके नर्सिंग होम पर पहुंचे और पूरे नर्सिंग होम को क्षतिग्रस्त कर दिया। अल्ट्रासाउंड मशीन से लेकर कई उपकरणों को तहस-नहस कर दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि करीब डेढ़ करोड़ रुपए की क्षति हुई है। वहीं मृतक के परिजन चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं।

# हत्या की वारदात से सनसनी: शादी समारोह के दौरान शख्स की गला रेतकर हत्या

## मधुबनी के कोरहिया गांव में सुनसान स्थान से मिला शव, सोची-समझी साजिश की आशंका

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरहिया गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक व्यक्ति की गला रेतकर हत्या कर दी गई। यह हृदयविदारक घटना रविवार की देर रात उस समय हुई जब गांव में एक पारिवारिक शादी समारोह चल रहा था। मृतक की पहचान हरही टोल निवासी 45 वर्षीय मोहम्मद अब्बास के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहम्मद अब्बास शादी समारोह में सम्मिलित होने अपने घर पर ही मौजूद थे। उसी दौरान अचानक वह लापता हो गए। परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन देर रात उनका शव गांव के ही एक सुनसान स्थान पर मिला। उनका गला धारदार हथियार से रेता गया था, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।सूचना मिलते ही जयनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस को घटनास्थल से कुछ अहम सुराग भी मिले हैं, जिनके आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। हत्या के कारणों को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। प्रारंभिक तौर पर पुलिस इसे एक सोची-समझी साजिश मान रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया है, ताकि वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा सके। वहीं, किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। पुलिस परिजनों, रिश्तेदारों एवं स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि हत्या के पीछे की असली वजहों का पता लगाया जा सके।गांव में इस हत्या को लेकर भय और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी और मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

# ऑल इंडिया नर्सरी टीचर ट्रेनिंग परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में हुआ संपन्न

## पांच दिवसीय परीक्षा में बोर्ड प्रतिनिधि मुकेश कुमार व एआईएनटीटी के डायरेक्टर फिरोज आलम की रही उपस्थित



छपरा। ऑल इंडिया नर्सरी टीचर ट्रेनिंग भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा संचालित पांच दिवसीय फाइनल परीक्षा सारण इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सरी टीचर ट्रेनिंग के तत्वाधान में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। परीक्षा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार मकेर प्रखंड के कैतुका नंदन स्थित धर्मनाथ राय इंटर कॉलेज में सत्र 2024- 25 का फाइनल परीक्षा में, एआईएनटीटी के माध्यम से लगभग 225 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। बता दें कि सारण में मकेर स्थित ऑल इंडिया नर्सरी टीचर ट्रेनिंग भारत सरकार नई दिल्ली का इकलौता सेंटर है। नर्सरी टीचर ट्रेनिंग की फाइनल परीक्षा बोर्ड प्रतिनिधि मुकेश कुमार की उपस्थिति में पांच दिवसीय परीक्षा संपन्न कराया गया। बोर्ड प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने बताया कि कुल 800 नंबर का यह फाइनल परीक्षा होता है, जिसमें 300 नंबर का असाइनमेंट की परीक्षा पहले ही संपन्न हो चुका है। 17 जून 2025 से 21 जून 25 तक आयोजित परीक्षा में 225 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। इस परीक्षा में तीन दिवसीय लिखित परीक्षा कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न हुआ। जबकि दो दिवसीय 200 नंबर का मौखिक परीक्षा भी संपन्न कराया गया। सारण इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सरी टीचर ट्रेनिंग मकेर के डायरेक्टर फिरोज आलम ने बताया कि सत्र 2024 -25 की फाइनल परीक्षा में बिहार के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड एवं आंध्र प्रदेश के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।

# अब पक्का पहुंच पथ से संतघाट मुक्तिधाम के शवदाह स्थल तक पहुंचेगी लकड़ी और शव-वाहन:गरिमा

## संत घाट में कुल 34.83 लाख की लागत से जारी मुक्तिधाम नव निर्माण को लेकर महापौर ने की प्रबंध समिति एवं संवेदक के साथ बैठक

● संतघाट-मुक्ति धाम नवनिर्माण के बाद विस्तारित सुविधाओं की महापौर ने दी प्रबंध समिति को जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि अब संत घाट में निमार्णाधीन ह्लमुक्तिधामह्व में शवदाह स्थल तक पक्का पहुंच पथ से लकड़ी और शव-वाहन पहुंच सकेंगे। वे रविवार को लाल बाजार स्थित अपने आवासीय कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रबंध समिति के साथ बैठक में कुल 34.83 लाख की लागत से स्वीकृत संत घाट के ह्लमुक्तिधामह्व नव निर्माण के बाद विस्तारित सुविधाओं की जानकारी प्रबंध समिति को दे रहीं थीं। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि मुक्तिधाम का रोड जहां तक बना है, उसके बाद 120 फीट लंबाई एवं 12 फीट चौड़ाई में पीसीसी सड़क बनेगी। रोड से कनेक्टेड 76 फीट लंबा एवं 10 फीट चौड़ा पीसीसी रैंप होगा। रैंप के बाद शेड के बगल तक मिटटी भराई करके 205 फीट लंबाई एवं 12 फीट चौड़ाई में पेवर ब्लॉक लगाते हुए दोनों तरफ सपोर्टिंग वॉल का निर्माण लिंक रोड से उतरने वाली सभी सीढ़ियों में चेकर टाईल्स, साढ़े तीस बाय 18 के दो एवं साढे 30 बाई 19 के तीन नये शेड, पूर्व से लगे सभी स्टैंड की मरम्मती, विश्रामालय की पूर्ण रिपेयरिंग एवं पेंटिंग, विश्राम वाले के नीचे का भाग जो खुला है, उसका तीन साइड से वाल जोड़ना, जाने की सीढ़ी बननी है। वही मुक्तिधाम परिसर के प्रतीक्षालय के नीचे वाले नये कमरे में बैठने के लिये 31 फीट बाई डेढ़ फीट में आरसीसी स्लैब निर्माण कराया जा रहा है। इसके नीचे और ऊपर दोनों प्रतीक्षालय में गेट एवं ग्रिल निर्माण, साढ़े 17 बाय साढ़े 30 फीट का बैठक पर कोटा स्टोन से निर्माण कराया जाएगा। वही साढ़े 40 बाई साढ़े 21 फीट का जमीन पर पीसीसी फ्लोर के भी निर्माण को स्वीकृति नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित उक्त योजना में दी गई है। बैठक में संवेदक प्रतिनिधि, संत घाट मुक्तिधाम समिति के रवि गोयनका, प्रेम सोमानी,रवि जैन, सुभाष रुंगटा, टीनू सर्राफ, अन्य गणमान्य संजय झुनझुनवाला, सुरेश सिंघानिया, दीपक कनोडिया के अलावा नगर निगम के कनीय अभियंता सुजय सुमन और मिस्त्री शामिल रहे।

# शीघ्र ही छपरा में होगा अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का पुनर्गठन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। . शीघ्र ही छपरा में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का पुनर्गठन होगा।जिसके लिए रविवार को सामाजिक एवं सांगठनिक तौर पर ताना बाना शुरू हो गया।इस महासभा में व्यापक बदलाव होने की संभावनाएं है।इस महासभा को सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए युवा चित्रांश को गोलबंद किया जाने लगा है।इसकी प्रामाणिक एवं अनौपचारिक चचाएं विधिवत रूप से शुरू ही नहीं हुआ बल्कि एक बीजारोपण भी कर दिया गया है। महासभा से जुड़े प्रांतीय नेताओं ने छपरा शहर के भगवान बाजार स्थित आशीर्वाद मार्केट कमलेश के सभागार में करीब आधा दर्जन चित्रांश बंधुओं के साथ खुलकर अपनी अपनी बातों को रखा तथा कहा कि पहले से जो संगठन है वह मृतप्राय हो गई है। न तो कोई कार्यक्रम और न कोई बैठके हुई है यही नहीं,इसके सभी सदस्यों की सदस्यता अवधि भी समाप्त हो चुकी है। महासभा के प्रांतीय महासचिव राकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि महासभा के जिला संयोजक प्रिंस राज के नेतृत्व में तकरीबन 60 चित्रांश बंधुओं की सदस्यता हुई है जो विद्यमान है।उन्होंने जिला संयोजक को बताया कि छपरा में इस महासभा के कार्यसमिति के गठन का प्रस्ताव प्रांतीय नेतृत्व को भेजे ताकि इसका सांगठनिक ढांचा खड़ा किया जा सके। महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि छपरा जैसे राजनीतिक धरातल पर महासभा की ताकत बढ़नी चाहिए और इसके लिए युवा चित्रांश बंधुओं को आगे आना चाहिए जबकि महासभा के प्रांतीय संगठन संरचना मंत्री संत कुमार ने दावा किया कि छपरा में अब चित्रांश जागरूक हो गए है जिन पर सबकी पैनी नजर है ।अब छपरा में चित्रांश हाशिए पर नहीं बल्कि राजनीति के मुख्य धारा में है ऐसी परिस्थिति में महासभा एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी ।उन्होंने इस बैठक में शामिल चित्रांश डॉ.विद्या भूषण श्रीवास्तव,राजेश कुमार सिन्हा उर्फ मिंटू ,ई.अभिजीत श्रीवास्तव एवं। भूपेश नंदन तथा मुकेश कुमार से आग्रह किया कि महासभा को खड़ा करने में भरपूर सहयोग करे। उधर, इन नेताओं ने महासभा के वर्तमान अध्यक्ष नागेंद्र कुमार वर्मा से भी मुलाकात कर मृतप्राय पड़े महासभा के सांगठनिक कमजोरी के बारे में जानकारी ली।उन्होंने इन नेताओं को बताया कि यह सही है कि जिस रूप में संगठन चलना चाहिए था वैसा नहीं हो पाया। इस बीच कई युवा चित्रांश बंधुओं ने महासभा के सदस्यों को आश्वस्त किया कि दो तीन दिनों में महासभा के निर्धारित पदाधिकारी सहित कार्यसमिति के गठन की प्रारूप प्रांत को भेज दी जाएगी ताकि इसका अनुमोदन हो सके।

# रोहतास के कुशही में उमड़ा जनसैलाब दिनेश राय का हुआ ऐतिहासिक स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता



भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग, बिहार सरकार के सचिव पद पर पदोन्नति होने के उपरांत दिनेश कुमार राय शनिवार को अपने पैतृक गांव रोहतास के कुशही पहुंचे। पटना से सड़क मार्ग से आगमन के क्रम में जगदीशपुर, दिनारा और कोचस में उनके समर्थकों और स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान हजारों लोगों ने अपने प्रिय अधिकारी का उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया।

कुशही गांव में ग्रामीणों एवं समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में श्री राय ने मंच से उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहाः लोग मेरे विरुद्ध टिप्पणी करते हैं, और कहते हैं कि मैं अपनी जाति के विरुद्ध हूँ लेकिन मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मैं जाति नहीं, जमात के साथ रहता हूं। मैं किसी भी प्रकार के आरोपों से अलग हूं। आज का यह सम्मान समारोह सभी प्रकार की टिप्पणियों का जवाब है।

अपने सेवाकाल की यादों को साझा करते हुए श्री राय ने कहाः मैं जिलाधिकारी रहते हुए भी सुदूर क्षेत्रों में मोटरसाइकिल से जाता था।लोगों से जुड़ा रहता था, जहां 25 वर्ष पूर्व कार्यरत रहा उस जगदीशपुर में आज हजारों लोग स्वागत के लिए खड़े दिखे, यह मेरे लिए गौरव की बात है। हम इन विषयों को राजनीति से नहीं जोड़ सकते। ऐसे कार्यों को सामाजिक दृष्टिकोण से जोड़ना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि ह्लसरकार ने जो कलम मुझे सौंपी है, वह जनकल्याण की दिशा में सार्थक कार्य करने के लिए है। व्यक्ति को अहंकार से दूर रहकर काम करना चाहिए। यदि आवश्यकता पड़ी तो पैदल या ऑटो से भी चलने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए शिक्षा और संस्कार पर बल देते हुए श्री राय ने अपील की कि आप सभी अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें, उन्हें पढ़ाएं-लिखाएं ताकि वे आगे चलकर अधिकारी बनें अंत में उन्होंने अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि मैं बच्चों की शिक्षा, परिवारों के स्वास्थ्य, दवा आदि कार्यों में सदैव तत्परता से लगा रहा हूं और आगे भी रहूंगा। पद पर रहूं या न रहूं, समाज सेवा का यह संकल्प जारी रहेगा।

इस सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। समारोह में आत्मीय वातावरण और गांव के प्रति श्री राय की निष्ठा के प्रति लोगों में गहरी आस्था देखी गई। राजनीतिक विशेषज्ञों की मानें तो यह कार्यक्रम करगहर क्षेत्र में एक अलग सियासी हलचल पैदा कर रहा है। आम जनमानस द्वारा अत्यंत उत्साह से दिनेश कुमार राय से मांग की गई कि वे सक्रिय राजनीति में जुड़ें एवं समाज हेतु अपना योगदान दें, हालांकि दिनेश राय से यह पूछने पर कि क्या वे अब राजनीति में शामिल होंगे एवं चुनाव लड़ेंगे, उन्होंने साफ मना किया कि और कहा कि अभी सरकार द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। पूर्व में मुख्यमंत्री के आप्त सचिव के रूप में कार्य किए हैं, अभी सचिव के रूप में कार्यरत हैं। आगे उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा जो आदेश मिलेगा उसका पालन करेंगे।

## धर्मसभा भवन, गयाजी में सम्पन्न हुआ श्री विद्या त्रिकोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ



### डॉ. प्रेम कुमार सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने लिया भाग, भारत को विश्व शक्ति बनाने का लिया संकल्प

प्रातः किरण संवाददाता

गयाजी। स्थित धर्मसभा भवन में देश के वरिष्ठ संत स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी जी के संरक्षण में भव्य श्री विद्या त्रिकोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यह दिव्य आयोजन युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ है, जिसमें देशभर से श्रद्धालुओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया है।

इस महायज्ञ में भारत सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. संजय पासवान, त्रिपुरा मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अरिंदम लोध, तथा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं गया विधायक डॉ. प्रेम कुमार सहित कई प्रतिष्ठित संत, समाजसेवी एवं विद्वान उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने यज्ञशाला में पूजन-अर्चन कर देश एवं समाज की समृद्धि की कामना की है।डॉ. प्रेम कुमार जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा

ह्लमाँ ललिता की कृपा से ही भारत एक बार पुनः विश्व गुरु के पद पर आसीन हो सकता है। यह यज्ञ भारत की आत्मिक शक्ति को जागृत करने का माध्यम है।

गयाजी की पुण्यभूमि पर आयोजित यह महायज्ञ सामाजिक और आध्यात्मिक एकता का प्रतीक है ह्लउन्होंने आगे कहा कि युवा चेतना के नेतृत्व में हुए इस आयोजन से यह सिद्ध होता है कि आज का युवा भी धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. कुमार ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे आत्मशुद्धि, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक समरसता की भावना के साथ माँ ललिता से प्रार्थना करें, जिससे भारत विश्व में एक सशक्त, समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से जागरूक राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हो।

महायज्ञ में गयाजी सहित पूरे मगध प्रमंडल से हजारों श्रद्धालु उपस्थित हुए और उन्होंने मंत्रोच्चारण, पूजा एवं प्रवचनों का श्रवण कर आत्मिक शांति प्राप्त की।

## विश्व योग दिवस पर दिव्य योग महोत्सव का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। सनातन योग संस्थान, आरा के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य व ऐतिहासिक योग महोत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर ही नहीं, जिले के गणमान्य जनों, योग प्रेमियों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारीं नगर निगम, आरा की माननीय मेयरी इंदु देवी जी, जिन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में योग को जीवन की ऊर्जा बताते हुए इसके प्रचार-प्रसार हेतु समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। विशेष अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही , रविरंजन, डॉ. विजय कुमार गुप्ता, डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, डॉ. मदन मोहन द्विवेदी, स्वर्ण क्रांति सेना की अध्यक्ष पूनम सिंह , अध्यक्षता की संस्थान के संयोजक एवं प्रेरणास्रोत, विनय कुमार ओझा जी ने, जिन्होंने योग के सामाजिक प्रभाव पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिन सक्रिय सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा, उनके नाम इस प्रकार हैं:कृष्णा मुरारी जी, विशेश्वर नाथ सिन्हा जी, योग शिक्षक झ शोमेश्वर लाल, मनोज जी, लालजी भैया, अशोक कुमार सिंह,अरविंद कुमार सिंह, श्री नकुल मिश्रा जी एवं श्री राधा मोहन मिश्रा कार्यक्रम में सामूहिक योग अभ्यास, प्राणायाम सत्र, ध्यान क्रिया प्रदर्शन की भूरी-भूरी प्रशंसा हुई।

## सीबीआई कोर्ट ने बैंक धोखाधड़ी मामले में तीन आरोपियों को सजा सुनाई

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। सीबीआई कोर्ट ने बैंक धोखाधड़ी मामले में तीन आरोपियों, जिनमें क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के दो तत्कालीन प्रबंधक और एक निजी व्यक्ति शामिल हैं, को तीन वर्ष के सश्रम कारावास और 4 लाख रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई : 22 जून 20250पटना की सीबीआई कोर्ट ने 21 जून 2025 को तीन आरोपियों, जिनमें बारुन कुमार मिश्रा, तत्कालीन प्रबंधक, मिथिला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, कहुआ शाखा, दरभंगा; मोहन जी मिश्रा, तत्कालीन शाखा प्रबंधक, मिथिला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, बहेरा शाखा, मधुबनी और एक निजी व्यक्ति दयानंद झा को बैंक धोखाधड़ी मामले में 3 वर्ष के सश्रम कारावास (आरआई) और कुल 4 लाख रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई।केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने इस मामले को 14.08.1991 को बारुन कुमार मिश्रा, तत्कालीन प्रभारी अधिकारी, मिथिला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (एमकेजीबी) कहुआ शाखा और एक फील्ड अधिकारी, मिथिला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (एमकेजीबी) कहुआ शाखा के खिलाफ दर्ज किया था। यह आरोप था कि उक्त आरोपी व्यक्तियों ने 1989-90 के दौरान शाखा अधिकारी और फील्ड अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए आपराधिक साजिश रची और उक्त साजिश के तहत उन्होंने दयानंद झा, पुत्र शारदानंद झा, दरभंगा के नाम पर दिखाए गए एचएसएस खाता संख्या 1114 में डेबिट और क्रेडिट प्रविष्टियों में हेरफेर करके 2,48,642 रुपये की राशि का गबन किया।जांच के बाद, सीबीआई ने 30.11.1994 को गबन के विभिन्न मामलों के लिए दो अलग-अलग आरोप-पत्र दाखिल किए।

पहला आरोप-पत्र पटना के विशेष न्यायाधीश, सीबीआई मामलों के सम्मानित न्यायालय में बारुन कुमार मिश्रा, तत्कालीन प्रभारी अधिकारी, मिथिला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (एमकेजीबी) कहुआ शाखा; मोहन जी मिश्रा, तत्कालीन प्रभारी अधिकारी, मिथिला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (एमकेजीबी) बहेरा शाखा और दयानंद झा, एक निजी व्यक्ति के खिलाफ दाखिल किया गया। न्यायालय ने सुनवाई के बाद आरोपियों को दोषी पाया और उन्हें तदनुसार सजा सुनाई।दूसरा आरोप-पत्र पटना के विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, सीबीआई मामलों के सम्मानित न्यायालय में बारुन कुमार मिश्रा, तत्कालीन प्रभारी अधिकारी, मिथिला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (एमकेजीबी) कहुआ शाखा के खिलाफ दाखिल किया गया, जो मुजफ्फरपुर न्यायालय में विचाराधीन है।

## प्रो. चंदन कुमार सिंह बने प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोशिएसन उदवंतनगर के प्रखंड अध्यक्ष



प्रात : किरण संवाददाता

उदवंतनगर। प्रखंड अवस्थित दक्ष कैरियर स्कूल के प्रांगण में प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोशिएसन के बैनर तले सम्मान समारोह सह एसोशिएसन विस्तार का भव्य आयोजन एसोशिएसन के जिला समन्वयक सह दक्ष कैरियर स्कूल के निदेशक गोपाल मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संचालन सचिव सह प्रवक्ता मनोज कुमार ने किया ' उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष मिथिलेश रंजन, उपाध्यक्ष अविनाश कुमार, सचिव सह प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह,कार्यक्रम पदाधिकारी डॉञ्ज आदित्य तिवारी, अनिता मिश्रा ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया । सर्वसम्मति से उदवंतनगर प्रखंड अध्यक्ष के पद पर प्रो. चंदन कुमार सिंह का मनोनयन किया गया ' नवनियुक्त अध्यक्ष को बहुत जल्द ही सभी स्कूल के निदेशकों के सहयोग से 11 सदस्यीय कमिटी बनाने का टास्क सौपा गया ' उपस्थित सभी विद्यालय संचालक एवं एसोसिएशन लिडर्स ने एक स्वर में एसोशिएसन के कार्यो की सराहना की और कदम - से कदम मिलाकर चलने की बात कही ' सभी उपस्थित निदेशकों और पदाधिकारीगण को माला,अंगवस्त्र, और पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सौरभ सिंह,चंदन कुमार, अमरेंद्र कुमार, ओम प्रकाश समदर्शी,मनोज कुमार, शैलेंद्र कुमार सिंह,प्रीति सिंह,ईशा कुमारी, काजल कुमारी,प्रीतम प्रकाश,डी के सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह,पंकज कुमार, सहित कई विद्यालयों के संचालक, प्राचार्य उपस्थित रहें।

समारोह को उपाध्यक्ष अविनाश कुमार,समन्वयक गोपाल मिश्रा, संतोष कुमार सुमन ने संबोधित किया ' मुख्य वक्ता सचिव मनोज कुमार सिंह ने विद्यालयों की समस्याओं और एसोशिएसन के गठन को लेकर सभी को हर तरह की बातों से अवगत कराया। जिला एवं प्रखंड ईकाई के अन्य वक्ताओं ने निजी विद्यालयों की समस्याओ के हल हेतु विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन जिलाध्यक्ष मिथिलेश रंजन ने किया। कार्यक्रम के बाद सबके सम्मान में प्रीति भोज का आयोजन किया गया।

## ब्रह्माकुमारी के सिविल लाइंस सेवाकेंद्र द्वा-रा जगदम्बा सरस्वती का 60वाँ स्मृति दिवस को विश्व शक्ति दिवस के रूप में मनाया गया

गया जी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरिय विश्व विद्यालय की प्रथम अध्यक्षा ब्रह्माकुमारी मातेश्वरी सरस्वती का 60वाँ स्मृति दिवस मनाया गया है ।इस अवसर पर गया एवम बोधगया नगर प्रखंड के गणमान्य लोग उपस्थित हुए ।बोधगया से आए हुए पी डी एस यूनियन संघ के अध्यक्ष श्री विजय कुमार ने कहा की मातेश्वरी जगदम्बा जिन्हें मम्मा कह कर सम्बोधित किया जाता है वे ब्रह्माकुमारियों की प्रथम प्रमुख प्रशासिका थीं जिन्हें ह्लबुद्धि की देवीह्व की रूप में जाना जाता है। मम्मा ने ब्रह्माकुमारी संगठन की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आध्यात्मिकता को पोषण दिया है।अमिताभ सिंह एडवोकेट ने कहा कि मातेश्वरी जगदम्बा को संस्था के संस्थापक ब्रह्मा की आध्यात्मिक बेटी माना जाता है।मम्मा ने एक मार्गदर्शक, प्रशासक एवं आध्यात्मिक शिक्षक के रूप में सभी को पालना दिया है।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरेकृष्ण प्रसाद भूतपूर्व मुखिया इलारा पंचायत बोधगया तथा समाज सेवी ने कहा संस्था की प्रथम अध्यक्ष मातेश्वरी जगदम्बा ने ज्ञान ध्यान और सेवा के महत्व पर जोर दिया और सभी ब्रह्मावत्सों को एक भरोसा एक विश्वास के सिद्धान्त का पालन करने के लिए कहा है।इस अवसर पर केन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिला बहन ने अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए कहा की रूहानियत के गगनमंडल में ब्रह्मा संस्थापक के रूप में यदि ज्ञान सूर्य थे तो मातेश्वरी जी ज्ञान चन्द्रमा थीं। माँ ऐसी ज्ञान लोरी सुनाती थीं कि दुःख अशांति शीतल मीठी छाँह में बदल जाती थीं। उन्होंने ज्ञान यज्ञ में अपने मन की पूर्ण आहुति दी तथा सर्वस्व प्रभु अर्पण किया। उनका तपोबल उच्च स्तरिय था। वे योग की शक्तिशाली स्टेज में स्थित होकर पवित्रता तथा दिव्यता की किरणें प्रकीर्ण करती थीं। उनके नयन स्थिर, चेहरे पर मुस्कुराहट एवं मुखमंडल दिव्य आभा को लिए हुए होता था। वे ब्रह्माकुमारी शिवशक्तियों की ऐसी अनुपम सेनानी थीं जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन विश्व कल्याण की सेवा में समर्पित किया हुआ था। सरस्वती नाम से पहले उनका नाम ओम राधे था। ओम की ध्वनि करते करते वह ईश्वरीय स्मृति में मग्न हो जाती थीं और उनकी रूहानियत भरी वाणी सबको ईश्वरीय प्रेम से भाव विभोर कर देती थीं।इस अवसर पर बेबी पीहू ने मम्मा के सुंदर गीत पर एक नृत्य प्रस्तुत किया जिससे सभी लोगों ने पसंद किया है ।भाई सौरव ने मम्मा के ऊपर एक सुंदर कविता प्रस्तुत किया है ।सभा में उपस्थित सभी आगंतुकों ने मम्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा ब्रह्मा वत्सों ने पुष्पाजंली अर्पित किया है।ज्ञात हो को इस सेवाकेंद्र पर प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 9 बजे तथा संध्या 4 से 7 बजे तक निशुल्क राजयोग का अभ्यास किया जाता है ।जीवन में सुख शांति के लिए एकबार अवश्य पधारें ।अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9472945462, 9142462621 पर संपर्क करें ।अभी नहीं तो कभी नहीं ।नया युग आध्यात्मिक युग होगा पवित्रता ही सुख शान्ति की जननी है हर कीमत पर इसकी रक्षा करना अपना सर्वप्रथम कर्तव्य है।

## चौसा में संयुक्त किसान मोर्चा ने विशाल महापंचायत धरना का किया शुरूआत

प्रातः किरण संवाददाता

बक्सर ।लड़ेंगे जीतेंगे! निकलो घर मकानों से जंग लड़ो बेईमानों से,खेत,खेती,गाँव बचाओ! किसान बचाओ, देश बचाओ! की गगन भेदी नारों से चौसा थर्मल का मुख्य गेट क्षेत्र गुंजायमान हो गया। हजारों हजार किसानों का विशाल महापंचायत की शुरूआत राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत ने चौसा किसान आंदोलन की वीरांगना तेतरी देवी को सम्मानित कर धरना की शुरूआत किया। सर्वप्रथम अतिथियों में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत,स्थानीय सांसद श्री सुधाकर सिंह, हल्ला बोल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम जी,सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद सिंह,बिहार सरकार के पूर्व मंत्री अखलाक अहमद, किसान नेता दिनेश कुमार और अशोक प्रसाद सिंह,हल्ला बोल के महासचिव प्रशांत कमल सहित अन्य अतिथियों को फूलमाला एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों का आह्वान किया है ।

करते हुए कहा कि किसान साल भर किसान रहते है, मगर वोट के समय जातियों में बंट जाते है। किसान अपने को भूल जाते हैं कि किसान है, तब तक किसानों को जिंदगी में खुशहाली नहीं आएगी। उन्होंने कहा किसानों को डरने की जरूरत नहीं है। आप संगठित होकर संघर्ष करो पूरे देश के किसान आपके साथ है। बिहार के बच्चे दिल्ली में अपने को बिहारी कहना पसंद नहीं करते।अपने बच्चों को अपनी मिट्टी से जोड़ो। केंद्र सरकार जी एम बीज के रूप में जहर लाकर हमारे बीच में परोसना चाहती है। उसके खिलाफ पूरे देश में सड़क से संसद तक और न्यायालय तक हम लड़ाई लड़ेंगे।इस अवसर पर स्थानीय सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि जब मैं सांसद नहीं था,उस समय 3000 एकड़ में चौसा थर्मल को बनाने की बात थी। हमने लड़कर उस फालतू जमीन को कारखाना के नाम पर किसानों से छीनने नहीं दिया। उस समय लड़ कर 1100 एकड़ जमीन अधिग्रहित करने नहीं दिया। सांसद बनने के बाद एक साल के दरमियान कई सहूलियत दिलाई है और बाकी जो सवाल है ।

## आरा में संत सम्मेलन का भव्य आयोजन, अजय सिंह ने धर्म-संस्कृति पर दिया जागरूकता का संदेश

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। आरा के ग्रैंड रिसॉर्ट में आज धर्म जागरण समन्वय, भोजपुर विभाग एवं जन जागरण सेवा कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में भव्य संत सम्मेलन का आयोजन हुआ। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जागरूकता का भी प्रतीक बनकर उभरा। भोजपुर - बक्सर के विभिन्न जिलों से पधारे संतों, साध्वियों, सामाजिक कार्यकताओं, और हजारों की संख्या में साधु संत शामिल रहे ।

प्रान्त के सांस्कृतिक प्रमुख प्रज्ञापुत्र निर्मल संत सम्मेललन के कार्यक्रम संयोजक अजय सिंह ने कहा कि ह्लहर मंदिर को सशक्त करना होगा, हर घर में हमारी धार्मिक सभ्यता के प्रति आस्था और गंभीरता जरूरी है। हो सकता है आने वाली पीढ़ी तक हमारी धार्मिक पद्धति और हिन्दू संस्कृति की पहुंच और पहचान न बन पाए अगर हम आज भी सजग न हुए। हमें अपनी स्कूलों में धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूकता पैदा करनी होगी।

उन्होंने आगे कहा, ह्लजैसे अन्य समुदाय अपने धर्म को लेकर एकजुट और कट्टर हैं, वैसे ही हिंदुओं में भी धार्मिक गंभीरता और आस्था का भाव जागना जरूरी है। हमें अपने मूल्यों की रक्षा के लिए संगठित होना होगा।

सम्मेलन में नवादा नरहठा मठ के महंथ पूज्य रंगनाथ स्वामी जी, चरित्रवन बक्सर के गोविंदाचार्य स्वामी जी, स्वामी राघवाचार्य जी, स्वामी पद्मनभ जी महाराज, स्वामी बैकुंठनाथ जी और स्वामी विधिचार्य जी महाराज जैसे प्रसिद्ध संतों की उपस्थिति ने सभा को विशेष गरिमा प्रदान की। साथ ही साध्वी लक्ष्मी माता, धर्म जागरण समन्वय के क्षेत्र प्रमुख सूबेदार जी, प्रान्त संयोजक अनिल दुबे, विधि प्रमुख भूषण कुमार, सह संयोजक अरुण कुमार, कार्यक्रम के संयोजक अजय सिंह,पटना विभाग संयोजक राज किशोर जी, प्रान्त के परियोजना प्रमुख राकेश कुमार, सह प्रमुख यशवंत नारायण ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस सम्मेलन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज के विविध वर्गों की भी सक्रिय भागीदारी रही। मेयर इंदु देवी, विधान परिषद सदस्य जीवन कुमार, भाजपा के जिला अध्यक्ष दुर्गा राज, सियाराम सिंह, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रान्त मंत्री नितीश पटेल, रामनवमी शोभायात्रा संयोजक शम्भू चौरसिया, विभाग प्रचारक राणा प्रताप, कार्यक्रम के मीडिया संयोजक अभय विश्वास भट्ट, ठलअकके पूर्व निदेशक वीर बहादुर सिंह, हरिओम, युवराज जैसे अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति ने सम्मेलन को सार्थकता दी।

संतों ने अपने वक्तव्यों में धर्म को जीवन का केंद्र मानते हुए कहा कि यह समय सनातन संस्कृति को पुनः जीवंत करने का है। उन्होंने समाज में फैल रही नशाखोरी, अशिक्षा और सांस्कृतिक भ्रम को दूर करने के लिए मंदिरों को सामाजिक केंद्र के रूप में स्थापित करने पर बल दिया।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी संतों और नागरिकों ने समाज में धार्मिक चेतना, सांस्कृतिक समरसता और राष्ट्रभक्ति को मजबूत करने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन में आध्यात्मिकता, श्रद्धा और सामाजिक एकजुटता का दृश्य देखने को मिला।

यह सम्मेलन भोजपुर की धरती पर धर्म, संस्कृति और समाज के समन्वय का ऐतिहासिक उदाहरण बन गया।

## बिजली के करंट से बच्चा हुआ घायल



कुर्था (अरवल) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के नयनसुख बिगहा गांव में बिजली की करंट से एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन बच्चे को कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नयनसुख बिगहा गांव निवासी गिरजा पासवान के 10 वर्षीय पुत्र कंचन कुमार जो नयनसुख बिगहा सरकारी स्कूल के पीछे बच्चों के साथ खेल रहा था तभी स्कूल के पीछे लटक रहे बिजली की तार के चपेट में आ गया जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में ग्रामीणों के द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया हालांकि चिकित्सकों के अनुसार बच्चों की हालत खतरे से बाहर बताया जाता है।

## भाजपा द्वारा सरैया और सिन्हा मंडल का संयुक्त विकसित भारत संकल्प सभा का किया गया आयोजन

आरा/बड़हरा । रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा मोदी सरकार 11 साल -संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के अंतर्गत बड़हरा विधानसभा के सरैया और सिन्हा मंडल का संयुक्त विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन गजियापुर में किया गया।संकल्प सभा कार्यक्रम की अध्यक्षता सिन्हा मंडल अध्यक्ष गोबिन्द साह और संचालन सरैया मंडल अध्यक्ष करोड़पति से ने किया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथियों में जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,जिला उपाध्यक्ष धनंजय तिवारी, विधानसभा प्रभारी संजय कुमार सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राम अवतार सिंह,रामाकांत सिंह,मंडल प्रभारी संतोष सिंह संटु एवं बड़हरा मंडल अध्यक्ष शुभम पांडेय उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरूआत डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं सामुहिक वंदेमातरम के साथ हुआ। आगत अतिथियों का स्वागत मंडल पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र के साथ किया गया।कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ता, बहुतायत महिला एवं ग्रामीण जनता को बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा शपथ प्रपत्र के माध्यम से देश को विकसित बनाने का संकल्प दिलाया गया। सभीन ने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान का शपथ लिया।बड़हरा विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र मे जब से मोदी जी का सरकार आया तब से देश बहुत तेजी से विकास कर रहा है।2014 के पहले सरकार द्वारा गरीबो एवं बुजुर्ग लोगो के लिए ईलाज के नाम पर एक पैसा का भी कार्ड नही था।

# 26 जून के छात्र-युवा संवाद को लेकर भोजपुर से जागरूकता रथ होगा रवाना

## तेजस्वी यादव से मिलने पटना भरने की तैयारी में जुटा भोजपुरः रथयात्रा से गांव-गांव तक जागरूकता अभियान शुरू

प्रातः किरण संवाददाता




आरा, 22 जून. राजद द्वारा 26 जून को पटना के बापू सभागार में आयोजित युवा छात्र संवाद कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आज भोजपुर जिले से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. इस रथ को युवा राजद के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने रवाना किया, जो आगामी दिनों में जिले के गांव-गांव में जाकर युवाओं को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करेगा.

रथ को राजद के झंडे, बैनर और पार्टी के गीतों से सजाया गया है और यह भोजपुर के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क करेगा.

इस मौके पर युवा राजद के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने कहा झ भोजपुर के सातों विधानसभा क्षेत्रों से हजारों युवा पटना पहुंचेंगे और अपने लोकप्रिय नेता तेजस्वी यादव से सीधा संवाद करेंगे.

बड़हरा के राजद नेता रामबाबू सिंह ने तीखा हमला करते हुए कहा झ बेरोजगारी और भ्रष्टाचार में डूबी यह सरकार अब युवाओं की ताकत से उखाड़ फेंकी जाएगी. 26 जून एक निर्णायक कदम होगा. 26 जून को पटना जाने वाले सभी लोगों के लिए बूथ लेबल पर मैने दो दो गाड़ियों का इंतजाम किया है साथ ही सभी के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी जाने वाले कार्यकताओं को कोई तकलीफ न हो.

अनूप मौर्य ने जानकारी दी कि सभी कॉलेजों में जाकर छात्रों से संपर्क किया गया है और युवाओं ने 26 जून को पटना पाटने का संकल्प लिया है.वहीं युवा राजद के प्रधान महासचिव रजनीश यादव ने जोशीले अंदाज में कहा झ बिहार के सभी जिलों में भोजपुर पहला जिला होगा जो राजधानी को पाटने का काम करेगा. यह कार्यक्रम तय करेगा कि अब बागडोर युवाओं के हाथ में होगी और तेजस्वी यादव बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे.

यह रथ 26 जून तक लगातार भोजपुर जिले के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण कर जागरूकता अभियान चलाएगा। मौके पर मौजूद युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष पिंटू यादव, बिमलेश यादव,रवि राणा, प्रींस राय, संतोष कुमार, निराला यादव सहित दर्जनों राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे.



# ईशा कोप्पिकर ने शुरू की रहस्यमयी प्रोजेक्ट की शूटिंग

अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर ने एक बार फिर चर्चाओं का बाज़ार गर्म कर दिया है। उनका एक बीहाइंड-द-सीन वीडियो, जिसमें वह एक शक्तिशाली योद्धा के रूप में नज़र आ रही हैं, सोशल मीडिया पर लीक हो गया है। इस वीडियो के वायरल होते ही फैंस और इंडस्ट्री के लोग कयास लगाने लगे हैं कि यह किस प्रोजेक्ट का हिस्सा है। वीडियो में ईशा लाल रंग की शाही साड़ी में दिखाई दे रही हैं, जिस पर सुनहरे ज़री का बारीक काम है। हाथ में एक पारंपरिक ढाल थामे, वह एक सच्ची योद्धा की तरह प्रतीत होती हैं। उनके गहनों से लेकर बालों की बारीकी से की गई स्टाइलिंग तक हर पहलू यह जताता है कि यह कोई साधारण फोटोशूट नहीं, बल्कि एक भव्य और पीरियड-आधारित प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसमें ऐतिहासिक सटीकता और भव्यता ज़रूरी है।

इस दिलचस्प सेटअप ने प्रशंसकों और इंडस्ट्री के अंदरूनी लोगों को ईशा के अगले वेंचर के बारे में अटकलें लगाने पर मजबूर कर दिया है। क्या वह ऐतिहासिक ड्रामा की दुनिया में कदम रख रही हैं, शायद भारतीय इतिहास की किसी महान रानी या योद्धा का किरदार निभा रही हैं? उनकी वेशभूषा और शूटिंग के पेशेवर सेटअप से स्पष्ट प्रोडक्शन वैल्यू एक बड़े प्रोजेक्ट की ओर इशारा करती है, संभवतः एक वेब सीरीज़ या फीचर फिल्म जो इन दिनों बेहद लोकप्रिय हो रहे ऐतिहासिक नारी-केंद्रित विषयों पर आधारित है। इस पूरी कहानी को और भी दिलचस्प बनाता है ईशा कोप्पिकर का हाल के वर्षों में प्रोजेक्ट्स को लेकर चयनशील रवैया। वह अपने काम को लेकर हमेशा संजीदा रही हैं और किसी भी नई भूमिका को चुनने से पहले खूब सोच-विचार करती हैं। ऐसे में अगर वह किसी नए प्रोजेक्ट का हिस्सा बनी हैं, तो यह निश्चित ही कोई साधारण काम नहीं है। चाहे वह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म की महत्वाकांक्षी ऐतिहासिक सीरीज हो, बॉलीवुड की कोई पीरियड ड्रामा हो या फिर किसी क्षेत्रीय भाषा की कहानी जो भारत की अनकही वीरांगनाओं को सामने लाती हो। एक बात तो तय है - ईशा कोप्पिकर अपनी ढाल से कहीं ज़्यादा कुछ करने के लिए तैयार हैं। उनके पास एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो उनके करियर की दिशा को फिर से परिभाषित कर सकता है।



# एक नई भाषा में काम करना मेरे लिए चुनौती थी

अभिनेत्री मिथिला पालकर फिल्म ओहो एंथन बेबी के साथ तमिल फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नई भाषा में प्रदर्शन करना उनके लिए एक ऐसा चुनौती थी, जिसके बारे में उन्होंने कभी सोचा नहीं था। मिथिला ने बताया कि एक अभिनेत्री के तौर पर वह हमेशा ऐसी चीजें करने की कोशिश करती हैं, जो उन्हें कम्फर्ट जोन से बाहर ले जाए। उन्होंने कहा, यह मुझे न केवल पेशेवर रूप से बल्कि व्यक्तिगत रूप में आगे बढ़ने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि एक नई भाषा सीखना और उसमें अभिनय करना उनके लिए एक ऐसी चुनौती थी, जिसके बारे में उन्होंने पहले कभी नहीं सोचा था। लिटिल थिंग्स, कारवां और चॉपस्टिक्स के लिए मशहूर मिथिला ने कहा कि उन्हें अब तक हिंदी और मराठी में ही काम करने का मौका मिला था। बता दें कि तमिल फिल्म ओहो एंथन बेबी में मिथिला के अगेंस्ट रुद्र मुख्य भूमिका में रहेंगे। फिल्म का पहला पोस्टर मई में रिलीज किया गया था। पोस्टर में अभिनेत्री लाल रंग की ड्रेस पहने नीचे बैठे अभिनेता रुद्र द्वारा पकड़े गए कैमरे के सामने पोज देती दिखाई दे रही हैं।

कृष्णकुमार रामकुमार द्वारा निर्देशित रोमांटिक-कॉमेडी ओहो एंथन बेबी में दर्शकों को प्यार और रिश्तों पर एक नया और अनोखा नजरिया देखने को मिलेगा। मिथिला ने ओहो एंथन बेबी की शूटिंग पूरी करने के बारे में कहा, यह यात्रा वास्तव में मेरे लिए खास रही है, न केवल इसलिए कि यह मेरी पहली तमिल फिल्म है, बल्कि इसलिए भी कि मुझे उन अविश्वसनीय लोगों के साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा, तमिल में लाइनें सीखना भले ही मेरे लिए एक चुनौती थी, लेकिन मैंने इसमें हर पल का भरपूर आनंद लिया। मेरे सह-कलाकार रुद्र, मेरे निर्देशक कृष्णकुमार रामकुमार और पूरी कास्ट और क्रू ने मेरा अच्छे से स्वागत किया और मुझे बिल्कुल घर जैसा महसूस कराया, भले ही मैं यह भाषा नहीं बोल पाती थी।



# पीआर एक जरूरत बन चुका है

इन दिनों काजोल अपनी फिल्म 'मां' का प्रमोशन कर रही हैं। हाल ही में एक पॉडकास्ट में काजोल ने आज के समय में पीआर की अहमियत के बारे में बात की। क्यों इतना फेमस होने के बावजूद काजोल को भी पीआर की जरूरत है। हालिया बातचीत में काजोल कहती हैं, 'हमको अभी पीआर की जरूरत है। सोशल मीडिया के जमाने में कई आवाजें, मुद्दे हैं। ऐसे में हमें अपनी बात, किसी खास चीज को लोगों तक पहुंचाने के लिए पीआर की जरूरत है। यही कारण है कि यह सब जरूरत बन चुका है।

## अजय देवगन के बारे में क्या बोलीं एक्ट्रेस

काजोल की फिल्म 'मां' को अजय देवगन प्रोडक्शन ने प्रोड्यूस किया है। इंस्टेंट बॉलीवुड के हालिया पॉडकास्ट में ही काजोल ने अजय के बारे में भी बात की। वह कहती हैं, 'वह अपने काम को लेकर बहुत लगाव रखते हैं। वह अपने तरीके से काम करते हैं। अगर



वह अपनी तरह की फिल्में नहीं बनाते तो आज यहां तक नहीं पहुंच सकते थे।'

## 'मां' कब रिलीज होगी

विशाल फुरिया निर्देशित फिल्म 'मां' में काजोल एक मां के रोल में नजर आ रही है। यह एक हॉरर, सुपरनेचुरल ड्रामा फिल्म है, जो 27 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# मोहनलाल ने कंफर्म की दृश्यम 3, अक्टूबर में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

**साउथ सुपरस्टार मोहनलाल ने इस साल 'एल 2 एम्पुरान' और 'थुडारम' जैसी फिल्में दी हैं। अब मोहनलाल ने अपनी सुपरहिट फ्रेंचाइजी 'दृश्यम' की तीसरी कड़ी का भी एलान कर दिया है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी है।**

## मोहनलाल ने किया पोस्ट

अभिनेता मोहनलाल ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो की शुरुआत ब्लैक एंड व्हाइट में मोहनलाल के इंटेंस लुक से होती है। जिसमें उनकी आंख पर केंद्रित किया गया है। इसके बाद स्क्रीन पर लिखकर आता है 'दृश्यम 3'। बाद में वीडियो में मोहनलाल फिल्म के निर्देशक जीतू जोसेफ और निर्माता एंटनी पेरुंबवूर के साथ गले मिलते और मुस्कुराते हुए नजर आते हैं। अंत में लिखकर आता है 'लाइट कैमरा अक्टूबर।' इस वीडियो को शेयर करते हुए मोहनलाल ने कैप्शन में लिखा, 'अक्टूबर 2025 - कैमरा वापस जॉर्जकुट्टी की ओर मुड़ता है।' जिससे स्पष्ट है कि फिल्म की शूटिंग अक्टूबर में शुरू होगी।

## पहले दोनों पार्ट हुए हैं हिट

दृश्यम एक सस्पेंस थ्रिलर मर्डर फिल्म है। जिसके दो पार्ट पहले ही आ चुके हैं। साल 2013 में मोहनलाल दृश्यम लेकर आए थे। इसके बाद 2021 में दृश्यम 2 रिलीज हुई थी। ये दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर भी काफी सफल रही थीं और क्रिटिक्स ने भी इन फिल्मों को सराहा था। अब मोहनलाल फिल्म का तीसरा पार्ट 'दृश्यम 3' लेकर आ रहे हैं। दर्शकों में इस फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज है।

## अजय देवगन भी कर चुके हैं 'दृश्यम 3' की घोषणा

मोहनलाल की अब तक आईं दोनों ही दृश्यम का हिंदी में भी रीमेक बना है। जिनमें अजय देवगन और तब्बू प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। हिंदी में भी इन दोनों ही फिल्मों को काफी सराहा गया और बॉक्स ऑफिस पर भी इन दोनों ही फिल्मों ने अच्छी कमाई की। अब मोहनलाल की ही तरह अजय देवगन भी 'दृश्यम 3' का एलान कर चुके हैं।

# लाइव परफॉर्मेंस चुनौतीपूर्ण लेकिन मजेदार होती है



प्लेबैक सिंगर जोनिता गांधी हाल ही में रिलीज हुए नए गाने बेपरवाई की सफलता का आनंद ले रही हैं। उन्होंने लाइव ऑडियंस के सामने परफॉर्म करने के अनुभव के बारे में बात की है। जोनिता गांधी ने आईएएनएस को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि लाइव परफॉर्मेंस करते समय उन्हें हमेशा सतर्क रहना पड़ता है, क्योंकि स्टेज पर गाते वक्त एक साथ बहुत सी चीजें होती हैं, जिन पर ध्यान देना पड़ता है।

जोनिता गांधी ने कहा, लाइव गाना गाते वक्त बहुत ध्यान और तैयारी की जरूरत होती है, क्योंकि आपको सिर्फ एक ही मौका मिलता है। स्टेज पर जब आप गाना गाते हैं, तो उसी समय सबकुछ सही करना होता है, इसके लिए कोई दूसरा मौका नहीं मिलता। वहीं, स्टूडियो में गाना रिकॉर्ड करते वक्त आप बार-बार रीटेक ले सकते हैं। अगर कुछ गलती हो जाए या कुछ अच्छा न लगे, तो उसमें सुधार सकते हैं और दोबारा गा सकते हैं। लेकिन, लाइव परफॉर्मेंस में ऐसा नहीं होता, आपको एक ही बार में सबकुछ सही करना होता है और यही बात इस काम को मजेदार और चुनौतीपूर्ण बनाती है।लाइव परफॉर्मेंस में कई तरह की चुनौतियां होती हैं। सिर्फ गाना ही नहीं, कलाकार को और भी कई चीजों का ध्यान रखना पड़ता है। उन्हें खास तरह से दिखना होता है और स्टेज प्रोडक्शन का भी ध्यान रखना पड़ता है। यह सब एक साथ करना मुश्किल होता है। इन सबसे कलाकार कैसे निपटते हैं? इस सवाल के जवाब में जोनिता ने कहा, जब आप लाइव परफॉर्म करते हैं, तो सिर्फ गाना नहीं होता, साथ में बहुत सारी चीजें होती हैं, जैसे लाइटिंग, कोरियोग्राफी, आउटफिट, चेहरे के एक्सप्रेशन, इन सबका ध्यान रखना होता है। जबकि, स्टूडियो में गाते समय, इन चीजों की जरूरत नहीं होती। वहां आप बस गाना गाते हैं या कुछ नया बनाते हैं। लेकिन, स्टेज पर ये सारी चीजें नहीं होती हैं, इन सब चीजों को एक बोझ की तरह नहीं, बल्कि एक मौका मानना चाहिए।



# अनुष्का शर्मा से लेकर भूमि पेडनेकर तक, इन अभिनेत्रियों को यशराज फिल्म ने बनाया स्टार

यशराज फिल्म्स बॉलीवुड के प्रमुख प्रोडक्शन हाउस में से एक है। यशराज की पहचान रोमांटिक फिल्में रही हैं। हालांकि, इस बैनर के तहत कई अलग-अलग जॉनर की भी फिल्में बनी हैं। इस दौरान यशराज ने कई एक्टर-एक्ट्रेस को भी बॉलीवुड में लॉन्च किया है। अब यशराज फिल्म एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। इसमें एक नए एक्टर-एक्ट्रेस की जोड़ी को लॉन्च करने जा रहे हैं। मोहित सूरी द्वारा निर्देशित 'सैयारा' से यशराज फिल्म अहान पांडे और अनीत पड्डा को लॉन्च कर रहे हैं। जानते हैं अनीत पड्डा से पहले यशराज ने किन चुनिंदा एक्ट्रेस को किया लॉन्च, जिन्होंने बाद में बॉलीवुड में बनाई अपनी एक अलग पहचान।

## अनुष्का शर्मा

साल 2008 में आई यशराज की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' में शाहरुख खान के साथ एक नई लड़की नजर आई थी। ये नया चेहरा था अनुष्का शर्मा का। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म से अनुष्का ने बॉलीवुड में कदम रखा था। फिल्म पसंद की गई और अनुष्का की भी काफी चर्चा हुई। बाद में अनुष्का ने कई बेहतरीन फिल्मों से इंडस्ट्री में अपनी एक अलग जगह बनाई है।



## भूमि पेडनेकर

2015 में आई फिल्म 'दम लगा के हइशा' में भूमि पेडनेकर आज की भूमि से बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आई थीं। शरत कटारिया द्वारा निर्देशित इस फिल्म को यशराज फिल्म के तहत ही बनाया गया था। इस फिल्म से भूमि ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। आज भूमि की गिनती इंडस्ट्री की दमदार अभिनेत्रियों में होती है।

## परिणीति चोपड़ा

प्रियंका चोपड़ा की कजिन परिणीति चोपड़ा ने 2011 में आई फिल्म 'लेडीज वर्सेज रिकी बहल' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। इस फिल्म का निर्माण भी आदित्य चोपड़ा ने ही किया है। इसके बाद परिणीति ने यशराज के बैनर की कुछ और भी फिल्मों में काम किया।



## वाणी कपूर

वाणी कपूर भी यशराज फिल्म्स की ही देन हैं। वाणी ने 2013 में आई फिल्म 'शुद्ध देसी रोमांस' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। वाणी कपूर ने इसके बाद यशराज के साथ ही कई और फिल्मों में भी काम किया है। वो यशराज के स्पाई यूनिवर्स का भी हिस्सा रही हैं।

## शमिता शेट्टी

साल 2000 में आई फिल्म 'मोहब्बतें' का निर्माण यशराज फिल्म्स ने किया है और इसका निर्देशन आदित्य चोपड़ा ने किया है। इस फिल्म में शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन और ऐश्वर्या राय के साथ-साथ कई नए एक्टर-एक्ट्रेस भी नजर आए थे। इनमें एक नाम शमिता शेट्टी का भी है। शमिता अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की बहन हैं। शमिता ने 'मोहब्बतें' जैसी मल्टीस्टारर हिट फिल्म से अपनी शुरुआत की थी। हालांकि, इसके बावजूद शमिता का करियर उतना सफल नहीं रहा।

## शरवरी वाघ

फिल्म मुंज्या से सुर्खियों में आईं अभिनेत्री शरवरी वाघ ने 2021 में आई 'बंटी और बबली 2' से अपना डेब्यू किया था। यह 2005 में आई यशराज की 'बंटी और बबली' का सीक्वल थी। फिल्म में सैफ अली खान और रानी मुखर्जी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म कुछ खास सफल नहीं रही थी।






## एनटीपीसी का राजस्थान में सोलर प्लांट शुरू

**दिल्ली।** पब्लिक सेक्टर की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने रविवार को कहा कि राजस्थान की नोख सोलर प्रोजेक्ट के 52 मेगावाट के दूसरे और अंतिम हिस्से से कॉमर्शियल इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई शुरू हो गई है।

## शेयरों का हो रहा बंटवारा

**दिल्ली।** शेयर बाजार में इस हफ्ते 3 कंपनियां एक्स-स्प्लिट ट्रेड करेगी। इन कंपनियों की लिस्ट में लड्डू गोपाल ऑनलाइन सर्विसेज लिमिटेड, पद्म कॉटन यार्न्स लिमिटेड भी है। कंपनी के शेयरों में लोअर सर्किट लगा था। इस गिरावट के बाद कंपनी के शेयरों का भाव 5 प्रतिशत की गिरावट के बाद 493.90 रुपये के लेवल पर चला गया था।

# भारत में यूएई और सऊदी अरब से अचानक आ रहा पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीयों ने वापस अपने वतन में पैसे भेजना बढ़ा दिया है। इसकी वजह है भारतीय रुपये की कीमत में गिरावट। रुपया एईडी (यूएई की मुद्रा) के मुकाबले कमजोर हो गया है। अब एक एईडी की कीमत लगभग 23.5 रुपये हो गई है। यह अप्रैल की शुरुआत के बाद सबसे कम है। गल्फ न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, रुपये की कीमत गिरने से एनआराअइ (अनिवासी भारतीय) अपने घर पैसे भेजने के लिए जल्दी कर रहे हैं।

गुरुवार 19 जून से लेनदेन में तेजी देखी जा रही है। करेंसी एक्सचेंज हाउस के अधिकारियों का कहना है कि एनआरआई अब और गिरावट का इंतजार नहीं कर रहे हैं। जिनके पास भी थोड़े पैसे हैं, वे तुरंत भेज रहे हैं। यूएई के एक एक्सचेंज हाउस के बड़े अधिकारी ने गल्फ न्यूज को बताया,



पिछला गुरुवार ें पैसे भेजने के लिए हाल के हफ्तों में सबसे अच्छा दिन था। उन्होंने यह भी कहा कि रुपया भले ही थोड़ी देर के लिए 23.46 तक मजबूत हुआ था। लेकिन, ज्यादातर एनआरआई ने पैसे भेजना जारी रखा।

**जून में अक्सर घटती है पैसा भेजने की मात्रा-** आमतौर पर जून में पैसे भेजने की मात्रा कम हो जाती है। कारण है कि कई भारतीय लोगों को गर्मी की छुट्टियों में यात्रा और दूसरे खर्च होते हैं। लेकिन, इस बार रुपये की कीमत में गिरावट की वजह से यह पैटर्न बदल गया है। वीकेंड में भी पैसे भेजने की मात्रा स्थिर रही और सोमवार तक मजबूत रहने की उम्मीद है। एक्सचेंज हाउस के अधिकारियों का कहना है कि अगर रुपया कमजोर रहता है या जुलाई में और गिरता है तो पैसे भेजने वालों को फायदा होगा। एक अधिकारी ने कहा, अगर दरें इसी स्तर पर बनी रहती हैं या फिर से गिरती हैं तो यह दोहरा फायदा होगा।

### भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बावजूद आई है तेजी

यह तेजी भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बावजूद आई है। इसमें इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष भी शामिल है। आमतौर पर ऐसी घटनाओं से निवेशक सुरक्षित ठिकाने के तौर पर अमेरिकी डॉलर की ओर रुख करते हैं। लेकिन, इस बार सोने ने वह भूमिका निभाई है। जबकि डॉलर कमजोर बना हुआ है, जिससे रुपये को कुछ सहारा मिल रहा है। सरल शब्दों में कहें तो रुपये की कीमत में गिरावट एनआरआइ के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। वे कम श्रेष्ठ देकर ज्यादा रुपये भारत भेज पा रहे हैं। इसलिए वे इस मौके का फायदा उठा रहे हैं और ज्यादा से ज्यादा पैसे अपने घर भेज रहे हैं। भले ही दुनिया में कुछ तनाव चल रहा है, लेकिन रुपये की कमजोरी ने एनआरआइ को पैसे भेजने के लिए प्रोत्साहित किया है।

## मिडिल ईस्ट में तनाव से भारतीय कंपनियों में हाहाकार, नौकरियों पर संकट! सर्वे में खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में युद्ध के बीच भू-राजनीतिक तनाव ने भारतीय कंपनियों को भी प्रभावित किया है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 63 प्रतिशत कंपनियों ने इस परिस्थितियों में या तो भर्तियां रोकने या अपने कर्मचारियों की संख्या में कमी करने का फैसला किया है। स्टाफिंग समाधान और मानव संसाधन सेवा प्रदाता जीनियस कंसल्टेंट्स की



रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सर्वे में शामिल 63 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों ने कहा कि उनकी कंपनी या तो भर्ती रोक रही है या अपनी टीम का आकार घटा रही है। वहीं 15 प्रतिशत अन्य ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बीच अनुबंध-आधारित या 'फ्रीलांस' भूमिकाओं की ओर स्पष्ट बदलाव देखने को मिल रहा है।

**2,006 कर्मचारियों पर आधारित है सर्वे-** यह रिपोर्ट 12 मई से छह जून के दौरान देशभर के विभिन्न क्षेत्रों के 2,006 कर्मचारियों के बीच एक ऑनलाइन सर्वेक्षण पर आधारित है। रिपोर्ट से पता चलता है कि सर्वे में शामिल 36 प्रतिशत कर्मचारियों ने कहा कि भू-राजनीतिक अस्थिरता के मद्देनजर उनकी वेतनवृद्धि, बोनस या मूल्यांकन प्रभावित हुआ है। वहीं 21 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों ने कहा कि उनपर कार्य का दबाव बढ़ा है, जबकि 22 प्रतिशत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार संपर्क या यात्रा बाधित हुई है। 21 प्रतिशत ने कहा कि टीम का मनोबल और नौकरी का भरोसा कम हो रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 प्रतिशत कर्मचारियों ने स्वीकार किया कि वे बेहद चिंतित हैं और पहले से ही चेतावनी के शुरुआती संकेत देख रहे हैं। वहीं 26 प्रतिशत ने कहा कि वे थोड़े चिंतित हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए कर्मचारी कदम उठा रहे हैं। 55 प्रतिशत कर्मचारियों ने कहा कि वे अपने कौशल को बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं, जबकि 31 प्रतिशत का कहना था कि वे नौकरी के नए अवसरों की तलाश कर रहे हैं।

## प्राइमरी मार्केट में आईपीओ की बारिश, इस हफ्ते खुल रहे है 14 कंपनियों के आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइमरी मार्केट में एक बार फिर से बहार लौट आई है। इस हफ्ते कई दिग्गज कंपनियों के आईपीओ दस्तक देने जा रहे हैं। ऐसे में आईपीओ के जरिए शेयर बाजारों में निवेश करने वाले इंवेस्टर्स के लिए यह एक बड़ा मौका है। आइए एक-एक करके जानते हैं किन कंपनियों का आईपीओ इस हफ्ते खुल रहा है...




**24 जून को खुल रहे हैं 3 बड़े आईपीओ-** मंगलवार, 3 जून को शेयर बाजारों में 3 बड़े कंपनियों का आईपीओ खुल रहा है। मुंबई के रियल एस्टेट कंपनी कलपतरु का आईपीओ खुलेगा। कंपनी 1590 करोड़ रुपये जुटाने का प्रयास कर रही है। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 387 रुपये से 414 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ के जरिए 852.53 करोड़ रुपये जुटाता नजर आएगा। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 380 रुपये से 400 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इन दोनों कंपनियों के अलावा ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स का आईपीओ भी खुल रहा है। कंपनी 119 करोड़ रुपये जुटाने की कोशिश में है।

# म्यूचुअल फंड में झोकमझोंक पैसा, भारतीयों ने चेंज किया ट्रेंड, एक्सपर्ट ने किया आगाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय वित्तीय बाजार में एक बड़ा बदलाव आया है। अनुभवी बैंकर उदय कोटक ने इस पर अपनी राय जाहिर की है। लोग अब बचत के बजाय वित्तीय बाजारों में निवेश कर रहे हैं। कोटक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत का बचतकर्ता अब निवेशक बन रहा है। उन्होंने बताया कि म्यूचुअल फंड में लोगों का पैसा बढ़ रहा है। खासकर इक्विटी में। यह बैंकों में जमा पैसे का 31 प्रतिशत हो गया है। कोटक ने इसे वित्तीय व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव बताया है। इससे देश में निवेश के लिए पूंजी बढ़ रही है। इक्विटी में लोगों की रुचि बढ़ी है। हालांकि, उन्होंने लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है। उदय कोटक ने कहा है, हमें अत्यधिक उत्साह से सावधान रहना चाहिए।

कोटक के विचारों को फ्रैंकलिन टेम्पलटन की एक रिपोर्ट, आरबीआइ औरएएमएफआइ के आंकड़ों से समर्थन मिलता है। आंकड़ों से पता चलता है कि म्यूचुअल फंड में जमा पैसे का अनुपात बैंकों में जमा पैसे के मुकाबले धीरे-धीरे बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2014-15 में यह




13 प्रतिशत था, जो वित्त वर्ष 2016-17 में 16 प्रतिशत हो गया। 2020-21 में यह तेजी से बढ़ा और 21 प्रतिशत तक पहुंच गया। बाद में 2023-24 में यह 26 प्रतिशत और 2024-25 में 29 प्रतिशत हो गया। मई 2025 तक म्यूचुअल फंड में जमा पैसा कुल बैंक जमा का 31 प्रतिशत है।

**लोगों में क्यों आया है ये बदलाव-** जानकारों का कहना है कि यह बदलाव लोगों में जागरूकता बढ़ने, डिजिटल पहुंच बढ़ने और इक्विटी से ज्यादा फायदा मिलने के कारण हो रहा है। यह दिखाता है कि भारतीय परिवार अब अपनी संपत्ति को बाजार में निवेश कर रहे हैं।

भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग ने पिछले दस सालों में रू में 20 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी की है। यह अमेरिका में देखी गई 8 प्रतिशत की ग्रोथ से कहीं ज्यादा है। उद्योग का रू मई 2025 तक 72.2 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले एक साल में ही इसमें 13.3 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

म्यूचुअल फंड विदेशी निवेशकों के कारण होने वाले उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद कर रहे हैं। पिछले एक साल में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 6 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया, जबकि एफपीआइ ने 3.1 लाख करोड़ रुपये निकाले। इससे पता चलता है कि म्यूचुअल फंड विदेशी निवेश में होने वाले उतार-चढ़ाव को संभालने में सक्षम हैं।

म्यूचुअल फंड में निवेशकों की रुचि भारत के बड़े शहरों से आगे बढ़ी है। क्ष15 शहरों का योगदान मार्च 2020 में 25 प्रतिशत था, जो मार्च 2025 तक बढ़कर 35 प्रतिशत हो गया। इसी तरह, क्ष30 शहरों का योगदान दिसंबर 2020 में 16 प्रतिशत था। यह मई 2025 में बढ़कर 18 प्रतिशत हो गया। मई 2025 में निवेशकों की कुल संख्या 5.49 करोड़ तक पहुंच गई। यह इक्विटी से जुड़े उत्पादों में लोगों की रुचि को दर्शाता है।

### तेजी से बढ़ रहे हैं म्यूचुअल फंड नविशक

पिछले एक साल में उद्योग ने 89 लाख नए निवेशकों को जोड़ा है। जबकि पिछले साल यह संख्या 78 लाख थी। पिछले 12 महीनों में सेक्टोरल और थीमैटिक फंड की सबसे ज्यादा बिक्री हुई है। मई 2025 में ज्यादातर इक्विटी श्रेणियों में सकारात्मक निवेश हुआ, जो इक्विटी से जुड़े उत्पादों में निवेशकों की रुचि को दर्शाता है।

उदय कोटक ने इस बदलाव को वित्तीय व्यवस्था में एक संरचनात्मक परिवर्तन बताया है। उन्होंने कहा कि इससे घरेलू जोखिम पूंजी का विस्तार हुआ है। इक्विटी कल्चर का निर्माण हुआ है। हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि हमें अत्यधिक उत्साह से सावधान रहना चाहिए। इसका मतलब है कि हमें सोच-समझकर निवेश करना चाहिए।

म्यूचुअल फंड में निवेश करने के कई फायदे हैं। यह आपको कम पैसे में भी अलग-अलग कंपनियों में निवेश करने का मौका देता है। म्यूचुअल फंड को पेशेवर लोग चलाते हैं, जो बाजार की अच्छी जानकारी रखते हैं। इससे आपके पैसे डूबने का खतरा कम हो जाता है। हालांकि, म्यूचुअल फंड में निवेश करने में कुछ जोखिम भी होते हैं। बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव से आपके निवेश का मूल्य कम हो सकता है। इसलिए, म्यूचुअल फंड में निवेश करने से पहले आपको अपनी वित्तीय स्थिति और जोखिम लेने की क्षमता का आकलन करना चाहिए।

## सरकारी स्कीम से 10 लाख का लोन लेकर शुरू किया काम, अब 220 करोड़ का ब्रांड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनंत तांतेड़ मूल रूप से इंदौर के रहने वाले हैं। वह एक ऐसे उद्यमी हैं जिन्होंने अपनी दूरदर्शिता और कड़ी मेहनत से सफल फैशन ब्रांड खड़ा किया है। उनका परिवार पहले से ही कपड़ा व्यवसाय से जुड़ा था। लेकिन, अनंत ने अपना खुद का रास्ता बनाने का फैसला किया।



करीब 13 साल पहले 23 साल की उम्र में अनंत इस दिशा में बढ़ गए थे। उन्होंने सरकार की एक योजना के तहत 10 लाख रुपये का लोन लिया। इससे उन्होंने बेंगलुरु के कोरमंगला में द इंडियन गैराज कंपनी की शुरुआत की। शुरुआत में उनके साथ केवल चार लोग थे। आज, द इंडियन गैराज कंपनी एक बड़ा ब्रांड बन गया है। इसका टर्नओवर करीब 220 करोड़ रुपये है। बेंगलुरु में उनका 20,000 वर्ग फीट का ऑफिस है। उनकी टीम में 400 कर्मचारी हैं। द इंडियन गैराज कंपनी डिजाइनर-क्वालिटी के कपड़े किफायती दामों पर बेचती है। आइए, यहां अनंत तांतेड़ की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### चुनौतियों का करना पड़ा सामना

भारतीय फैशन बाजार में, खासकर पुरुषों के कपड़ों के सेगमेंट में ब्रांड स्थापित करना कोई आसान काम नहीं था। शुरुआत में टीआईजीसी ने पुरुषों के कैजुअल परिधानों पर फोकस किया। इसमें शर्ट, टी-शर्ट और जीन्स जैसे उत्पाद शामिल थे। इस सेगमेंट में उन्हें बड़े ब्रांडों और पहले से स्थापित प्लेयर्स के साथ प्रतिस्पर्धा करनी पड़ी। इसके लिए मार्केटिंग, क्वालिटी और डिस्ट्रीब्यूशन में लगातार इनोवेशन की जरूरत थी।

### ई-कॉमर्स का उठाया फायदा

अनंत तांतेड़ ने डिजिटल और ई-कॉमर्स की बढ़ती ताकत को पहचाना। उन्होंने अपने उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बेचने पर विशेष ध्यान दिया। इससे उन्हें पूरे भारत में ग्राहकों तक पहुंचने में मदद मिली। यह रणनीति उनके लिए गेम-चेंजर साबित हुई। कारण है कि इसने उन्हें पारंपरिक खुदरा स्टोर की बड़ी लागत से बचाया। साथ ही तेजी से बढ़ने का मौका दिया। समय के साथ द इंडियन गैराज कंपनी ने अपनी प्रोडक्ट रेंज का विस्तार किया। पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं के कपड़ों के सेगमेंट में भी कदम रखा।

## मुकेश अंबानी के राइट हैंड ने 75 करोड़ की सैलरी छोड़ अपनाया साधु जीवन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के करीबी सहयोगी प्रकाश शाह ने साधु जीवन अपना लिया है। सांसारिक जीवन से संन्यास लेने के लिए उन्होंने 75 करोड़ रुपये की सैलरी वाली नौकरी छोड़ दी। वे रिलायंस इंडस्ट्रीज में वाइस प्रेसिडेंट के पद पर थे। प्रकाश शाह को मुकेश अंबानी का राइट हैंड माना जाता था। प्रकाश शाह ने 63 साल की उम्र में उन्होंने रिटायरमेंट लिया था। इसके तुरंत बाद उन्होंने दीक्षा ले ली। प्रकाश शाह और उनकी पत्नी नैना शाह ने महावीर जयंती के अवसर पर दीक्षा ग्रहण की। वह बहुत पहले ही दीक्षा लेना चाहते थे, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे कुछ समय के लिए टाल दिया था। दीक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक व्यक्ति सादा जीवन जाता है। साथ ही वह मोक्ष पाने के लिए अच्छे कर्म करता है।

**आईआईटी से की थी पढ़ाई-** प्रकाश शाह ने केमिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया है। उन्होंने बॉम्बे से पोस्ट ग्रेजुएशन भी किया है। उनकी पत्नी कॉमर्स ग्रेजुएट हैं। उनके दो बेटे हैं। उनके एक बेटे ने कुछ साल पहले दीक्षा ले ली थी। उनके दूसरे बेटे की शादी हो चुकी है और उनका एक बच्चा भी है।

### रिलायंस के कई प्रोजेक्ट संभाले

रिलायंस इंडस्ट्रीज में काम करने के दौरान प्रकाश शाह ने कंपनी के कई बड़े प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक संभाला। उन्होंने जामनगर पेटकोक गैसिफिकेशन प्रोजेक्ट और पेटकोक मार्केटिंग जैसे बड़े प्रोजेक्ट में महत्वपूर्ण योगदान दिया और पूरी जिम्मेदारी उठाई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रिटायर होने का फैसला करते समय शाह 75 करोड़ रुपये का सालाना वेतन पा रहे थे।

### अब कैसा है उनका जीवन

उन्होंने भौतिक सुख-सुविधाओं को त्याग कर आत्मिक शांति और मोक्ष की राह को चुना है। एक साधु के रूप में वह अब नंगे पैर चलते हैं। साधारण सफेद कपड़े पहनते हैं और भिक्षा पर जीवन यापन करते हैं। शाह अब 64 साल के हैं। उनका दीक्षा समारोह पूरी तरह से मुंबई के बोरीवली में आयोजित किया गया था।

# कोका-कोला इंडिया रथ यात्रा 2025 में जोड़ेगा ताज़गी का रंग

**दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजनों में से एकपुरी की रथ यात्रामें इस सालकोका-कोला इंडियापूरे जोश से भाग लेने जा रहा है। 27 जून से 5 जुलाई 2025 तक आयोजित होने वाले इस आयोजन में, कंपनी अपने ताज़ा ड्रिंक्स के साथ मौजूद रहेगी। इससे पहले महाकुंभ में मिली सफलता के बाद, कोका-कोला अब ओडिशा की पावन धरती पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा।

कोका-कोला, थम्स अप, स्प्राइट, फैंटा, माज़ा, लिम्का, लिम्का ग्लूकोचार्ज, चार्ज्ड और किन्ले जैसे लोकप्रिय ब्रांड्स के ज़रिए कंपनी ना सिर्फ अपनी पेय उपलब्धता बढ़ाएगी, बल्कि रंगारंग ब्रांड गतिविधियों और सांस्कृतिक जुड़ाव के ज़रिए उत्सव का अनुभव और भी खास बनाएगी। कंपनी स्थानीय दुकानदारों और विक्रेताओं के साथ मिलकर रोज़गार के अवसर भी सृजित करेगी और सामाजिक एवं पर्यावरणीय प्रभाव को भी बढ़ावा देगी।

इस अवसर पर कोका-कोला इंडिया 'किन्ले' की रथ




यात्रा थीम वाली विशेष पैकेजिंगलॉन्च करेगी, जो ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को सम्मान देती है और इस क्षेत्र की पहचान को दर्शाती है। साथ ही, कंपनी किफायती मूल्यवर्ग में पेय उपलब्ध कराएगी ताकि रथ यात्रा के हर ज़ायरीन तक इन पेयों की पहुंच हो सके।

रथ मार्ग, समुद्र तट, बाज़ार, हाईवे, ट्रांजिट हब और स्थानीय कियोस्क जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों परहाइड्रेशन कार्ट्स, आकर्षकआउट-ऑफ-होम डिस्प्लेऔरकूलर वॉलके ज़रिए उपभोक्ताओं से जुड़ाव बढ़ाया जाएगा। ये हाइड्रेशन कार्ट्स स्थानीय विक्रेताओं और छोटे कारोबारियों को कमाई का साधन भी प्रदान करेंगे।

विनय नायर, वाइस प्रेसिडेंट, फ्रैंचाइज़ी ऑपरेशंस, कोका-कोला इंडिया और साउथवेस्ट एशिया ने कहा,रथ यात्रा ओडिशा का बेहद खास और जनभागीदारी से भरा उत्सव है। हमारा उद्देश्य है कि इस आयोजन के दौरान हर किसी को तरोताज़ा और हाइड्रेटेड रखा जाए। हम रीसाइक्लिंग जैसे अहम विषयों पर जागरूकता बढ़ाने और सामाजिक बदलाव लाने के लिए कई पहलों पर काम कर रहे हैं।

कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन (आनंदना) और हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज (एचसीसीबी)ने पुरी नगर पालिका के साथ मिलकर 'यूज़्ड पीईटी बॉटल-फ्री रथ यात्रा 2025' अभियान की शुरुआत की है।मैदान साफपहल के तहत इस अभियान का लक्ष्य प्लास्टिक कचरे को कम करना और आम जनता को रीसाइक्लिंग के लिए प्रेरित करना है।

## इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट

# 9वें टेस्ट शतक से चूके ब्रूक

### प्रसिद्ध ने 99 पर किया आउट; इंग्लैंड का स्कोर 400 के पार



**लीड्स, एजेंसी।** आज भारत और इंग्लैंड के बीच जारी हेडिंग्ले टेस्ट का तीसरा दिन है। पहली पारी में भारत ने 471 रन बनाए हैं। इंग्लैंड ने तीसरे दिन का खेल 209/3 के स्कोर से शुरू किया है। हैरी ब्रूक अपने नौवें टेस्ट शतक से सिर्फ एक रन से चूक गए। प्रसिद्ध कृष्णा ने उन्हें शार्दुल ठाकुर के हाथों कैच आउट कराया। वह 112 गेंदों में 11 चौके और दो छक्के की मदद से 99 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

# जसप्रीत बुमराह ने रचा इतिहास

## वसीम अकरम का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने पहली पारी में 471 रन बनाए, जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं हुई. जसप्रीत बुमराह ने पहले ही ओवर में जैक क्रॉली (4) को आउट किया. हालांकि इसके बाद इंग्लैंड की पारी संभली, बेन डकेट और ओली पोप ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 122 रनों की साझेदारी की. इसे भी बुमराह ने तोड़ा, उन्होंने डकेट (62) को बोल्ड किया.

जसप्रीत बुमराह ने ही इंग्लैंड की पारी का तीसरा विकेट भी चटकाया, उन्होंने जो रुट (28) को टेस्ट क्रिकेट में 10वीं बार अपना शिकार बनाया. दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने 3 विकेट खोकर 209 रन बना लिए हैं. अभी वे भारत से 262 रन पीछे हैं.

### जसप्रीत बुमराह ने तोड़ा वसीम अकरम का रिकॉर्ड

सेना देशों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाज अब जसप्रीत बुमराह हैं. पहले ये रिकॉर्ड वसीम अकरम के नाम था, जिसे शनिवार को बुमराह ने तोड़ दिया. सेना देशों में साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया देश आते हैं. जसप्रीत बुमराह के सेना देशों में 60 पारियों में 148 विकेट हो गए हैं. वसीम अकरम लिस्ट में पहले से खिसककर दूसरे स्थान पर आ गए, उन्होंने सेना देशों में खेली 55 पारियों में 146 विकेट चटकाए हैं. 141 विकेट के साथ लिस्ट में अनिल कुंबले तीसरे और 130 विकेट के साथ इशांत शर्मा चौथे नंबर पर हैं.

**सेना देशों में जसप्रीत बुमराह के विकेट्स**

- साउथ अफ्रीका के खिलाफ- 38
- इंग्लैंड के खिलाफ- 40
- न्यूजीलैंड के खिलाफ- 6
- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ- 64




### बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, उनका सामना करना बहुत मुश्किल: डकेट

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का मानना है कि जसप्रीत बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं और लाइट चालू होने पर जब वह दोनों तरफ से गेंद को स्विंग कराते हैं तो उनका सामना करना बेहद मुश्किल होता है। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन 48 रन देकर तीन विकेट लिये जिसमें जो रूट का विकेट शामिल है।

भारत के पहली पारी के 471 रनों के जवाब में इंग्लैंड ने दूसरे दिन तीन विकेट पर 209 रन बना लिए थे। तीसरे नंबर पर उतरे ओली पोप नाबाद 100 रन बनाकर किला संभाले हुए थे। डकेट ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा, वह (बुमराह) दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। उनका सामना करना बेहद मुश्किल है, वह किसी भी परिस्थिति में अच्छे हैं और लाइट चालू होने पर दोनों तरफ स्विंग करते हुए आते हैं तो उन्हें खेलना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, 'बिना किसी संकेत के तीन या चार अलग-अलग गेंदें फेंकने की उनकी क्षमता कमाल की है।

आपको तब तक पता नहीं चलता कि वह बाउंसर, या धीमी गेंद, यॉर्कर, बाहर की ओर जाती स्विंगर या इनस्विंगर डाल रहे हैं. जब तक कि गेंद उनके हाथ से न निकल जाए। आपको उनके साथ गेंद को इतनी बारीकी से देखना पड़ता है कि उन्हें समझना बहुत मुश्किल हो जाता है। पोप की शतकीय पारी के बारे में उन्होंने कहा, 'वह (पोप) मैदान पर आते समय बहुत शांत था।

# जो रूट की 28 रन की पारी, तेंदुलकर पर पड़ा भारी

### टूट गया सचिन का महारिकॉर्ड और बन गए नंबर 2



**लीड्स, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच हेडिंग्ले में हो रहा है और इस मैच की पहली पारी में इंग्लैंड के सबसे खतरनाक बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ चल नहीं पाए। पहली पारी में जसप्रीत बुमराह ने उन्हें 28 रन पर आउट किया और वो 10वीं बार टेस्ट क्रिकेट में उनका शिकार बने।

जो रूट ने पहली पारी में भले ही 28 रन बनाए हों, लेकिन इस पारी के दम पर ही सचिन तेंदुलकर के महारिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया और उनकी जगह लेते हुए नंबर 1 बल्लेबाज बन गए। जो रूट ने हालांकि शुरुआत काफी अच्छी की थी, लेकिन जब वो 28 के स्कोर पर थे तब बुमराह की एक गेंद पर वो चकमा खा गए और अपना कैच स्लिप में खड़े करुण नायर को थमा दिया।

**सचिन को पीछे छोड़ नंबर 1 बने ऋषभ पंत-** जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड में भारत के खिलाफ अब तक 1589 रन बनाए हैं और वो अब सचिन तेंदुलकर से आगे निकल गए हैं। सचिन तेंदुलकर इससे पहले भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट मैच में इंग्लैंड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर थे। सचिन ने इंग्लैंड में खेले 17 टेस्ट मैचों में 4 शतक के साथ 1575 रन बनाए थे, लेकिन अब जो रूट 1589 रन बनाकर उनसे आगे निकल गए हैं। यानी इंग्लैंड की धरती पर भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर अब जो रूट बन गए हैं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर भारत के राहुल द्रविड़ हैं जिन्होंने इंग्लैंड में भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में कुल 1376 रन बनाए थे जबकि चौथे नंबर पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिएस्टर कुक हैं जिन्होंने 1196 रन भारत के खिलाफ बनाए थे। इसके अलावा इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर सुनील गावस्कर हैं जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ इंग्लैंड में कुल 1152 रन बनाए थे।

# वैभव सूर्यवंशी को भी छोड़ा पीछे

### भारतीय खिलाड़ी अभिषेक पाठक ने 33 गेंदों में जड़ा शतक, लगाए 15 छक्के

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल में 35 गेंदों में शतक जड़ा था, जो लीग के इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक है. वैभव से भी तेज शतक अभिषेक पाठक ने मध्य प्रदेश लीग में जड़ा, उन्होंने मात्र 33 गेंदों में अपनी सेंचुरी पूरी की. पाठक ने इस विस्फोटक पारी में 90 रन तो सिर्फ छक्कों से ही बना डाले. अभिषेक भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के बड़े फैन भी हैं और उनसे क्या सीखना चाहते हैं, वो भी मैच के बाद बताया. अभिषेक पाठक सूर्यकुमार यादव के फैन हैं, उनकी इस पारी को देखकर सूर्या भी उनकी तारीफ जरूर करेंगे. शनिवार को हुए मुकाबले में बुंदेलखंड बुल्स टीम में शामिल अभिषेक ने करण तहलियानी के साथ पहले विकेट के लिए 178 रनों की साझेदारी की, 13 ओवर खत्म होने पर अभिषेक आउट हुए लेकिन इससे पहले वह गेंदबाजों की अच्छे से धुनाई कर चुके थे.



### 33 गेंदों में जड़ा शतक

अभिषेक पाठक ने 33 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, वह यही नहीं रुके बल्कि इसके बाद भी विस्फोटक पारी जारी रखी. उन्होंने 48 गेंदों में 133 रन बनाए, इस पारी में उन्होंने 15 छक्के और 7 चौके जड़े. यानी सिर्फ 90 रन तो उन्होंने छक्कों से ही बना डाले.

अभिषेक ने दूसरे ही ओवर में 3 छक्के लगाने के बाद चौथे ओवर में रितेश शाक्या की गेंदों पर लगातार 4 छक्के जड़े. जबलपुर रॉयल लायंस के लिए सबसे ज्यादा रन रितेश ने ही दिए, उन्होंने अपने 4 ओवरों के स्पेल में 53 रन खर्चे. अनुभव अग्रवाल ने 3 ओवरों में 43 रन दिए.

### सूर्यकुमार यादव जैसा बनना चाहते हैं अभिषेक पाठक

मैच के बाद अभिषेक ने कहा, मैंने 13 साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया. मैंने 16, 19 और 23 में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया. मैंने सईद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी खेला है, ये सफर शानदार रहा है. पिछले साल भी मैंने एमपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था, मुझे नहीं लगता कि जल्द ही आईपीएल में भी खेल पाऊंगा. मुझे जहां भी खेलने का मौका मिला है, मैं सिर्फ अच्छा प्रदर्शन करने और ज्यादा रन बनाने के बारे में सोचता हूं. मैं सूर्यकुमार यादव जैसी निरंतरता सीखना चाहता हूं, इसी पर मैं काम कर रहा हूं.

## एफआईएच प्रो लीग:

# भारत को बेल्जियम ने 3-6 से हराया


**एंटवर्प, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को एंटवर्प में चल रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में बेल्जियम से 3-6 से हार गई। भारत की तरफ से दिलप्रीत सिंह, मनदीप सिंह और अमित रोहिदास ने गोल दागा। भारतीय टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद दिलप्रीत सिंह के 36वें मिनट और मनदीप सिंह के 38वें मिनट में किए गए गोल से वापसी की थी। वहीं, अमित रोहिदास ने 56वें मिनट में गोल दागकर टीम को मैच में बनाए रखा था। मैच के आखिरी क्षणों में लगे 3 गोल की वजह से टीम इंडिया को 3-6 से हार का सामना करना पड़ा।



बेल्जियम के लिए आर्थर वैन डोरेन ने पहले और 54वें, अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने 28वें, रोमन डुवेकोट ने 49वें, थिब्यू स्टॉकब्रोक्स ने 53वें और टॉम बून ने 59वें मिनट में गोल दागे। मैच के पहले मिनट के 20 सेकंड में बेल्जियम ने दो पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किए। गोलकीपर सूरज करकेरा ने अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स की ड्रैग-फ्लिक को रोक दिया, लेकिन आर्थर वैन डोरेन ने रिबाउंड पर गोल करके मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। बेल्जियम की तेज शुरुआत की वजह से भारत पिछड़ गया। भारत ने मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत करनी शुरू कर दी। अपनी मजबूत तकनीकी क्षमता से उत्साहित, भारत ने दूसरे क्वार्टर में मुकाबले में अपनी जगह बनाई। शानदार स्टिक-वर्क के साथ, बेल्जियम के मैन-टू-मैन डिफेंस पर दबाव बनाया और लगातार दो पेनाल्टी कॉर्नर जीते।

# आंकड़ों के खेल में माहिर है ऋषभ पंत, उसका अपना कम्प्यूटर है :शास्त्री

**लीड्स, एजेंसी।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में ऋषभ पंत के साहसिक और मनोरंजक प्रदर्शन के बाद कहा कि यह आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज आंकड़ों का खेल खूबसूरती से खेलता है और उसके पास अपना कंप्यूटर है जिसे चलाने का तरीका सिर्फ उसे ही पता है। पंत ने दूसरे दिन अपनी अपारंपरिक बल्लेबाजी से हेडिंग्ले के दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए मात्र 178 गेंदों पर 12 चौकों और छह छक्कों की मदद से 134 रन की साहसिक पारी खेली। पैडल स्वीप, शतक के बाद की कलाबाजी, पंत की यादगार पारी में कलात्मकता और पागलपन दोनों ही समान रूप से देखने को मिले। शास्त्री ने कहा, 'पंत आंकड़ों के खेल को खूबसूरती से खेलता है । वह अपने तरीके से खेलता है । वह तेजी से अपने खेल में बदलाव लाने में माहिर है। उसका अपना कम्प्यूटर है और उसे ही पता है कि वह कैसे काम करता है। यह उसका यूएसपी है। इससे गेंदबाज दबाव में आते हैं और वह सुपरहिट हो जाता है। असली मनोरंजन करने वाला और मैच विनर। तीन साल पहले भयानक कार दुर्घटना में बाल-बाल बचे पंत ने मैदान पर सफल वापसी की। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक जमाने के बाद मैदान पर गुलाटी मारने वाले पंत के जश्न के बारे में शास्त्री ने कहा, 'इसका एक कारण है। वह इस मौके के लिए ऊपर वाले को धन्यवाद दे रहा था।



# कनाडा ने भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कनाडा क्रिकेट टीम ने भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेले जाने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार अमेरिका क्वालीफायर के मेजबान ने बहामास के खिलाफ जीत हासिल कर टूर्नामेंट में अपना स्थान सुनिश्चित किया, जो मौजूदा अभियान में उनकी लगातार पांचवीं जीत है। आईसीसी वेबसाइट के अनुसार कलीम सना और शिवम शर्मा ने तीन-तीन विकेट चटकाए, जिससे कनाडा ने बहामास को सिर्फ 57 रन पर ढेर कर दिया। इसके बाद इस छोटे से लक्ष्य को कनाडा के बल्लेबाजों ने सिर्फ 5.3 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल लिया गया। कनाडा के बल्लेबाज दिलप्रीत बाजवा ने 14 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाए। पिछले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले गए टी20 विश्व कप में भाग लेने के बाद कनाडा क्वालीफायर में आगे बढ़ने के लिए पसंदीदा टीमों में से एक के रूप में पहुंचा। निकोलस किर्टन की अगुवाई वाली कनाडाई टीम ने बरमूडा के खिलाफ 110 रनों से बड़ी जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद केमैन आइलैंड्स के खिलाफ 59 रनों से जीत दर्ज की। फिर अगले मैच में बहामास को 10 विकेट से रौंदा। चौथे मैच में केमैन आइलैंड्स के खिलाफ आरामदायक जीत दर्ज की। अब अपने पांचवें मैच में लगातार जीत दर्ज कर टी20 विश्व कप 2026 के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। कनाडा अब उन 10 टीमों की सूची में शामिल हो गया है जो 20 टीमों के इस आयोजन के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी हैं। इसके साथ ही सह-मेजबान भारत और श्रीलंका भी इसमें शामिल हैं। अन्य क्वालीफाई करने वाली टीमों में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान शामिल हैं।




अब सात टीमें विश्वकप के लिए क्वालीफाई करने से बची हैं। इनमें यूरोप क्वालीफायर से दो (5-11 जुलाई तक), अफ्रीका क्वालीफायर से दो (19 सितंबर - 4 अक्टूबर) और एशिया-ईएपी क्वालीफायर से तीन (1-17 अक्टूबर) टीमें पुरुष टी 20 विश्व कप में शामिल होंगी।

# आईपीएल करियर में 0 रन बनाने वाले बल्लेबाज ने 12 छक्कों के साथ ठोके 156 रन

**नई दिल्ली।** आईपीएल में एक भी रन नहीं और अमेरिका में चल रही एमएलसी में जब उतरा तो 12 छक्कों के साथ 156 रन ठोक डाले. हम बात कर रहे हैं 23 साल के ओपनर मिचेल ओवन की, जिन्होंने मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क के खिलाफ ताबड़तोड़ पारी खेली. नतीजा, ये हुआ कि वॉशिंगटन फ्रीडम को वो बेहतरीन शुरुआत मिली, जिसके दम पर आगे बढ़ते हुए उस टीम ने एमएलसी 2025 में अपनी जीत की हैट्रिक पूरी की. मतलब उसने लगातार तीसरी जीत की पटकथा लिखी.

वॉशिंगटन फ्रीडम तीसरा मैच मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क के खिलाफ 2 विकेट से जीता. मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 188 रन बनाए थे. जवाब में वाशिंगटन फ्रीडम की टीम ने 189 रन के लक्ष्य को 4 गेंद पहले ही 8 विकेट खोकर हासिल कर लिया. इस तरह उसने एमएलसी 2025 में अब तक खेले 4 मैचों में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की. मतलब, वाशिंगटन फ्रीडम ने अपना सिर्फ पहला मैच ही गंवाया है.



### एमएलसी 2025 में 12 छक्के के साथ ठोके 156 रन

मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क के खिलाफ वाशिंगटन फ्रीडम की जीत में मिचेल ओवन की अहम भूमिका रही. इस मैच में उन्होंने 230.76 की स्ट्राइक रेट से 26 गेंदों में 60 रन ठोके, जिसमें 5 चौके और 5 छक्के शामिल रहे. इसी के साथ अब तक खेले 4 मैचों में मिचेल ओवन ने कुल 156 रन एमएलसी 2025 में बनाए हैं, जिसमें 12 छक्के शामिल रहे हैं.

### आईपीएल करियर में अभी तक जीरो रन

मिचेल ओवन वही खिलाड़ी हैं, जिन्हें आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स ने ग्लेन मैक्सवेल के रिप्लेसमेंट के तौर पर जोड़ा था. पंजाब ने 3 करोड़ रुपये में ये डील की थी. हालांकि, मिचेल ओवन के आईपीएल करियर की शुरुआत वैसी नहीं हुई जैसी होनी चाहिए थी. उन्होंने आईपीएल में डेब्यू तो किया मगर उस मैच में वो खाता नहीं खोल पाए. मिचेल ओवन को बिना कोई रन बनाए ही डगआउट लौटना पड़ा. हालांकि, उस एक इनिंग ही आईपीएल 2025 में उनकी आखिरी इनिंग भी बनी. लेकिन, एमएलसी 2025 में मिचेल ओवन ने आईपीएल 2025 जैसा प्रदर्शन नहीं किया. बल्कि पारी की शुरुआत करते हुए अपनी टीम के लिए बेजोड़ बुनियाद रख रहे हैं. यही वजह है कि वाशिंगटन फ्रीडम की तीसरी जीत में उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया.

# डब्ल्यूडब्ल्यूई में इस खूंखार रेसलर ने पूरे किए एक साल, यूएस चैंपियनशिप पर कर रहा राज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जैकब फातू डब्ल्यूडब्ल्यूई यूनाइटेड स्टेट्स चैंपियन बनने के बाद से ही छाए हुए हैं। उन्हें फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। स्मैकडाउन में सोलो सिकोआ से भिड़ने के बाद अब वे अकेले ही मुकाबला कर रहे हैं। उन्होंने डब्ल्यूडब्ल्यूई में एक साल पूरा कर लिया है। 21 जून 2024 को उन्होंने डब्ल्यूडब्ल्यूई में एंट्री की थी। शुरुआत में उन्होंने सोलो सिकोआ और ब्लडलाइन के साथ मिलकर रोमन रेंस और ओजी ब्लडलाइन को खूब परेशान किया। फातू ने स्मैकडाउन में खूब नाम कमाया है। मनी इन द बैंक 2025 में उन्होंने सोलो सिकोआ पर हमला कर दिया था। अब वे 2025 नाइट ऑफ चैंपियंस में अपने डब्ल्यूडब्ल्यूई टाइटल को बचाने के लिए उतरेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### पाक से आए हथियार, ऐक्टिवेट हो गया स्लीपर सेल; पंजाब में बड़ी साजिश नाकाम

**जालंधर, एजेंसी।** पंजाब पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने ब्रिटेन में रहने वाले धरम सिंह उर्फ धर्मा संधू द्वारा संचालित पाकिस्तान समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी मॉड्यूल (टोली) को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने मॉड्यूल के एक स्थानीय कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से छह विदेशी पिस्तौल बरामद की हैं। डीजीपी ने बताया कि आरोपी की पहचान अमृतसर जिले के जलालुसमा गांव निवासी ओंकार सिंह उर्फ नवाब के रूप में हुई है तथा उसके पास से चार नौ एमएम ग्लॉक पिस्तौल और दो .30 बोर पिस्तौल समेत कई हथियार जब्त किए गए हैं जो ड्रोन के जरिए सीमापार से भेजे गए थे। यादव का कहना है कि आतंकी मॉड्यूल धरम सिंह चला रहा था जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा का करीबी है। मॉड्यूल के व्यापक नेटवर्क का पता लगाने के लिए मामले की जांच जारी है। इस अभियान का विवरण साझा करते हुए अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि सटीक खुफिया जानकारी और समन्वय के बाद गिरफ्तारी की गई। यादव ने कहा, 'पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि ड्रोन के जरिए पहुंचाए गए हथियार विध्वंसकारी गतिविधियों के लिए थे।' पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ओंकार सिंह राज्य को अस्थिर करने के लिए विदेशी संचालकों द्वारा सक्रिय किए गए 'स्लीपर सेल' का हिस्सा था। भुल्लर ने कहा, 'हथियार स्थानीय गुर्गों के बीच वितरित किए जाने थे, ताकि पंजाब में लक्षित हत्याओं और आतंकी गतिविधियों को अंजाम दिया जा सके। हम पूरे नेटवर्क और इसकी अंतरराष्ट्रीय कड़ियों का पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं।'

### राजस्थान पुलिस का लॉरेंस के लिए काम करने वाले पर शिकंजा; प्रवीण कमांडो को दबोचा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई के लिए काम करने वाले एक बदमाश को दबोचा है। राजस्थान पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा- राजस्थान में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने कुख्यात बदमाश प्रवीण सिंह जोड़ी उर्फ प्रवीण कमांडो (43) को गिरफ्तार कर लिया। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एजीटीएफ) दिनेश एमएन ने शनिवार को बताया कि पुलिस के लिए सिरदर्द बना यह 25 हजार रुपये का इनामी अपराधी कई संगीन मामलों में वॉन्टेड था, जिसमें हाल ही में चूरू के एक होटल में जान से मारने की नीयत से की गई गोलीबारी का मामला भी शामिल है। बदमाश को चूरू बायपास पर पकड़ा गया। आरोपी को चूरू के कोतवाली थाना पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस टीम उससे गहनता से पूछताछ कर रही है। गैंगस्टर प्रवीण सिंह जोड़ी चुरु जिले के भालेरी का रहने वाला है। वह कभी पुलिस विभाग में कांस्टेबल हुआ करता था। साल 2001 में यह जिला झालावाड़ में कांस्टेबल के पद पर भर्ती हुआ था। हालांकि, उसका पुलिस करियर छोटा रहा।

### यौन उत्पीड़न पीड़िता को अनचाहे गर्भ के लिए नहीं किया जा सकता मजबूर, हाई कोर्ट का फैसला

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि यौन उत्पीड़न की शिकार किसी लड़की को उसके अनचाहे गर्भ को जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। इस टिप्पणी के साथ न्यायालय ने मेडिकल एक्सपर्ट्स की रिपोर्ट के बावजूद 28 सप्ताह की गर्भवती 12 वर्षीय लड़की को गर्भपात की इजाजत दे दी। कोर्ट ने कहा कि अगर पीड़िता को उसकी इच्छा के विरुद्ध बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर किया जाता है तो अदालत उसे अपने जीवन का मार्ग तय करने के अधिकार से वंचित कर देगी। जांच के बाद एक मेडिकल बोर्ड ने राय दी थी कि लड़की की उम्र और भ्रूण के विकास के चरण को देखते हुए, गर्भपात की प्रक्रिया अत्यधिक जोखिम भरी होगी। जस्टिस नितिन साम्ब्रे और जस्टिस सचिन देशमुख की पीठ ने 17 जून के अपने आदेश में कहा कि गर्भपात की अनुमति देनी होगी।

# विधायक ने आवास आवंटन में रिश्वतखोरी के दावे को सही बताया, शिवकुमार ने निंदा की




**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक बी आर पाटिल ने शनिवार को कहा कि आवास के आवंटन में रिश्वतखोरी के बारे में उनके दावे सही हैं। वहीं, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने विधायक के बयान की निंदा की और स्पष्ट किया कि ऐसी बातें स्वीकार नहीं की जा सकतीं। कर्नाटक राज्य नीति एवं योजना आयोग के उपाध्यक्ष पाटिल ने आवास मंत्री जमीर अहमद खान के निजी सचिव सरफराज खान के साथ फोन पर बातचीत में मकानों के आवंटन में रिश्वतखोरी का आरोप लगाया था, जिससे राज्य में उनकी अपनी पार्टी की सरकार के लिए असहज स्थिति पैदा हो गई। बातचीत का यह ऑडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं किसी भी कारण से इसे स्वीकार नहीं करता। मुझे समझ में नहीं आया कि उन्होंने (पाटिल ने) क्या कहा है। मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में आ गया है। वह आवश्यक कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा, जब आवास आवंटन पारदर्शी तरीके से हो रहा है, तो कोई भी लाभार्थी पैसे कैसे दे सकता है निर्णय कौन लेता है यह जिम्मेदारी पंचायतों और स्थानीय निकाय के पास है। धन का यह मामला सरकार के मंत्री के पास कैसे आएगा उन्होंने (पाटिल) किस इरादे से कहा है यह ठीक नहीं है...मैं इसकी निंदा करता हूं। मुख्यमंत्री और मैं उनसे बात करेंगे। इस बीच, पत्रकारों से बातचीत में अलंद से कांग्रेस विधायक पाटिल ने कहा कि ऑडियो में उनकी आवाज है और उन्होंने सच कहा है। उन्होंने कहा, यह (ऑडियो में) मेरी आवाज है। मुझे जो कहना था, कह दिया है। मुझे नहीं पता कि मुख्यमंत्री क्या करेंगे। अगर वह मुझे बुलाते हैं तो मैं जाकर उनसे बात करूंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या मौजूदा सरकार में भ्रष्टाचार हुआ है, उन्होंने कहा, सभी सरकारों के दौरान यह (भ्रष्टाचार) हुआ है, लेकिन हम (कांग्रेस) जनहितैषी प्रशासन का वादा करके सत्ता में आए थे और ऐसी चीजें नहीं होनी चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या पैसा देकर आवास आवंटित किए गए, विधायक ने कहा कि सभी मामलों में नहीं, लेकिन पांच-छह पंचायतों में पैसा देकर मकान आवंटित किए गए। उन्होंने कहा, मैंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में मकानों के आवंटन के लिए चार पत्र दिए थे, लेकिन कुछ नहीं हुआ, लेकिन पंचायत अध्यक्षों ने यह काम करवा दिया। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को अपना नेता बताते हुए पाटिल ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री बुलाएंगे तो वह उनसे जाकर बात करेंगे।

# अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण 31 अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा



**अयोध्या, एजेंसी।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण 31 अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा, जबकि मंदिर का 70 एकड़ का परिसर अगले साल 1 जनवरी तक अपने हरित अवतार में तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर का भूनिर्माण कार्य, जिसे जीएमआर द्वारा शुरू किया जाएगा, नवंबर के पहले सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद है। इस बात पर जोर देते हुए कि सार्वजनिक दर्शन में बाधा नहीं आनी चाहिए, राय ने मंदिर परिसर की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण लंबित कार्यों पर प्रकाश डाला।

लंबित कार्यों में चारदीवारी का निर्माण शामिल है, जो अभी तक शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम, शौचालय और ट्रस्ट कार्यालय के निर्माण के साथ-साथ इन कार्यों को पूरा होने में एक और साल लग सकता है। लार्सन एंड टुब्रो निर्माण टीम के परियोजना निदेशक विनोद मेहता ने कहा कि मंदिर के पूरा होने से संबंधित सभी मील के पत्थर 31 अक्टूबर तक हासिल किए जा रहे हैं। राम मंदिर का निर्माण 2019 में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद टाइटल सूट पर सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद शुरू हुआ। हिंदू पक्षकारों ने तर्क दिया कि बाबरी मस्जिद का निर्माण भगवान राम के जन्मस्थान को चिह्नित करने वाले मंदिर के स्थल पर किया गया था।

अधिकारियों का अनुमान है कि राम मंदिर परियोजना के लिए भूनिर्माण कार्य पूरा होने में 6-8 सप्ताह लगेंगे। एक अधिकारी ने कहा कि नवीनतम तकनीक की मदद से, भूमि भराई और भूनिर्माण कार्य में बहुत अधिक समय नहीं लगेगा। और मंदिर में आने वाले लोग बगीचों और हरियाली में अपना समय बिता सकेंगे। मंदिर ट्रस्ट बाद में यह तय करेगा कि भक्तों के लिए कौन से क्षेत्र खोले जाएंगे। ट्रस्ट के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार, चरणबद्ध तरीके से राम मंदिर परिसर में 20 से अधिक विभिन्न तत्वों और रुचि के बिंदुओं को विकसित किया जा रहा है।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा में भी 2 लाख पुरानी गाड़ियों को 1 नवंबर से नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** गौतमबुद्धनगर जिले के पेट्रोल पंपों पर 1 नवंबर से दो लाख से अधिक गाड़ियों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा। ये वाहन अपनी समय सीमा पूरी कर चुके हैं। परिवहन विभाग ने इनका रजिस्ट्रेशन सस्पेंड कर दिया है। करीब 40 हजार वाहनों का रजिस्ट्रेशन निरस्त हो चुका है।

परिवहन विभाग के अनुसार, जिले में 208856 वाहन समय सीमा पूरी कर चुके हैं। दिल्ली-एनसीआर में एनजीटी का आदेश लागू होने के कारण इन गाड़ियों के दौड़ने पर पाबंदी है। इनमें से 13417 वाहनों को दिल्ली-एनसीआर से बाहर दूसरे जिले में ले जाने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी किया जा चुका है। वहीं, कबाड़ किए गए वाहनों की संख्या 17239 है। दिल्ली-एनसीआर से बाहर यूपी के 33 ऐसे जिले हैं, जिनमें पुराने वाहन चल सकते हैं। इनमें इटावा, संत कबीर नगर, कुशीनगर, जौनपुर, कन्नौज, बलिया, मैनपुरी, प्रतापगढ़, लखीमपुर, बदायूं, गाजीपुर, अमेठी समेत अन्य जिले शामिल हैं। पुराने वाहनों को लोग परिवहन विभाग से एनओसी लेकर इन जिलों में ले जा सकते हैं। यदि ये यहां दौड़ते मिलते हैं तो जब्त कर लिए जाएंगे।

लोग पुराने वाहन को दूसरे जिले में ले जाने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) ले सकते हैं। इसके लिए परिवहन विभाग की वेबसाइट पर आवेदन करना होगा। विभाग के अनुसार, सभी दस्तावेजों की जांच के बाद सात दिन में एनओसी जारी कर दी जाएगी। एनओसी के लिए फीस नहीं लगती है।

पेट्रोल पंपों पर आने वाले पुराने वाहनों को जब्त करने के लिए ट्रैफिक पुलिस की टीमें बनाई जाएंगी। डीसीपी ट्रैफिक लखन यादव ने बताया कि वैसे अभी इस मामले में आयोग की तरफ से कोई पत्र नहीं आया और न ही कोई बैठक हुई है। अपने स्तर से ट्रैफिक पुलिस पहले से ही पुराने वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई करती है। अब टीमें बनाकर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी ने बताया कि वर्ष 2024 में 10 साल पुराने डीजल के 93 और 15 साल पुराने पेट्रोल के 272 वाहन जब्त किए गए थे।

### झगड़े के बीच पत्नी ने की आत्महत्या, मौत के बाद पति ने भी जहर खाकर दी जान

**कन्नौज, एजेंसी।** यूपी के कन्नौज में पति और पत्नी ने आत्महत्या कर ली। पहले पत्नी ने जहर खाया। पत्नी की मौत के बाद पति ने भी जहर खाकर जान दे दी। अंबेडकर नगर मोहल्ले में मामूली विवाद के चलते शनिवार को पहले पत्नी और फिर पति ने जहर खाकर जान दे दी। आए दिन दोनों में किसी न किसी बात को लेकर कहासुनी होती थी। पांच साल पहले दोनों ने प्रेम विवाह किया था। दोनों के बच्चे नहीं हैं। परिवार का कहना है कि दोनों के बीच किस बात को लेकर विवाद हुआ इसकी जानकारी नहीं है।

जानकारी के अनुसार अंबेडकर नगर निवासी 33 वर्षीय अरविंद कुमार कंप्यूटर की दुकान किए था। कई दिनों से उसका पत्नी शिवानी से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार दोपहर भी दोनों आपस में झगड़ रहे थे। गुस्से में आकर शिवानी ने घर पर रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ी तो अरविंद उसे लेकर तिर्वा मेडिकल कॉलेज पहुंचा।

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने को लेकर सख्त हुए फारुख अब्दुल्ला



**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा बहाल करने को लेकर अब नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारुख अब्दुल्ला की हिम्मत जवाब देने लगी है। शनिवार को उन्होंने केंद्र सरकार को संकेत देते हुए कहा कि अगर राज्य का दर्जा बहाल करने में इसी तरह से देरी होती रही तो उनकी पार्टी के पास सुप्रीम कोर्ट जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। इससे पहले फारुख अब्दुल्ला के बेटे और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस सवाल पर कहा था कि उन्हें पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर भरोसा है वह जल्दी ही राज्य का दर्जा बहाल करेंगे। मीडिया से बात करते हुए फारुख अब्दुल्ला ने कहा, जम्मू-कश्मीर की सरकार को बने हुए आठ महीने हो गए हैं। मुझे उम्मीद है कि जब यहां राज्य का दर्जा बहाल होगा तो हमें अधिकार भी मिलेंगे.. हमारा रुख यह है कि हम राज्य का दर्जा मिलने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन अगर इसमें इसी तरह से देरी होती रही तो हमारे पास सुप्रीम कोर्ट जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।

जम्मू-कश्मीर की सत्ताधारी नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब उनकी पार्टी लगातार केंद्र के ऊपर राज्य का दर्जा बहाल करने का दबाव बना रही है। आपको बता दें कि केंद्र सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को रद्द कर दिया था और इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों के रूप में तोड़ दिया था। जिसमें एक हिस्सा जम्मू-कश्मीर है, तो वहीं दूसरा हिस्सा लद्दाख है।

शनिवार को एनसी के मुख्यालय पर हुए उनकी कार्यसमिति की बैठक में सभी सदस्यों ने एक जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे की बहाली के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। समिति के लोगों ने कहा कि विशेष दर्जा राज्य के लोगों की आकांक्षाओं और सम्मान का केंद्र है और इसे बिना किसी देरी के संबोधित किया जाना चाहिए। हम इसकी बहाली के लिए संघर्ष करना जारी रखेंगे। पार्टी ने संसद और सुप्रीम कोर्ट दोनों में की गई प्रतिबद्धताओं की ओर इशारा करते हुए पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के अपने आह्वान को भी दोहराया। एनसी ने कहा, कार्यसमिति ने भारत सरकार से जम्मू-कश्मीर को तुरंत पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया, जैसा कि संसद में वादा किया गया था, बार-बार सार्वजनिक रूप से भी दोहराया गया था, और सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ के समक्ष भी प्रतिबद्धता जताई थी।

# अजरबैजान में 7 जर्नलिस्ट को जेल, विदेशी करेंसी की तस्करी का आरोप

## मीडिया संगठनों ने अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला बताया



**बाकू, एजेंसी।** अजरबैजान की एक अदालत ने रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी के पत्रकार फरीद मेहरालिजादा और छह दूसरे पत्रकारों को अलग-अलग आरोपों में दोषी ठहराते हुए 7 से 9 साल तक जेल की सजा सुनाई। मेहरालिजादा और अब्जास मीडिया के डायरेक्टर उल्वी हसनली, मुख्य संपादक सेविंज अब्बासोवा और पत्रकार हाफिज बबाली को 9 साल की सजा मिली। वहीं, पत्रकार नरगिज अब्सलामोवा और एलनारा गासिमोवा को 8 साल, जबकि मोहम्मद केकेलोव को 7 साल की सजा सुनाई गई। दरअसल, नवंबर 2023 में अब्जास मीडिया के छह पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों ने उन पर विदेशी करेंसी की तस्करी का आरोप लगाया। मेहरालिजादा को मई 2024 में इसी मामले में गिरफ्तार किया गया। बाद में उन पर टैक्स चोरी और दस्तावेज जालसाजी जैसे आरोप लगाए गए। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने उनकी रिहाई की मांग की है। रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने इस सजा को अन्यायपूर्ण और झूठे आरोपों पर आधारित मुकदमा करार दिया। संगठन की संपादकीय निदेशक ऐनी बोकांदे ने कहा- अजरबैजान की सरकार पत्रकारों को जेल में डाल सकती है, लेकिन सच्चाई को नहीं रोक सकती। अजरबैजान में इस साल की शुरुआत में वॉयस ऑफ अमेरिका और ब्लूमबर्ग के प्रेस पास रद्द किए गए और बीबीसी का ऑफिस बंद कर दिया गया। एमनेस्टी इंटरनेशनल की जनवरी 2025 की रिपोर्ट में कहा गया कि अजरबैजान की सरकार राजनीति से प्रेरित गिरफ्तारियों के जरिए स्वतंत्र मीडिया को चुप कर रही है और ये कदम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला हैं।


### फिलिस्तीन समर्थकों ने ब्रिटेन में जमकर मचाया उत्पात, सैन्य अड्डों पर खड़े विमानों को किया डैमेज

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में फिलिस्तीन समर्थकों ने शुक्रवार (20 जून, 2025) को सेंट्रल इंग्लैंड के रॉयल एयर फोर्स बेस में घुसकर दो विमानों को क्षतिग्रस्त कर दिया और उनके ऊपर लाल रंग छिड़क दिया। फिलिस्तीन एक्शन नाम के कैंपेन ग्रुप का कहना है कि उसके दो एक्टिविस्ट ऑक्सफोर्डशायर में ब्रिज नॉर्टन बेस में घुस गए थे। उन्होंने वायेजर विमान के इंजनों पर पेंट छिड़क दिया और बहुत नुकसान पहुंचाया।

इस ग्रुप ने घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए कहा, इजरायली सरकार की सार्वजनिक रूप से निंदा करने के बावजूद ब्रिटेन मिलिट्री कार्गो को भेजना, गाजा के ऊपर जासूसी विमान उड़ाना और अमेरिकी/ इजरायली फाइटर प्लेन को ईंधन भरना जारी रखे हुए है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने इस घटना की निंदा की और कहा कि वह जांच के लिए पुलिस के साथ काम कर रहा है।

बयान में कहा गया, हमारी आर्म्ड फोर्स सबसे बेस्ट है। वो हमारे लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं और उनका कर्तव्य, समर्पण और निस्वार्थ व्यक्तिगत बलिदान का प्रदर्शन हम सभी के लिए प्रेरणा है। ये हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन लोगों का समर्थन करें जो हमारी रक्षा करते हैं। वहीं, पुलिस का कहना है कि वो इस बात की जांच कर रही है कि ये लोग एयरबेस तक कैसे पहुंचे और क्रिमिनल डैमेज का क्या कारण रहा? फिलिस्तीन एक्शन उन ग्रुपों में से एक है जो गाजा संघर्ष की शुरुआत से ही लगातार ब्रिटेन में डिफेंस फर्मों और इजरायल से जुड़ी अन्य कंपनियों को निशाना बनाते रहे हैं। इस ग्रुप का कहना है कि उसने ही रनवे पर पेंट फेंका था और वहां पर फिलिस्तीन का झंडा भी छोड़ दिया था।

# पाकिस्तान में क्रिप्टो बिजनेस की कमान संभालेंगे आर्मी चीफ मुनीर




**इस्लामाबाद/वॉशिंगटन, एजेंसी।** पाकिस्तान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कुनबे का क्रिप्टो कारोबार अब आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर संभालेंगे। वाइट हाउस में हाल में ट्रम्प द्वारा मुनीर को डिनर डिप्लोमेसी के तहत न्योते में क्रिप्टो डील को फाइनल करना था। पाक सरकार ने ट्रम्प परिवार के दबदबे वाली वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल से करार किया है। पाक सरकार ने क्रिप्टो बिजनेस के अनुकूल नीतियों में बदलाव भी शुरू कर दिए हैं। पाकिस्तान के 17,000 करोड़ रुपए के क्रिप्टो बिजनेस का ट्रम्प परिवार के दबदबे वाली वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल से करार किया है।

सूत्रों के अनुसार ट्रम्प परिवार अगले दो साल में पाक में क्रिप्टो बिजनेस को दोगुना कर 34 हजार करोड़ रुपए करने की तैयारी में है। मुनीर पाक में क्रिप्टो बिजनेस को अपने हाथ में लेंगे। इसे ऑपरेशन सिंदूर के बाद मुनीर द्वारा सीजफायर करने का ट्रम्प की ओर से इनाम समझा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार ट्रम्प-मुनीर में डील कराने में पाक मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन साजिद तरार अहम किरदार हैं। रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े तरार फाइनेंस व रियल एस्टेट फर्म मैक्सिमस इन्वेस्टमेंट ग्रुप चलाते हैं। मुनीर को डिनर का न्योता दिलाने में भी तरार का मुख्य रोल रहा।

पाकिस्तानी आर्मी के कई बिजनेस भी चलते हैं। अनुमान है कि पाक आर्मी का लगभग सवा दो लाख करोड़ रुपए का बिजनेस है। फौजी फाउंडेशन (एफडी), आर्मी वेलफेयर ट्रस्ट (एडब्ल्यूटी) और डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी (डीएचए) जैसे संगठन ये बिजनेस चलाते हैं। ये संगठन उर्वरक, सीमेंट, ऊर्जा, रियल एस्टेट और अन्य क्षेत्रों में व्यापार करते हैं। आर्मी चीफ मुनीर इस आर्मी के बिजनेस की आय के कुछ हिस्सा क्रिप्टो करेंसी में भी लगा सकते हैं। पाकिस्तान आतंकी फंडिंग के कारण एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) संस्था की वॉचलिस्ट में है। जानकारों का मानना है कि पाक क्रिप्टो करेंसी में आतंकी फंडिंग कर एफएटीएफ के निगरानी तंत्र को गच्चा दे सकता है। क्रिप्टो करेंसी में शामिल ब्लॉकचेन की जटिलता लेनदेन को ट्रैक करना मुश्किल बनाती है। इसका फायदा उठाकर अवैध आतंकी फंडिंग छिपाई जा सकती है।

पाक को द. एशिया की क्रिप्टो कैपिटल बनाने का प्लान ट्रम्प का प्लान है कि पाकिस्तान को दक्षिण एशिया की क्रिप्टो कैपिटल बनाया जाए। चेन एनालिसिस रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लोबल क्रिप्टो एडॉप्शन में पाकिस्तान 9वें नंबर पर है। यहां पिछले तीन साल में क्रिप्टो बिजनेस दोगुना हो गया है। करीब 24.5 करोड़ की आबादी में से लगभग 2.75 करोड़ लोग क्रिप्टो यूजर हैं-जो दक्षिण एशिया में सबसे ज्यादा है। इसकी बड़ी वजह वहां की ब्लैक इकोनॉमी मानी जा रही है। पाक जीडीपी में 46वें, प्रति व्यक्ति आय में 155वां नंबर पर है। पीएम शहबाज के क्रिप्टो पर सलाहकार बिलाल ने वेगास कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस की मौजूदगी में कहा, पाक क्रिप्टो करेंसी वॉलेट और बिटकॉइन माइनिंग का प्लान बना चुका है। इसे जल्द लागू कर दिया जाएगा। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान और सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड को भी क्रिप्टो को लेकर नए कानून बनाने के लिए गाइडलाइंस बनाने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि सरकार ने बिटकॉइन माइनिंग फर्म और एआई डेटा सेंटर के लिए दो हजार मेगावॉट की अतिरिक्त पावर सप्लाई की मंजूरी दी है। क्रिप्टो करेंसी के कारोबार से अमेरिका और पाकिस्तान के राजनीतिक परिवारों को बड़ा फायदा मिल सकता है। पाकिस्तान ने इसके लिए वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल (डब्ल्यूएलएफ) से करार किया है, जिसमें ट्रम्प परिवार की 60प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी है। ट्रम्प के सलाहकार जाकरी विटकॉफ के बेटे स्टीव, जो डब्ल्यूएलएफ से जुड़े हैं, हाल ही में इस्लामाबाद में मुनीर और पीएम शहबाज शरीफ से मिले थे। ट्रम्प के दूसरे नंबर के बेटे हैं, डब्ल्यूएलएफ में 15प्रतिशत हिस्सेदारी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHI/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129